वर्ष-31, अंक- 224, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
01 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




**एक नजर**

## नक्सली विचाराधीन कैदी ने जेल में की खुदकुशी

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद एक नक्सली विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली है। वार्ड 'डी' में उसका शव शनिवार सुबह फंदे पर लटका मिला। मृत कैदी की पहचान दुमका के काठीकुंड थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बंदी को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था। जेल प्रशासन के अनुसार, सुबह गिनती के दौरान बंदी अपने स्थान पर नहीं मिला। तलाशी लेने पर वार्ड 'डी' में फंदे पर लटका उसका शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही जेल के चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जेल प्रशासन ने घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभागों को दे दी है। साथ ही, मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। बताया जाता है कि वे हजारीबाग के लिए रवाना हो गए हैं।

## हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का निधन



**रांची।** राज्य की प्रसिद्ध हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। गुरुवार को उन्हें पैरालिसिस का अटैक आया था। इसके बाद उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल लाया गया था, जहां उन्हें आईसीयू भर्ती किया गया। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। प्रतिमा बरवा के भाई दिवाकर बरवा ने बताया कि प्रतिमा के शव को खूंटी ले जाया जाएगा। हॉकी कोच प्रतिमा बरवा के निधन की खबर से झारखंड के खेल जगत में शोक की लहर फैल गई है। वह खेल विभाग द्वारा संचालित खूंटी स्थित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख कोच के रूप में प्रतिनियुक्त थीं। प्रतिमा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम की वर्तमान कप्तान सलीमा टेटे जैसी खिलाड़ी उभर कर सामने आई हैं। कोच प्रतिमा बरवा न सिर्फ एक कुशल प्रशिक्षक रहीं, बल्कि झारखंड महिला हॉकी की रीढ़ मानी जाती थीं। वे पूर्व में सिमडेगा के आवासीय बालिका हॉकी सेंटर में भी कोच रहीं, जहां उन्होंने देश को कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियां दीं। उनके मार्गदर्शन में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित सलीमा टेटे सहित संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा और सुषमा कुमारी जैसी प्रतिभाएं निकलीं। इन सभी हॉकी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और भारत का नाम रोशन किया है।

# युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर पुलिस सतर्क डीआईजी ने तीनों एसपी को दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के नगर क्षेत्रों में बढ़ते नशे के खतरे और युवाओं के अपराध की ओर बढ़ते कदम को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी), पलामू क्षेत्र नौशाद आलम ने पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश जारी किए हैं।

डीआईजी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, प्राप्त सूचनाओं से यह स्पष्ट हुआ है कि युवा पीढ़ी नशीले पदार्थों के जाल में फंस रही है और नशे के प्रभाव में आकर कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। नगर क्षेत्र इस प्रवृत्ति से विशेष रूप से प्रभावित हैं। डीआईजी ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि अपराध नियंत्रण और युवाओं को नशे से बचाने के लिए नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल मुख्य सरगनाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध ठोस कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है।

डीआईजी ने निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों में इस गोरखधंधे में संलिप्त मुख्य सरगनाओं की सूची अविलंब तैयार की जाए और सख्त कानूनी कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट शीघ्र भेजी जाए।

इस निर्देश को "अत्यावश्यक" मानते हुए सभी एसपी को कार्रवाई में तत्परता दिखाने को कहा गया है।

नगर क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से नशीले पदार्थों की बिक्री और उपयोग में वृद्धि देखी जा रही है। इससे जुड़ी अपराध की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिसने पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

डीआईजी का यह निर्देश दिया है कि प्रमंडल स्तर पर नशा विरोधी अभियान को और तेज किया जाएगा। इससे यह भी स्पष्ट है कि अब केवल छोटे स्तर पर कार्रवाई नहीं, बल्कि सरगनाओं पर सीधी चोट की तैयारी है।

# लातेहार एसपी ने डीआईजी से की शिष्टाचार भेंट जिले की जमीनी हकीकत से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने शुक्रवार को पलामू रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने लातेहार जिले की भौगोलिक स्थिति, वर्तमान कानून व्यवस्था, और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। एसपी ने डीआईजी को अवगत कराया कि लातेहार जिले की सीमाएं झारखंड के कई संवेदनशील जिलों से मिलती हैं, जहां वन क्षेत्रों की अधिकता, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और कभी-कभी नक्सल गतिविधियों की पुनरावृत्ति जैसी समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि इन कारणों से जिले में प्रभावी कानून व्यवस्था बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने जिले में चल रहे सुरक्षा अभियानों, सामुदायिक पुलिसिंग, तथा युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल पर भी प्रकाश शेष पेज 11 पर...

**झारखंड अधिविद्य परिषद ने जारी किया 12वीं बोर्ड के साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट**

# साइंस में अंकिता और कॉमर्स में रेशमी झारखंड टॉपर

- साइंस और कॉमर्स दोनों में लातेहार टॉप पर रहा
- साइंस में कोडरमा दूसरे और पलामू तीसरे स्थान पर
- कॉमर्स में लोहरदगा दूसरे और सिमडेगा तीसरे स्थान पर
- रांची साइंस में 16वें और कॉमर्स में 12वें स्थान पर रहा
- दोनों संकायों में बेटियों ने मारी बाजी, साइंस में 79.26 और 91.20 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने शनिवार को 12वीं बोर्ड के साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट जारी कर दिया। साइंस और कॉमर्स दोनों संकायों में इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है। दोनों संकायों में बेटियां टॉपर हैं। साइंस (विज्ञान) में राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल, गोविंदपुर की अंकिता दत्ता झारखंड में टॉप हुई हैं। अंकिता को कुल 477 अंक मिले हैं। वहीं, कॉमर्स (वाणिज्य) संकाय में संत जेवियर्स इंटर कॉलेज, चाईबासा की रेशमी कुमारी राज्य में टॉप हुई हैं। रेशमी को कुल 476 अंक मिले हैं। पिछले साल से इस वर्ष का रिजल्ट बेहतर हुआ है। इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले दो प्रतिशत बच्चे अधिक पास हुए हैं। ज्ञात हो कि एक सप्ताह बाद जैक के 12वीं बोर्ड के आर्ट्स का भी रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। राज्य के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने रांची स्थित जैक सभागार से रिजल्ट की आधिकारिक घोषणा की। इस बार साइंस में 79.26 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं, जबकि कॉमर्स में 91.20 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। मंत्री रामदास सोरेन ने रिजल्ट जारी करने के बाद कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार का रिजल्ट काफी अच्छा रहा है। पिछले वर्ष साइंस में 72.79 प्रतिशत रिजल्ट रहा था, जो इस बार बढ़कर 79.26 प्रतिशत हो गया। वहीं, कॉमर्स में पिछले साल 90.60 प्रतिशत रिजल्ट रहा था, जो इस बार बढ़कर 91. 02 प्रतिशत हो गया है। इसके लिए विभाग के साथ-साथ छात्र और उनके अभिभावक भी बधाई के शेष पेज 11 पर...



झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की इंटरमीडिएट (विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

**- संतोष कुमार गंगवार, राज्यपाल (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की इंटरमीडिएट (12वीं) की कॉमर्स और साइंस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी इस अवसर पर हार्दिक बधाई देता हूं, जोहार करता हूं।

**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**

## अभिनंदन वीर जवानों का

# भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम पर हमें गर्व है




रीना सिन्हा सलोनी

**जब**-जब भारत की सीमा पर दुश्मनों ने सिर उठाया है, भारतीय सेना के वीर जवानों ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज जब पाकिस्तान ने आतंकवाद के जरिए पहलगाम में निर्दोष लोगों को क्रूरता से मौत के घाट उतारा, तो उसका बदला 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत हमारी सेना ने आतंकवाद के सभी चिह्नित ठिकानों को मिट्टी में मिला कर लिया। इसके साथ ही साथ सेना ने दुश्मन के मिसाइलों और ड्रोन हमलों को जिस कुशलता से नाकाम किया और हमारी रक्षा की, उसकी प्रशंसा भारत ही नहीं पूरा विश्व कर रहा है ।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हम भारतवासी सेना के वीर जवानों का अभिनंदन करते हैं और हार्दिक बधाई देते हैं। भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर हम सब भारतीयों को पूरा विश्वास ही नहीं, गर्व है।

## एडीजी रैंक के अधिकारी के घर में चोरी

**रांची (हि.स.)।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर कॉलोनी में एडीजी रैंक के अधिकारी तदाशा मिश्र के आवास पर चोरी का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। घटना अशोक नगर स्थित सिविल सर्विसेज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की मकान संख्या 457ए में हुई, जो एडीजी तदाशा मिश्र का आवास है। चोरी की जानकारी तब मिली जब एडीजी के कार्यालय में पदस्थापित जवान, प्रकाश आले ने घर का ताला खोला।

## थाईलैंड की ओपल सुचाता बनीं मिस वर्ल्ड

**मुंबई (आईएएनएस)।** तेलंगाना के हैदराबाद के हाइटेक्स प्रदर्शनी सेंटर में शनिवार को 72वें मिस वर्ल्ड के ग्रैंड फिनाले का आयोजन हुआ। इसमें थाईलैंड की ओपल सुचाता मिस वर्ल्ड चुनी गईं। भारत की नंदिनी गुप्ता फिनाले के टॉप-8 में जगह नहीं बना सकीं। ग्रैंड फिनाले का आगाज टॉप-40 कंटेस्टेंट्स की कल्चरल रैंप वॉक के साथ हुआ। टॉप-40 ने डिजाइनर अर्चना कोचर की ट्रेडिशनल ड्रेसेस में रैंप वॉक किया। इस दौरान भारत की नंदिनी गुप्ता शो-स्टॉपर रहीं। इसके बाद टॉप-20 की घोषणा हुई, जिसमें नंदिनी भी पहुंचने में कामयाब रहीं। हालांकि, टॉप-8 की रेस से उन्हें बाहर होना पड़ा और भारत की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। मिस वर्ल्ड मुकाबले के टॉप-8 में थाईलैंड, फिलीपींस, पोलैंड, यूक्रेन, नामीबिया, एथियोपिया, ब्राजील और मार्टिनिक पहुंचे। वहीं, इसके बाद थाईलैंड की ओपल सुचाता, एथियोपिया की हासेट डेरेज, मार्टिनिक की ओरेली जो और पोलैंड की माजा क्लाज्दा ने टॉप-4 में जगह बनाई।




**लैंड फॉर जॉब घोटाला**

# दिल्ली हाईकोर्ट से लगा झटका लालू प्रसाद की याचिका खारिज

- निचली अदालत में कल शुरू होगी आरोप तय करने की प्रक्रिया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने लालू की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज इस मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। यह मामला लालू प्रसाद के वर्ष 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन लेने के कथित घोटाले से जुड़ा है। अब इस मामले में आगामी सोमवार (2 जून 2025) को निचली अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

लालू प्रसाद यादव ने अपनी याचिका में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) और आरोपपत्र को रद्द करने की मांग की थी। उनके वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत आवश्यक मंजूरी के बिना जांच शुरू की, जो गैरकानूनी है। हालांकि, सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि उनके पास लालू प्रसाद और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद लालू प्रसाद की याचिका को खारिज कर दिया और निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। यह घोटाला उस समय का है, जब लालू प्रसाद यादव यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि इस दौरान रेलवे के ग्रुप-डी पदों पर भर्तियों में अनियमितताएं की गईं। नौकरी के बदले उम्मीदवारों से जमीन ली गई, जो बाद में लालू यादव के परिवार या उनके करीबियों के नाम पर दर्ज की गई। सीबीआई ने इस मामले में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती और कई अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी इस मामले में मनी लांड्रिंग के पहलू की जांच कर रहा है।

# कस्तूरबा हुसैनाबाद की डिम्पल व हैदरनगर बालिका आवासीय विद्यालय की सोनी स्वीटी बनी टॉपर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा इंटरमीडिएट साइंस का जारी रिजल्ट में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद व हैदरनगर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम उंचा किया है। विद्यालय में अध्यनरत अधिकतर छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई है। छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी है। हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 61 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण की है, जबकि 7 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी में सफलता पाई है। शेष छात्राएं पास आउट रही हैं। उनमें डिम्पल कुमारी ने 390 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी है। उसके बाद प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली में ममता कुमारी 374, स्वाती कुमार 371 प्राप्त की हैं। इसी तरह झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय हैदरनगर में 28 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में, 4 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी में व शेष छात्राएं पास आउट हुई हैं। सोनी स्वीटी ने सर्वाधिक 408 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही हैं। उसके बाद प्रथम तीन में आरती कुमारी 395 अंक व रानी कुमारी 371 अंक प्राप्त करने में सफल रही है। शेष अन्य छात्राएं पास आउट रही हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सह हैदरनगर बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने बताया कि विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की मेहनत व शिक्षकों का समर्पण भाव से दिया गया शिक्षा के कारण परिणाम सुखद रहा है। अधिकतर छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में पास कर यह साबित कर दिया है कि मेहनत से की गई पढ़ाई कभी व्यर्थ नहीं जाती है।

## रविया खातून इंटर साइंस में जिला टॉप 10 में शामिल



**हरिहरगंज।** जैक द्वारा जारी इंटर साइंस परीक्षा परिणाम में स्थानीय राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा रविया खातून ने जिला टॉप 10 में नवम स्थान हासिल किया है। उसे कुल 500 में456 अंक 91.20 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। रविया खातून शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी अपने नाना हाजी इलियास हुसैन के घर रहकर पढ़ाई करती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय तथा इनोवेटिव स्मार्ट क्लासेस के शिक्षकों को दिया है। उसने बताया कि वह मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है। उसकी सफलता पर पिता इम्तियाज आलम, मां रशीदा खातून, शिक्षक वाल्टर सर, समाजसेवी अतहर हुसैन, फहीम अख्तर, मुमताज आलम सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## प्रखंड का सेकंड टॉपर बनी सानिया



**हरिहरगंज।** जैक द्वारा जारी इंटर साइंस परीक्षा परिणाम में स्थानीय राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा सानिया कुमारी ने प्रखंड में दूसरा स्थान हासिल किया है। उसे 447 अंक (89.40) प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। समाज सेवी सह व्यवसायी रॉबर्ट गुप्ता तथा गृहणी निशा गुप्ता की पुत्री सानिया डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों तथा अपने माता पिता को दी है। उसने बताया कि नियमित अभ्यास करने से सफलता अवश्य मिलती है।उसकी सफलता पर शंकर गुप्ता, चुलबुल गुप्ता, भरत सिंह अशोक गुप्ता, बीनू जायसवाल, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, ज्ञान प्रकाश, रामस्वरूप मेहता, सुदामा ठाकुर सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## एनपीए खाताधारक का भी ऋण माफी योजना के तहत ऋण माफ हो



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** पंडवा प्रखंड अंतर्गत पंडवा पंचायत निवासी सतेंद्र ठाकुर ने कर्ज से दबे लोगों के समस्याओं से प्रभावित होकर कहा कि जो भी केसीसी ऋण के कर्ज से दबे हैं व ऋणयुक्त खाता को नियमित रूप से चालू नहीं रख पाए है उनके लिए ऋण माफी नहीं हो पा रहा है। जबकि ऐसे खाताधारकों की संख्या 95 प्रतिशत के करीब है। अगर इस तरह के किसानों को राहत दिया जाता है, तो किसान मुक्त होकर पुनः राहत की सांस ले सकेंगे। कहा कि गरीब, लाचार, बेरोजगारी से जूझ रहे लोगों तक सरकारी योजना का संपूर्ण लाभ पहुंचाया जाये।

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई में अवैध शराब के 5 अड्डा ध्वस्त, 155 लीटर महुआ शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उत्पाद विभाग पलामू एवं औरंगाबाद की टीम ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ईंटबांध घाघरा व हराईया गांव में अवैध महुआ चुलाई पांच अड्डों पर छापेमारी कर उसे ध्वस्त किया गया। अवैध शराब के अड्डों से 150 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही शराब निर्माण के लिए रखे गए 3000 किलो ग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया है। पलामू उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश ने बताया कि यह अभियान झारखंड के पलामू एवं बिहार के औरंगाबाद की संयुक्त टीम के द्वारा चलाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि टीम में उनके अलावा बिहार के औरंगाबाद एवं झारखंड के पलामू उत्पाद विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दिलाई गई नशा मुक्त झारखंड की शपथ




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इतिहास विभाग की प्रो. मुन्नी देवी द्वारा सभी को नशा मुक्त झारखंड की शपथ दिलाकर की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन पंचम कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि तम्बाकू न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह समाज को भी अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी को इससे दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना होगा। शिक्षा संस्थानों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉलेज परिसर को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाए रखने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व बताते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी समेत कई घातक बीमारियां होती हैं। उन्होंने समाज को इस बुराई से मुक्त कराने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। समाजशास्त्र विभाग सत्र 2021-24 की छात्रा राधिका कुमारी ने कॉलेज से इस अभियान की शुरूआत करने की अपील की। कहा कि जहां भी नशा करने वाले लोग उपद्रव करें, उनकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हम सभी का कर्तव्य है। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सूर्योदय कुमार ने किया। मौ पर प्रो. अशोक कुमार अग्रवाल, इंदु कुमारी, अपराजिता, जैलेश गुप्ता, सुनीता कुजूर, मुन्नी देवी, रोहित कुमार, योगेंद्र विश्वकर्मा, सुनील पासवान, मनोज पासवान, अंजलिना खाखा, कृष्ण नंदन, राजेश, बालमुकुंद पाठक, दीपक, सत्या, शंकर राम, बबलू मिंज, संजय, आनंद सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बिना मूलभूत सुविधाओं के नये भवन में स्थानांतरित हुआ आंगनबाड़ी केंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत अंतर्गत भैरवाडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 530 को किराए के भवन से हटाकर इसके अपने नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। नए भवन का उद्घाटन सुपरवाइजर मनीषा गुप्ता व सेविका चांदनी देवी की मौजूदगी में मालती देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सहायिका लकेश्वरी देवी, प्रमिला देवी, लीला देवी, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, मिथलेश,अमित कुमार, बीरेंद्र यादव, मोनू कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। हालांकि भवन शिफ्टिंग को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि जिस उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र को नए भवन में शिफ्ट किया गया है। वह अधूरा है। नए भवन में न तो पीने योग्य पानी की व्यवस्था है। साथ ही बच्चों और कर्मचारियों के लिए बनाए गए शौचालय में दरवाजा भी नही लगा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिरकार बिना मूलभूत सुविधाओं के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन कैसे संभव है? इस संबंध में सीडीपीओ शीला कुमारी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## 4 जून को भाकपा करेगी प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शनः रूचिर तिवारी

**सतबरवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार घूसखोरी से हो रही जनता की परेशानी को लेकर 4 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में धरना प्रदर्शन के साथ घेराव किया जाएगा। उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटनगंज विस के पूर्व उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने शनिवार को ट्रेनिंग स्कूल छात्रावास के प्रांगण में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कही। उन्होंने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में बिचौलियागिरी व भ्रष्टाचार हावी है। आम जनता त्रस्त है। कोई भी काम बिना पैसे के नहीं हो रहा है। दलित आदिवासियों के खतियानी जमीन का रसीद भी नहीं कट रहा है। ऑनलाइन करने, आय ,जाति प्रमाण पत्र बनाने में छात्रों को महीनों चक्कर लगाना पड़ रहा है। ब्लॉक के कर्मचारी कोई भी गांव में नहीं जाकर, बंद कमरे में जमीन का म्यूटेशन ऑनलाइन करने में रिश्वत ले रहे हैं। सभी समस्याओं को लेकर के भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी प्रखंड कमेटी द्वारा आम जनता के साथ 4 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन व घेराव करेगी। उन्होंने आम जनता से कहा कि आप इस जन आंदोलन में सहयोग देकर अपने हक व अधिकार के लिए लड़े। मौके पर राम राज तिवारी, उमेश सिंह चेरो, करीमन पासवान,सनी सिंह रंगबहादुर सिंह,ललन राम,अवध बिहारी मेहता, उदिप सिंह, रामजन्म मांझी, ललन सिंह, संजय चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया रोग खोज अभियानः पहले दिन 128 का किया गया रात्रि रक्त पट संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार के मार्गदर्शन में स्थानीय पंचायत मुख्यालय में फाइलेरिया रोग खोज अभियान (माइक्रो फाइलेरिया सर्वे) शुक्रवार की रात से शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीपीएम विभूति कुमार ने बताया इस पंचायत मुख्यालय में पहला कैंप मुखिया कमला देवी के शिलापर गांव स्थित आवास पर लगाया गया था। वहां मुखिया सहित 20 साल से अधिक उम्र के 128 (महिला-पुरुष) का रक्त पट संग्रह किया गया है। इस दौरान जांच टीम और ग्रामीणों के लिए युवा समाज सेवी रौशन कुमार ने सारी व्यस्था की। ब्लड सैंपल देने को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 25 मई से 5 जून तक अभियान चलाकर फाइलेरिया रोग की खोज के लिए अपराह्न 8 से 12 बजे तक रक्त पट संग्रह करना है। इस पंचायत क्षेत्र में अलग-अलग जगहों में 30 मई से 5 जून तक कार्यक्रम चलाया जाना है। इसमें पर्यवेक्षण और रात्रि रक्त पट संग्रह को लेकर गठित टीम में विजय कुमार सिंह, शकील अहमद एलटी, धीरेंद्र कुमार एमटीएस, जयप्रकाश नारायण, विमलेश कुमार सिन्हा, दिलीप उरांव एमपीडब्ल्यू और आनन्द सिंह एम्बुलेंस चालक शामिल किए गए हैं।

### अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनी

## अहिल्याबाई होलकर की जीवनी को आत्मसात करेंः राजेंद्र पाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पाल समाज के तत्वावधान में शहर के कर्पूरी मैदान के समीप पंडित दीन दयाल स्मृति भवन परिसर में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह आयोजित मनायी गयी। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों ने अहिल्याबाई की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित पाल ने की। संचालन नागेंद्र पाल ने किया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल निवर्तमान वार्ड पार्षद व पाल संघ के संरक्षक राजेंद्र पाल ने कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर मातेश्वरी अहिल्याबाई ने कुशल प्रशासक और समाज सुधारक के रूप में एक मिशाल कायम की। उनके द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये किये गए कार्य आज भी प्रेरणा का श्रोत है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भी काफी काम किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संपत्ति का अधिकार दिया। साथ ही उन्हें सशक्त बनाने के लिए अस्त्र शस्त्र की शिक्षा भी दी। अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के जामखेड कस्बे के ग्राम चांडी में हुआ था। अहिल्याबाई होलकर साधारण से किसान के घर पैदा हुई एक महिला थी, जिन्होंने सदैव अपने राज्य और वहां के लोगों के हित में ही कार्य किया। उनके कार्य की प्रणाली बहुत ही सुगम एवं सरल है, अर्थात इन्होंने अपने राज्य के लोगों के साथ बड़े ही प्रेम पूर्वक एवं दया के साथ व्यवहार किया। इसके अलावा इनकी जीवनी पर कई लोगों ने प्रकाश डाला। इस मौके पर घूरा पाल, उपेंद्र पाल, सुरेंद्र पाल, बीरेंद्र पाल, अशोक पाल,अनिकराज पाल, उदय पाल, मुन्ना पाल, गुड्डू पाल, जितेंद्र पाल, बाबूलाल पाल, दिलीप भगत, दीपक कुमार पाल, रमण पाल, युगेश पाल, सन्तोष पाल, विमलेश पाल, दिनेश पाल, रमेश पाल, अक्षय पाल, राजदेव पाल, योगेंद्र पाल,जितेन्द्र कुमार पाल समेत काफी संख्या में पाल समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

## अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में जपला व हैदरनगर के 25 डाकघर एजेंट होंगें शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर के अभिकर्ताओं ने शनिवार को डाकघर प्रांगण में एक बैठक देवेन्द्र नाथ गुप्ता की आयोजित की। संचालन श्रवण कुमार ने किया। बैठक में 16 व 17 जून को राम की नगरी अयोध्या में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत की स्थापना सह राष्ट्रीय सम्मेलन में अधिक से अधिक महिला व पुरूष अभिकर्ता शामिल हो ऐसा प्रयास किया जाये। बैठक की संचालन कर रहे श्रवण कुमार ने बताया कि अभी तक जपला से 15 व हैदरनगर से 6 अभिकर्ताओं ने अयोध्या जाने के लिये ट्रेन में रिजर्वेशन करा लिया है, जबकि कई अभिकर्ता अपने स्वयं के साधन से अयोध्या पहुंचने का आश्वासन दिया।



बैठक में देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार के अलावे डॉ.शिव कुमार विश्वकर्मा, संतोष ठाकुर, रविकान्त सिंह, कैलाश मेहता, संतोष कुमार, रंजीत सिंह, रौशन, अनुराग, सौरभ कुमार उपस्थित थे।

## एक नजर

### आकाशीय बिजली से 3 लोग घायल, एक गंभीर



**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड अंतर्गत मुरमा खुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोग घायल हो गए। उनमें एक कि हालात गंभीर बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्री ढाई बजे ग्राम पंचायत मुरमा खुर्द निवासी रमेश साव 25 वर्ष पिता विनय साव, इंद्रजीत मेहता 27 वर्ष पिता रामसागर मेहता, हरिदास साव 37 वर्ष पिता स्वर्गीय रामसुंदर साव, दो व्यक्ती रात्री में अपने अपने के छत पर सो रहे थे। इस दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सभी घायल हो गए। इंद्रजीत अपनी झोपड़ी में सो रहे थे और आकाशीय बिजली से झोपड़ी में आग लगने से इंद्रजीत आग से झुलस गए। सभी घायलों को गढ़वा इलाज के लिए ले जाया गया, जहां से रमेश साव की गंभीर स्थिति देखते हुए रेफर कर दिया। यह जानकारी पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष कुमार ने दी।

### ट्रैक्टर के धक्के से बुजुर्ग की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एनएच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य पुराना बस स्टैंड के पास शुक्रवार की शाम 5:30 बजे ट्रैक्टर के धक्के से घायल देवा ठाकुर 75 वर्ष की मौत इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। बताते चलें कि रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड के पास रांची तरफ से आ रही ट्रैक्टर इंजन सतबरवा निवासी देवा ठाकुर को धक्का मार दिया था, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया था। वहां पर डॉक्टरों द्वारा जांच कर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया था, लेकिन मेदिनीनगर जाने के दौरान रास्ते में ही बुजुर्ग की मौत हो गई। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि शव का एमएमसीएच मेदिनीनगर में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। ट्रैक्टर मालिक व चालक पर एफआईआर दर्ज कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है।

### मुखिया ने महुडंड से रतनाग तक सड़क निर्माण कराने की मांग की

**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत महुडंड की मुखिया मीना देवी ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात कर महुडंड से रतनाग तक3 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की मांग रखी। मुखिया मीना देवी ने सांसद को बताया कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क के बन जाने से न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा होगी, बल्कि आपात स्थिति में चिकित्सा, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी सुगम होगी।सांसद विष्णु दयाल राम ने उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया हैं कि इस सड़क निर्माण की मांग को वे प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएंगे और शीघ्र ही इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर महुडंड पंचायत के कई समाजसेवी व स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। मौके पर समाजसेवी सह मुखिया पति शिव शंकर यादव, भाजपा नेता धर्मदेव यादव, जितेंद्र यादव और उपेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पंचायतों में महिलाओं ने चलाया चुप्पी तोड़ो अभियान स्वस्थ रहो कार्यक्रम

**हैदरनगर।** चुप्पी तोड़ो अभियान के अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में महिला और किशोरियों ने स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य माहवारी स्वच्छता व महिला समाज में व्याप्त कुरितियों की चुप्पी को तोड़ना है। इससे महिलाओं के बीच स्वच्छता व बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जा सकता है। शनिवार को मोकहर पंचायत सचिवालय में आजीविका मिशन के प्रखंड समन्वयक सत्येन्द्र यादव ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रेड डॉट्स (लाल बिंदू) प्रतीकात्मक चिन्ह के माध्यम माहवारी स्वच्छता की विशेषता पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने इस अभियान को सफल बनाने की शपथ लेने के बाद इसे समाज में व्यापक प्रसार फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जल सहिया और समूह की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रखंड वॉश समन्वयक का लगातार वैचारिक सहयोग मिला है। मुखिया नाजमा खातून ने पंचायत स्तर पर सामुदायिक भस्मक (इन्सिनरेटर) के निर्माण को प्राथमिकता देने का भरोसा दिया है। वरिष्ठ समाज सेवी नावाजिश खान ने इस अभियान को सतत संचालित किये जाने की जरुरत बताया है। सोमवार को इस पंचायत सचिवालय में ही इस विषय पर एक विशेष बैठक आयोजित करने की घोषणा मुखिया ने की है। जिसमें पंचायत के सभी कर्मियों, सामुदायिक कार्यकताओं, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवियों को माहवारी स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### पंसा-हैदरनगर रोड निर्माण के लिए इंतजार लंबा, उम्मीद कायम

**मोहम्मदगंज।** जिस पंसा-हैदरनगर रोड के निर्माण को लेकर संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों ने लंबी लड़ाई लड़ी थी, उन्हें इसके निर्माण को लेकर और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में इस बरसात भी सड़क में गड्ढे व गड्ढे में सड़क वाली स्थिति में परेशानी और जोखिम भरी राह पर उन्हें चलना पड़ेगा। बता दें कि शुक्रवार को सांसद ने जिस भजनियां-कोल्हुआ-पंसा-परता-हैदरनगर पथ निर्माण की आधारशिला रख कर बड़ी जरूरत पूरी करने का मार्ग प्रशस्त किए हैं, वह इस सड़क से अलग है। पंसा-हैदरनगर 7.5 किमी रोड कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ में शेखपुरा गांव के पास से वाया कोसीआरा-रामबांध काफी पुराने समय से संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों की जीवन-रेखा है। इसके माध्यम से कोयल नदी पर बनी पुल पारकर अंतरराज्यीय संपर्क स्थापित किया जाता है। मगर, इसकी सूरत-ए-हाल सुगम मार्ग में राह का रोड़ा बन गई है। बताया जाता है कि इस सड़क मार्ग की दयनीय हालत से आवागमन को लेकर परेशान उक्त गांवों के ग्रामीणों को काफी लंबे समय तक लगातार पत्राचार और आंदोलन करना पड़ा है। पंसा और रामबांध सहित अन्य गांव के ग्रामीणों को सड़क पर भी उतरना पड़ा था। मानव श्रृंखला बनाकर आवाज बुलंद करनी पड़ी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र भी सौंपना पड़ा था। इतना ही नहीं लोस चुनाव के बहिष्कार तक का निर्णय लेने को विवश होना पड़ा था। हालांकि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के आश्वासन पर बहिष्कार के निर्णय को वापस लेते हुए ग्रामीणों ने मतदान में भाग लिए थे। बावजूद इसके इस सड़क के निर्माण को लेकर सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं होने पर ग्रामीणों में निराशा घर कर गई है। जबकि इस सड़क के निर्माण को लेकर जिला पार्षद अंजू देवी, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, मुजीबुद्दीन खान उर्फ गुड्डू, शुभम कुमार सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, विकास सिंह और उपप्रमुख नगीना सिंह सहित ग्रामीणों ने मुखर होकर मांग को पूरी करने की जरूरत पर बल दिया था।

### जागरूकता के लिए पंचायत स्तर पर होंगे आयोजन, बीडीओ ने जारी किया कार्यक्रम

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय में माहवारी स्वच्छता को लेकर हाल में लिए गए शपथ के बाद अब इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार से पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत शनिवार 1 जून को सुबह 10:30 बजे मोहम्मदगंज पंचायत और दोपहर 1 बजे कादलकुर्मी पंचायत में ग्राम सभाएं आयोजित होंगी। 2 जून को पंसा और रामबांध पंचायत, 3 जून को कोल्हुआ-सोनबरसा और भजनियां पंचायत, जबकि 4 जून को लटपौरी और गोड़ाडीह पंचायत मुख्यालय में जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत मुखिया ग्राम स्तर पर महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता व्यवहार, आवश्यक सेवाएं और सुविधाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे। प्रत्येक पंचायत सचिवालय और विद्यालय–जहां 11 वर्ष से अधिक उम्र की किशोरियां पढ़ती हैं वहां भस्मक (इंसीनरेटर) की स्थापना सुनिश्चित की जाएगी। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि इस अभियान में जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की सखी दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम और स्वास्थ्य सहिया की भागीदारी अनिवार्य कर दी गई है। गुरुवार को प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में अभियान को सफल बनाने हेतु शपथ दिलाई गई थी। इस बैठक में समाजसेवी उदय कुमार सिंह, पंचायत सचिव राजीव कुमार पासवान, अविनाश कुमार, छोटू जोहरी, राजकुमार दास, प्रखंड पंचायतीराज समन्वयक मो. रब्बानी अंसारी, मनरेगा बीपीओ मो. ओबेद्दीन अंसारी, सहायक अभियंता अविनाश कुमार, कनीय अभियंता प्रभंजन कुमार, राहुल कुमार, लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता, ग्राम रोजगार सेवक शमसाद अहमद, नरेंद्र बैठा, संजय बैठा, जनेश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे। यह अभियान ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों में स्वच्छता को लेकर चुप्पी तोड़ने और व्यवहार में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# पलामू पुलिस प्रशासन व लायंस क्लब ने मिलकर आयोजित किया मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

- 100 से अधिक लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच करवाई, रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रहित

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस प्रशासन और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस फ्री हेल्थ कैंप का उद्घाटन पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, एमएमसीएच प्राचार्य डॉ. पी. एन. महतो और लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया।

इस कैंप में पलामू, गढ़वा, लातेहार के पुलिस परिवारों सहित हजारों लोगों ने ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, दंत, नेत्र, त्वचा, स्त्री रोग, बाल रोग सहित कई विभागों में जांच करवाई। 500 से अधिक मरीजों को परामर्श और मुफ्त दवाएं दी गईं।

कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस कप्तान ने स्वयं रक्तदान कर उद्घाटन किया। इस दौरान कुल 15 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। पहली बार रक्तदान करने वाले दो युवाओं को भी सम्मानित किया गया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एसपी पलामू के नेतृत्व में सभी ने तंबाकू सेवन न करने की सामूहिक शपथ ली।

लायंस क्लब ने पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन को मानक सदस्यता दी। क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि इससे क्लब को नई ऊर्जा मिलेगी।

कैंप में कई विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच और परामर्श दिया। उनकी सेवा के लिए पुलिस कप्तान ने उन्हें सम्मानित किया।

इस आयोजन की सफलता में लायंस फेमिना, लायंस क्लब के सदस्य और कई स्वयंसेवकों की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## न्यूनतम प्रगति वाले 100 पंचायत सचिवों और प्रखंड आवास समन्वयकों पर होगी कार्रवाई



- 15 जून तक सेल्फ सर्वे लाभुकों का सत्यापन पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की कार्य प्रगति की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक-सी सभागार में हुई बैठक में उन्होंने लक्ष्य के अनुसार अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया।

अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त भुगतान के बाद 60 या उससे अधिक दिनों से लम्बित प्लिंथ, लिंटर और पूर्ण आवास का जियो टैगिंग शीघ्र पूरा करने को कहा गया। न्यूनतम प्रगति करने वाले 100 पंचायत सचिवों और प्रखंड आवास समन्वयकों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। जो लोग लक्ष्य पूरा नहीं करेंगे, उनका वेतन अवरुद्ध किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 के सर्वेक्षण कार्य बंद कर दिये गए हैं। उप विकास आयुक्त ने सेल्फ सर्वे लाभुकों के पुष्टीकरण और सत्यापन का कार्य तुरंत शुरू करने और इसे 15 जून 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक रतन कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार सहित प्रखंड समन्वयक एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## पलामू राइफल शुटिंग संघ के अध्यक्ष बने अविनाश देव

- झारखंड राज्य राइफल शूटिंग संघ की निगरानी में संघ का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चर्च रोड, माटी कला बोर्ड में झारखंड राज्य राइफल शूटिंग संघ के अधिकारियों की निगरानी में पलामू राइफल शुटिंग संघ का पूर्ण गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर अविनाश देव का चयन हुआ है। उपाध्यक्ष के रूप में गुरबीर सिंह, अफताब आलम, सनत चटर्जी, नंद किशोर भारती और आनंद कुमार चुने गए। सचिव सुमित बर्मन, सह सचिव अमरेश कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों का भी चयन हुआ।

अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि वे पलामू जिले को राइफल शूटिंग में आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे। वे खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें ओलंपिक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी लेंगे। पलामू में राइफल शूटिंग के लिए ट्रैक भी बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ी बेहतर अभ्यास कर सकें।

उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह ने राइफल शूटिंग को एक बेहतरीन खेल बताते हुए खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने और नाम बनाने की प्रेरणा दी। एक्स आर्मी ऑफिसर बृजेश शुक्ला ने अविनाश देव के नेतृत्व में खेल के विकास की उम्मीद जताई। पर्यवेक्षक नैलेंदू जयपुरिया ने भी पलामू में चौमुखी विकास की बात कही।

## दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के हिसरी गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम दो बाइक के बीच टक्कर में एक बाइक पर सवार रंजीत उरांव पिता कता उरांव (पडुवा, हरैया, चकला) व दूसरे बाइक पर सवार रूपेश मिंज,पिता मारकुश मिंज (सदाबर नगर) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। वहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## ईशा शर्मा बनीं स्टेट टॉपर, परिजनों और शिक्षकों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** कंडा पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा ईशा शर्मा ने इंटर विज्ञान परीक्षा 2025 में 93.40% अंक प्राप्त कर राज्य में टॉप किया है। ईशा, संतोष विश्वकर्मा की पुत्री हैं। उन्होंने राज्य के साथ-साथ जिला में द्वितीय, विद्यालय और प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

वहीं, इसी विद्यालय की संजना कुमारी (पिता संजय सिंह) ने 93% अंक के साथ जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नैना गुप्ता (पिता बिंद प्रसाद गुप्ता) ने 92% अंक हासिल कर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों पर विद्यालय के



शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के परिजनों में खुशी का माहौल है। स्टेट टॉपर ईशा शर्मा ने कहा कि परिणाम उनकी उम्मीद के अनुरूप आया है। उनका लक्ष्य नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना है और वह इस दिशा में अब तक सफल रही हैं।

विद्यालय के प्राचार्य सुमित शंकर ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का ओवरऑल रिजल्ट 74% रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है और राज्य स्तर पर छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### जेएस की कीर्ति बनी पलामू की सेकेंड टॉपर



**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जेएस कॉलेज की छात्रा कीर्ति कुमारी ने 432 अंक प्राप्त कर पलामू की द्वितीय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार वैद्य ने कीर्ति को बधाई दी और कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का वाणिज्य विषय में लगातार अच्छा प्रदर्शन रहा है। उन्होंने कीर्ति के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के शिक्षक प्रकाश राय, खुशबु कुमारी, प्रधान सहायक संतोष कुमार दुबे, शिक्षक कमलेश पांडेय और संपूर्ण महाविद्यालय परिवार ने भी कीर्ति को बधाई दी। कुंड मुहल्ला निवासी कीर्ति कुमारी के पिता आनंद कुमार पेशे से वकील हैं और माता सरकारी स्कूल में शिक्षिका। कीर्ति का लक्ष्य आर्मी ऑफिसर बनना है। वर्तमान में वह एनसीसी कैंप में भाग लेने जा रही हैं।

## ऑक्सब्रीज स्टार कोचिंग में 12वीं की परीक्षा में सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

- जिन विद्यार्थियों ने अंक साझा किए, उन्होंने सभी विषयों में अच्छा प्रदर्शन किया : राहुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कोचिंग संस्थान ऑक्सब्रीज स्टार के 556 छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में हिस्सा लिया। सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

संस्थान के संचालक राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अंक साझा किए, उन्होंने सभी विषयों में अच्छा प्रदर्शन किया।

राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि संस्थान ने 'दी एजुकेशनल ज़ोन (तेज)' नाम से नई पहल शुरू की है, जिसका मकसद शहर के शिक्षकों को एक साथ लाकर बेहतर मार्गदर्शन देना है। इस बार 368 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रमुख छात्र हैं — यश कुमार (87%), पंकज यादव (86%), गौतम गुप्ता (84%), राजीव कुमार (84%), सोनी वर्मा (84%), अंजली सिंह (84%), रंजना कुमारी (83%), रोहित कुमार (83%), खुशी पाण्डेय (83%), कंचन कुमारी (80%), पवन कुमार यादव (80%), कुदन ठाकुर (80%), मनिषा कुमारी (80%)। राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि शिक्षक एस के अग्रवाल, जितेश गुप्ता, पी के सोनी, देवानंद यादव और रिकेश प्रसाद ने मेहनत कर छात्रों को बेहतर तरीके से अध्यापन का कार्य किया जिसके बदौलत यह परिणाम सामने आया है।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने नगर आयुक्त से की मुलाकात, चलानी किला के विकास की मांग

- राजा मेदनी राय की स्मृति में आयोजित होगा राज्य स्तरीय तीरंदाजी, कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन से मिला और चलानी किला, शाहपुर के संरक्षण एवं विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने किले की साफ-सफाई, लाइटिंग की व्यवस्था और आयोजन स्थल के रूप में जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की।

प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि चलानी किला परिसर में राजा मेदनी राय तीरंदाज एकेडमी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय तीरंदाजी, मार्शल आर्ट, कराटे प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों और कलाकारों के कौशल को मंच देना तथा पलामू की गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित करना है।

नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने प्रतिनिधिमंडल को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण जरूरी है और नगर निगम इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पलामू के वीर योद्धा नीलांबर-पीतांबर व राजा मेदनी राय की परंपरा, लोककला और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने के लिए सभी प्रखंडों में प्रशिक्षण शिविर लगाने की तैयारी की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में सतीश कुमार, बालकिशुन उरांव, दाऊद केरकेट्टा, प्रदीप सिन्हा, जगनारायण मेहता, बसंत हेम्ब्रम, सलोमी टोपनो, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, सुजंती तिर्की, मुक्ति होरो, राजू कुमार प्रजापति सहित कई एकेडमी से जुड़े सदस्य शामिल थे।

## ओपीडी में सबसे अधिक मरीज सर्दी खांसी व बुखार के पहुंच रहे

- मौसमी बीमारियों के लिए सभी दवा उपलब्ध है : अस्पताल उपाधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार की ओपीडी में 12.30 बजे तक 115 मरीजों ने पर्ची कटाई थी। जबकि प्रतिदिन 200 से 250 तक की संख्या में मरीजों का इलाज किया जाता हैं। सप्ताह में एक दिन बुधवार को मरीजों की संख्या सबसे अधिक 300 से 350 तक होती हैं। उस दिन फिजीशियन चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार सिंह की डियूटी होती हैं। ओपीडी में कार्यरत डॉ. आकाश कुमार ने बताया कि अभी अधिकतर मरीज मौसमी बीमारी सर्दी, खांसी व बुखार के अस्पताल में आ रहे हैं। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.विनेश कुमार ने बताया कि मौसमी बीमारियों के लिए खांसी की सीरफ को छोड़कर अन्य सभी दवा उपलब्ध है। जो दवा उपलब्ध नहीं है, उसके लिए जिले से मांग की गई हैं। एएनएम संगीता कुमारी ने बताया कि प्रसव कक्ष में चार गर्भवती माताएं भर्ती हैं। जिसमें एक का प्रसव नॉर्मल कराया गया है।

जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। प्रभारी अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि तीन बजे से सुबह नौ बजे तक इमरजेंसी सेवा दी जाती हैं। उसको छोड़कर ओपीडी में 200 से 250 मरीजों का इलाज प्रतिदिन किया जाता हैं।

## पंचायतों में पहुंचा चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय में माहवारी स्वच्छता अभियान को लेकर शपथ ग्रहण करने के बाद अब गांवों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि बीडीओ रणवीर कुमार के इसे लेकर जारी पत्र के अनुसार शनिवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे मोहम्मदगंज और अपराह्न एक बजे से कादलकुर्मी पंचायत मुख्यालय में ग्राम सभा आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस तरह 2 जून को पंसा और रामबांध, 3 को कोल्हुआ-सोनबरसा, भजनियां जबकि 4 जून को लटपौरी व गोड़ाडीह पंचायत मुख्यालय में इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर तय कार्यक्रम के अनुसार मुखिया ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने का काम करेंगे। इसके तहत सभी महिलाओं और किशोरियों को आवश्यक सेवा सुविधा व स्वच्छता व्यवहार से जोड़ने का काम करेंगे। सार्वजनिक स्थल के अलावा जहां विद्यालय में 11 साल से उपर की किशोरी पढ़तीं हो और पंचायत सचिवालय पर भष्मक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे। मुखिया के साथ ही सभी जलसहिया, स्वयं सहायता समूह की सखी दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम और स्वास्थ्य सहिया की भी सहभागिता सुनिश्चित कर दी गई है। रामबांध पंचायत के मुखिया अबूनसर सिद्दीकी ने इस अभियान को गंभीरता से लिया है। इसे सफल बनाने को लेकर उन्होंने पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि विशेष कर महिला, ग्रामीण, आंगनबाड़ी सेविका,जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, जन वितरण प्रणाली के सभी डीलर को प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशानुसार सोमवार को 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## कौशल विकास केंद्र, रेड़मा में मानव तस्करी पर छात्रों को किया गया जागरूक

- टीओपी-02 प्रभारी ने दी सुरक्षा और सतर्कता की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के कौशल विकास केंद्र, रेड़मा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शनिवार को मानव तस्करी और अन्य सुरक्षा विषयों पर जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम टीओपी-02 प्रभारी राकेश कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं को डायल-112, मानव तस्करी, साइबर फ्रॉड, महिला सुरक्षा और पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दें ताकि वे सतर्क और जागरूक नागरिक बन सकें।

कार्यक्रम के दौरान टीओपी-02 प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मानव तस्करी एक संगठित और गंभीर अपराध है, जो खासकर समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, शिक्षा और सतर्कता से इस अपराध पर रोक लगाई जा सकती है। छात्रों को सलाह दी गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

इसके अलावा डायल-112 सेवा, साइबर सुरक्षा, महिला अधिकार और पुलिस की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने विषय में रुचि दिखाते हुए सवाल पूछे, जिनका प्रभारी ने सरल भाषा में उत्तर दिया।

## एक देश, एक चुनाव पर संगोष्ठी में प्रबुद्धजनों ने की चर्चा

- चुनावी खर्च, प्रशासनिक असर व समाधान पर सांसद ने रखे तथ्यपूर्ण तर्क

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** "एक देश, एक चुनाव" विषय पर शनिवार को डालटनगंज स्थित होटल ज्योति लोक सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। संगोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने एक स्वर में इस प्रणाली को समय की मांग बताया और इसका समर्थन किया।

सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से न केवल प्रशासनिक कार्य बाधित होते हैं बल्कि विकास कार्यों में भी देरी होती है। चुनावी आचार संहिता के कारण नीतिगत फैसलों पर विराम लगता है। उन्होंने कहा कि "एक देश, एक चुनाव" से न केवल चुनावी खर्च में कमी आएगी, बल्कि संसाधनों और सुरक्षा बलों की भी बेहतर तैनाती संभव होगी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1951-52 से लेकर 1967 तक भारत में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे, लेकिन 1968-69 में कुछ राज्यों में विधानसभाएं समय से पहले भंग हो जाने के कारण यह क्रम टूट गया। 1983 में पहली बार निर्वाचन आयोग ने इस व्यवस्था को दोबारा लागू करने की सिफारिश की थी।

सांसद ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता सूची में बार-बार अद्यतन की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे मतदाता भी भ्रम से बचेंगे और मतदान प्रक्रिया अधिक भरोसेमंद बनेगी। इससे दल-बदल की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा और शासन अधिक स्थिर होगा।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व महापौर अरुणा शंकर, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. एच. महतो, अधीक्षक अजय सिंह, प्रो. के. के. मिश्रा, प्रो. ए. सी. मिश्रा, डॉ. विजय सिंह, प्रो. राणा सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. आर. के. रंजन, विजय पांडेय, श्याम सिंह, अरविंद अग्रवाल, नवीन सहाय, अधिवक्ता सुनील मिश्रा, आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के वाह्यस्रोत कर्मचारी को छह माह से वेतन नहीं, किया प्रदर्शन

- कर्मियों ने कुलपति से लगाई न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में कार्यरत वाह्यस्रोत (आउटसोर्स) कर्मचारी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि जनवरी 2024 से न तो उन्हें वेतन मिला है और न ही उनके साथ उचित व्यवहार किया जा रहा है।

करीब 90 आउटसोर्स कर्मियों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेषकर कुलसचिव, द्वारा उनसे काम तो लिया जा रहा था लेकिन भुगतान नहीं किया गया। सितंबर 2024 में बिना किसी पूर्व सूचना के सभी कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया गया।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने भुगतान की मांग की तो कुलसचिव ने टाल-मटोल किया और कहा कि पैसे की जिम्मेदारी कंपनी की है, जबकि संबंधित कंपनी का अनुबंध दिसंबर 2023 में ही समाप्त हो चुका था। कर्मियों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन अब अपनी सुविधानुसार निजी तौर पर डेली वेज कर्मचारियों की नियुक्ति कर रहा है, जिनमें कई उनके निजी संबंधी हैं। इससे पूर्व कार्यरत कर्मियों की अनदेखी हो रही है। कर्मियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि नए कुलपति के कार्यभार ग्रहण करने के बाद हालात सुधरेंगे, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिलते आ रहे हैं। एक कर्मचारी ने बताया, "हर बार कहा जाता है – 10 दिन में मिल जाएगा, 5 दिन में मिल जाएगा, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ।" कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील की है कि वे न्यायसंगत तरीके से उनके लंबित वेतन का भुगतान करें और सेवा बहाल करने की दिशा में सकारात्मक पहल करें।

## एक नजर

### आरोपी गिरफ्तार

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के ताली गांव के चांदनी चौक निवासी अखिलेश कुमार साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त युवक पर नाबालिग लड़की के पिता ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर कर अपहरण करने का आरोप लगाकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने आरोपी युवक अखिलेश कुमार साह को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया है। साथ ही नाबालिग लड़की का ब्यान दर्ज कराने और मेडिकल चेकअप के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा है।

### बारिश से बाजार में जनजीवन प्रभावित

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में खरीदार उमड़े थे, लेकिन अचानक हुई बारिश से दुकानदारों और ग्राहकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कई दुकानों का सामान भींग गया, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान हुआ। ग्राहक भींगते हुए इधर-उधर भागते नजर आए और देखते ही देखते बाजार लगभग खाली हो गया। बारिश के साथ बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे लोगों को और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर फिसलन और कई स्थानों पर जलजमाव से आवागमन भी प्रभावित हुआ।स्थानीय लोगों ने बताया कि दिन भर उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे, लेकिन अचानक हुई बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। हालांकि, यह राहत दुकानदारों के लिए नुकसानदेह साबित हुई।

### खुर्शीद बने विधायक प्रतिनिधि

**मेराल।** विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने शनिवार को प्रखंड स्तर के पंचायत समिति के निगरानी के लिए पचफेड़ी गांव निवासी खुर्शीद आलम को विधायक प्रतिनिधि बनाए हैं। जिसका प्रतिवेदन डीसी गढ़वा, पंचायत समिति का पीठासीन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, डीडीसी, एसडीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी तथा मेराल बीडीओ को दिया है। विधायक की अनुपस्थिति में खुर्शीद आलम पंचायत समिति सदस्यों के सभी बैठक में भाग लेंगे। विधायक प्रतिनिधि खुर्शीद आलम को बनाए जाने पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन, मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, रुपु महतो, कंचन पांडेय मंदीप दुबे, सत्य प्रकाश चंद्रवंशी, विकास दुबे, रमाकांत गुप्ता सहित कई लोगों ने बधाई दिया है।

# कॉमर्स में 83.4 प्रतिशत अंक लाकर रोहित जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** जैक द्वारा कॉमर्स की जारी रिजल्ट में 86.75% छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। उनमें प्रियंका कुमारी 79.20% प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी है। जबकि सुजीत कुमार यादव 70.40% प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान, सपना कुमारी 68.80% प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही है। मेराल प्रखंड के तीनों छात्र छात्राएं लातदाग गांव के है। सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के कॉमर्स के छात्र रोहित कुमार चौधरी ने 83.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला में दूसरे स्थान पर टॉपर हुआ है। वह प्रखंड के हासनदाग गांव का रहने वाला है। दूसरा स्थान लाकर अपने गांव तथा जिला का नाम रौशन किया है। मेराल इंटर कॉमर्स की परीक्षा में कुल 21 छात्र छात्राओं ने भाग लिए थे, जिसमें 11 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और 7 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं तथा तीन छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं।

### 73.8 प्रतिशत अंक लाकर दीपशिखा बनी कॉलेज टॉपर



**केतार।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय का परीक्षाफल शनिवार को घोषित किया गया। उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह का इंटर विज्ञान संकाय का रिजल्ट 52.94 प्रतिशत रहा। विद्यालय के 51 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 27 बच्चे परीक्षा में सफल हुए। विद्यालय की छात्रा दीपशिखा कुमारी ने 369 अंक 73.8 प्रतिशत लाकर कॉलेज टॉपर बनी। अमलेश कुमार 71.2 प्रतिशत लाकर सकेंड टॉपर बना। संजीत कुमार यादव 65.6 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज टॉपर दीपशिखा कुमारी के पिता मध्य विद्यालय सिंहपुर में सहायक शिक्षक है। मां अनंती देवी आंगनबाड़ी सेविका है। दीपशिखा के पिता रामकुमार राम ने बताया कि उनकी पुत्री पढ़ाई में काफी मेहनती है। ग्रेजुएशन के बाद यूपीएससी की तैयारी करेगी।

### ट्रांसफार्मर जलने से बाजार क्षेत्र अंधेरे में डूबा

**केतार।** केतार बाजार स्थित कर्पूरी गेट के समीप 25 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर शुक्रवार की रात्रि में जल जाने से पूरा केतार बाजार क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। बिजली गुल होने से पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। पंखा, कुलर की हवा बंद होने से उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हैं। मोबाइल चार्ज तक करना मुश्किल हो गया है। इस संकट से उबरने के लिए सैकड़ों व्यवसायी और ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव को आवेदन देकर तत्काल नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया है। बिजली की समस्या की गंभीरता से लेते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने बिजली विभाग के एसडीओ को जल्द को नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया हैं।

## गंगा दशहरा जुलूस को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** थाना परिसर में गंगा दशहरा जुलूस को लेकर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के मदगड़ी, धसनी, लहगुड़वा, चिरैयाटांड़, बघवार ,जमौती, कंजीया, खजुरी, करचाली, भंडरिया आदि गांव लोग हुए शामिल। बैठक में उपस्थित लोगों को थाना प्रभारी ने जुलूस के दौरान सरकार द्वारा दिए गए निर्देश से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। जुलूस में डीजे साउंड नहीं बजाने, किसी विशेष समुदाय को ठेंस नहीं पहुंचाने द्विभाषी भड़काऊ गाना नहीं बजाने, पहले से निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के मदगड़ी गांव में गंगा दशहरा का आयोजन किया जाता है। बैठक में अंचल निरीक्षक शिवपत राम,सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार, दिलीप रंजन, राजेश्वर ठाकुर, औधेश उपाध्याय, फीदा हुसैन, विजय पासवान समेत दर्जनों के संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मारपीट का आरोपी रोजगार सेवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पुलिस ने मारपीट की घटना में एक व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए व्यक्ति का नाम नागवंत प्रजापति पिता जगदीश प्रजापति जो गोंदा गांव निवासी है। नागवंत प्रजापति विशुनपुरा प्रखंड में मनरेगा विभाग के रोजगार सेवक की पद पर कार्यरत है। जानकारी के अनुसार 30 मई को गोंदा गांव के ही राजेश प्रजापति द्वारा जान मारने के नियत से हुए मारपीट की घटना को लेकर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार राजेश प्रजापति अपने खेत में मिट्टी कटवा रहा था। इसी बीच गोंदा के ही गौतम प्रजापति और नागवंत प्रजापति कुछ अज्ञात लोगों के साथ हत्या करने के नियत से राजेश प्रजापति पर लोहे के रड एवं डंडा और बेल्ट से हमला कर दिया। जिससे राजेश प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि अपने पुत्र राजेश प्रजापति को बचाने गये मुंशी प्रजापति को भी उक्त लोगों ने सर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इसके बाद घायल अवस्था में लोग मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर करवाई करते हुए नागवंत प्रजापती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोग फरार बताए गए हैं।




## मध्याह्न भोजन की समीक्षा को लेकर स्टेयरिंग कमेटी की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंध।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में मध्याह्न भोजन योजना के सुचारु संचालन एवं निगरानी को लेकर प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मानिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की स्थिति, बच्चों की उपस्थिति, आयुष्मान भारत योजना के तहत रसोइयों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ, और विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि रसोइयों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शामिल कराना अनिवार्य किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी विद्यालयों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच समय पर कराई जाए। बैठक में समिति के सदस्यों ने बताया कि कुछ विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच नहीं हो पा रही है, जिसे लेकर चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।इसके अलावा, बच्चों की उपस्थिति को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी, विनोद पासवान, स्वास्थ्य विभाग से रेणु बैजंती खलखो, एमडीएम ऑपरेटर सोनू कुमार चंद्रवंशी शिक्षक प्रतिनिधि एवं एसएमसी अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम ने फावड़ा चलाकर मुसहर परिवार आवास की नींव की रखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने दो दिन पूर्व मेराल प्रखंड के बाना गांव स्थित मुसहर टोली पहुंच कर वहां रह रहे मुसहर परिवारों के जीवन स्तर से जुड़ी न्यूनतम आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली थी। उन्हें यहां मौके पर तीन परिवार ही अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहते हुए मिले थे। मौके पर ज्ञात हुआ था कि मुसहर परिवारों की जमीनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति के कुछ परिवारों ने अवैध दखल कब्जा कर उस पर या तो घर बना लिए है, या जोत कोड़ कर रहे हैं। अवैध कब्जा होने के बावजूद भी अभी लगभग एक एकड़ से अधिक भूमि खाली पड़ी है। भूमि पर भविष्य में अवैध कब्जा ना हो इसे लेकर न केवल अंचल अधिकारी मेराल यशवंत नायक को अनुमंडल पदाधिकारी ने आवश्यक कदम उठाने आदेश दिया था। साथ ही बीडीओ को जो खाली जमीन है उस पर मुसहर परिवारों के लिए अविलंब आवास बनाकर देने का भी निर्देश दिया था।

## छोटे वाहनों का पड़ाव स्थल निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास कराने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने नगर पंचायत के प्रशासक, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी को पत्राचार कर एक जून से से दिए निर्देशों का पालन कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश का अवहेलना करने वालों पर कड़ी करवाई करने का निर्देश दिया है। एसडीओ ने दिए आदेश के माध्यम से बताया कि नगर शहरी क्षेत्र में थाना से अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय तक एनएच 75 पर बस संचालकों और छोटे वाहन संचालकों द्वारा अनियंत्रित तरीके से पड़ाव किया जाता है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाता है। उन्होंने दिए निर्देशों को एक जून से पालन कराने का निर्देश देते हुए बताया कि सभी वाहनों का पड़ाव स्टेट बैंक के समीप निमार्णाधीन बस स्टैंड स्थल से कराए। उन्होंने कहा कि सब्जी बजार चौक से बस या छोटे वाहनों का घुमाव नहीं कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने दिए निदेर्शों के माध्यम से बताया कि कोई भी वाहन शहर में प्रवेश करते है तो सीधा गोसाईबाग मैदान से वाहन का घुमाव करेंगे।उन्होंने कहा कि कोई भी बस या छोटे वाहन सड़क के किनारे वाहन का पड़ाव नहीं करेंगे। उन्होंने भवनाथपुर मोड के समीप भी अनावश्यक तरीके से वाहन का पड़ाव नहीं करने का निर्देश दिया है।

## बैंक पर छात्रवृत्ति भुगतान नहीं करने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्रवृत्ति का भुगतान स्थानीय जेआरजी बैंक द्वारा नहीं किया जा रहा है। दूर दराज गांव से आए छात्र व उनके अभिभावक उक्त बैंक की बड़गड़ शाखा में पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें बिना काम हुए अपने घर लौटने को विवश होना पड़ जाता है। संबंधित छात्र बताते हैं कि बैंक द्वारा उन्हें बोला जाता है कि छात्रवृत्ति का पैसा सीएसपी केंद्र से जाकर निकलो। शनिवार को बड़गड़ प्रखंड के अति सुदूरवर्ती बुढ़ा पहाड़ से लगे तुरेर गांव, जो बैंक शाखा से लगभग 30 किलोमीटर दूर से कुछ छात्र अपनी छात्रवृत्ति का पैसा लेने बैंक आए हुए थे। लेकिन उन्हें बैंक से पैसे का भुगतान नहीं किया गया। बैंक द्वारा उन्हें सीएसपी केंद्र जाकर पैसे की निकासी करने की सलाह दी गई। छात्र उपेन्द्र किसान, कुमान्ती कुमारी, महेश्वर किसान व उनके परिजनों ने बताया कि उनके पास खाने पीने के अलावा घर लौटने के लिए भी पर्याप्त पैसे नहीं हैं। बैंक द्वारा छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं कर बेवजह परेशान किया जा रहा है। वे गत बुधवार को भी बैंक आए हुए थे,बैरंग वापस लौटना पड़ा था। छात्र एवं उनके अभिभावकों ने उपायुक्त से छात्रवृत्ति का भुगतान कराने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार ने कहा कि छात्रों के खाते का आधार लिंक किया जा रहा है। बैंक से जुड़े सीएसपी केंद्र को निर्देश दिया गया है कि छात्रों को सुलभता पूर्वक भुगतान करें। उन्होंने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान सीएसपी केंद्र से करना है। अगर सीएसपी केंद्र से भुगतान नहीं हुआ तब बैंक से भुगतान किया जाएगा। यहां बता दें कि सीएसपी केंद्र से छात्रवृत्ति के पैसे की निकासी के एवज में प्रति हजार रुपए के एवज में 10 रूपए का अतिरिक्त भुगतान लिया जाता है।

## इंडिया | बरसात और धुंधलके में जानलेवा है खराब टेललाईट और ट्रैक्टर की ट्रॉली




आप कार या कोई भी चार पहिया वाहन यदि स्वयं चलाते हैं तो आपने कभी न कभी यह अनुभव किया होगा कि कई बार बरसात या धुंधलके में हमसे आगे वाली गाडियों के पीछे की लाईट ठीक से नहीं दिखने से दुर्घटनाएं घटतीं हैं । सामान्य दिनों में भी शाम के धुंधलके में या सामने की गाड़ी की तेज रौशनी में आंखें चौंधिया जाने से दो गाड़ियों में टक्कर होती है जिनमें अधिकतर सड़क पर खड़ी या नहीं दिख पाने वाली गाड़ियों से पीछे वाली गाड़ी टकरा जाती है । इस तथ्य से अनजान अनेक लापरवाह लोग साइकिल से लेकर बड़ी गाड़ियों तक की पीछे की लालबत्ती खराब होने या टूट-फूट जाने पर उसे ठीक कराना नहीं चाहते । उन्हें लगता है कि पीछे की लाल बत्ती सिर्फ सजावटी है । ऐसे में कई बार भयंकर दुर्घटनाएं घटीं है जिनमें अनेक लोग मारे गए हैं या गंभीर रूप से घायल या अपंग हो गए हैं । आने वाले बरसात के मौसम में इस खतरे के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि झारखंड सहित लगभग पूरे उत्तर भारत में बारिश और धूल से सडकों में दृष्टि क्षमता प्रभावित होती है । खराब बैक लाईट के अलावा गहरे या काले रंग के कपड़े पहने लोग भी सडकों पर आसानी से नहीं दिखते जिससे अचानक गाड़ी रोकना आसान नहीं जबकि सबसे खतरनाक होती है ट्रैक्टर की ट्रॉली जिसपर कोई मैजिक आई या बैक लाईट लगी नहीं होती क्योंकि कानून में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है ! कभी एक समय था जब भारत के कृषि प्रधान राज्यों जैसे पंजाब,हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में ट्रैक्टर बहुत दिखते थे कभी-कभार दिखते भी थे तो उनमें लिखा रहता था कृषि कार्य हेतु । धीरे-धीरे कृषि की गतिविधियां भी बढीं और सरकार राजसहायता में ट्रैक्टर देने लगी इसके अलावा दुर्गम स्थानों में सुगमता से चलने के कारण बैलगाड़ी के स्थान पर अन्य विकास कार्यों में ट्रैक्टर का उपयोग होने लगा जिससे सुविधा भी हुई और काम तेजी से होने लगे यहां तक कि ट्रैक्टर से जोड़कर फसलों की बुआई,कटाई और दाने निकालने जैसे कार्य भी होने लगे। पर इसके साथ ही ट्रैक्टर से जुडी दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने लगी जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं गया है यहां तक कि मोटर वाहन अधिनियम में भी इसका प्रावधान नहीं किया गया है । गैर सरकारी अध्ययन के आधार पर एक अपुष्ट आंकडा है जो बताता है कि दुर्घटनाओं के मामले अक्सर दुर्घटना की गंभीरता और रिपोर्टिंग तरीकों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में ट्रैक्टर-ट्रॉली से यात्रा करने वाले 2021 में 3,899 लोगों की जान चली गई थी, जो प्रतिदिन औसतन 10 लोगों की मृत्यु के बराबर है। एक अध्ययन में 76 मामलों में 5 मौतें और 71 गैर-घातक चोटें दर्ज की गईं। यह अध्ययन बताता है कि ट्रैक्टर दुर्घटनाओं के कई संभावित कारण हैं, जैसे कि ट्रैक्टर का पलट जाना, खराब हिचिंग, खड़ी चढ़ाई, सड़क या मैदान में छेद, मोड़ते समय अत्यधिक गति या खाइयों के बहुत करीब गाड़ी चलाना। एक संस्था ने भारत के दो उत्तरी राज्यों में क्रमशः नौ और 30 गांवों में 1-1 वर्ष की अवधि के दो चरणों में ऐसे मामलों का अध्ययन ट्रैक्टर से संबंधित दुर्घटनाओं में कृषि और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के कारणों और चोटों की गंभीरता को निर्धारित करने के लिए जांच पर आधारित थी । पांच मौतों और 71 गैर-घातक चोटों वाले कुल 76 मामले दर्ज किए गए। भारत में ट्रैक्टर से संबंधित चोटों का पैटर्न बड़े औद्योगिक देशों से रिपोर्ट की गई तुलना में बहुत अलग पाया गया है। पहले चरण में ट्रैक्टर से संबंधित चोटों का 54 प्रतिशत और दूसरे चरण में 49% गैर-कृषि गतिविधियों के कारण थे। दोनों चरणों में दर्ज कुल चोटों में से केवल 1% और 6% ट्रैक्टर से संबंधित थीं। इस अध्ययन में इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया कि ट्रैक्टर ट्रॉलियों से टकराकर भी बहुत सी दुर्घटनाएं घटीं हैं । सरकारों को चाहिए कि ट्रैक्टरों की बढ़ी हुई गतिविधियों को ध्यान में रखकर देश की सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पीछे मैजिक आई या बैक लाईट लगाना अनिवार्य करते हुए इसके बारे में जागरूकता फैलाए ताकि हजारों निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सके । झारखंड सहित अधिकांश राज्यों में छोटे कारखानों या दुकानों में ये ट्रैक्टर ट्रॉलियां बनाई जातीं हैं उन्हें और ट्रैक्टर विक्रेताओं को अध्यादेश लाकर बाद में कानून बनाकर और समझाकर इसे तुरंत रोका जाना चाहिए । इसके अलावा ट्रैक्टरों के किसाननुमा ग्रामीणों के लाइसेंस की भी जांच होनी चाहिए जो आजकल शहरों में भी कूड़ा ढोने से लेकर विभिन्न कार्यों में लगे हैं और भीड़ भरी सड़कों से लेकर राज्य या राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज गति से वाहन चलाते देखे जाते हैं ।



## न्यूज बॉक्स


### तंबाकू दिवस पर लोगों को जागरूक किया

**मेराल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयुष्मान आरोग्य लातदाग में उपस्थित महिला, पुरुष व बच्चों को डॉक्टर शशांक ने तंबाकू से बचाव के लिए जागरूक किया। लोगों को तंबाकू से दूरी बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें लातदाग सहित आसपास गांव के बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को डॉक्टर शशांक ने कहा कि तंबाकू मीठा जहर की तरह है, जो किसी की भी जिंदगी को बर्बाद कर देती है। कैंसर से लेकर कई घातक बीमारियां तंबाकू से फैलती है, जो लाइलाज होती है। इसके चपेट में आने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। डॉक्टर शशांक ने तंबाकू का दुष्प्रभाव तथा उसे कैसे मुक्ति मिले इसको लेकर लोगों को कई टिप्स दिए। मौके पर उपस्थित पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, बीडीसी कृष्ण प्रजापति, भाजपा नेता विकास दुबे ने भी तंबाकू के दुष्प्रभाव पर अपना प्रकाश डालते हुए लोगों को इससे बचने की सलाह दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी, कविता देवी के अलाव भवर साह, अमरावती देवी, भोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### तंबाकू का सेवन नहीं करने की दिलाई गई शपथ

**गढ़वा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी की अध्यक्षता में सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी, कार्यालय कर्मियों के बीच शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर सभी ने यह शपथ लिया कि अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करेंगे एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अपने पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान करेंगे। इस प्रकार सभी ने तंबाकू उत्पादों एवं निषिद्ध मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने एवं इससे बचाव एवं इसके रोकथाम हेतु इसके विरुद्ध जागरूकता प्रसारित करने का शपथ लिया। इस मौके पर डॉ असजद अंसारी ने कहा कि तंबाकू का सेवन न करें और लोगों को जागरूक करें। तंबाकू सेवन कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां और अन्य कई गंभीर बीमारियां शामिल हैं. यह न केवल उपयोगकर्ता को नुकसान पहुंचाता है बल्कि आसपास के लोगों को भी प्रभावित करता है। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोरखनाथ पांडेय, डॉ कृष्ण कुमार , डॉ नीतीश परमार्थी, एसटीएस सलीम अंसारी एलटी खालिद अनवर, लिपिक ललन राम, राहुल गुप्ता, एएनएम आभा मिंज और कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### परिसदन में डीआईजी व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की आकस्मिक मुलाकात



**मेदिनीनगर।** शनिवार की शाम परिसदन में पलामू के डीआईजी नौशाद आलम और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश संयोगवश मिले। इस दौरान दोनों के बीच कानून-व्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात पूरी तरह आकस्मिक थी और शिष्टाचार के माहौल में हुई। डीआईजी ने प्रदेश अध्यक्ष को क्षेत्र की वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश ने प्रशासन की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की जरूरत पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और जिम्मेदार प्रशासन के लिए सभी पक्षों को मिलकर सहयोग करना आवश्यक है। मौके पर कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**धुरकी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर धुरकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में सभी प्रखंड सह अंचल कर्मियों के बीच शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने सभी के साथ यह शपथ लिया कि अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करेंगे एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा अपने पर्यावरण को भी तम्बाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान करेंगे। इस प्रकार सभी ने तंबाकू उत्पादों एवं निषिद्ध मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने एवं इससे बचाव एवं इसके रोकथाम हेतु इसके विरुद्ध जागरूकता प्रसारित करने का शपथ लिया। इस दौरान प्रखंड सहायक फैयाज खान, बीएओ अंबुज कुमार, ब्लॉक कोर्डिनेटर जीतेंद्र कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक मोजीब खान, शशिकांत विश्वकर्मा, राहुल कुमार व सुनील कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसडीएम की जांच में डीलर पर कम राशन देने की पुष्टि

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी ने डंडई प्रखंड के लवाही कला गांव की रानी महिला विकास समिति द्वारा संचालित पीडीएस राशन दुकान की जांच की। उक्त जांच इस गांव के लगभग 50 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित शिकायती पत्र के आलोक में की गई थी। जांच के दौरान पीडीएस दुकान के बाहर किसी प्रकार का साइन बोर्ड, संकेतक, सूची, सारिणी या विवरणी नहीं पाई गई, बल्कि वहां पर एक टेंट हाउस का व्यवसाय चलता हुआ मिला। महिला समूह की अध्यक्ष सह पीडीएस दुकान की संचालिका श्रद्धा देवी से जब समूह की अन्य सदस्य महिलाओं के नाम पूछे गए तो न तो वह इस संबंध में कोई रजिस्टर दिखा पायीं और न ही सभी महिलाओं के नाम बता पायीं। दरअसल इस राशन दुकान के विरुद्ध ग्रामीणों ने कम राशन देने जैसी कई विसंगतियों को लेकर शिकायत की थी। जांच के क्रम में मौके पर जो ग्रामीण मिले उसमें से कुछ लोगों ने राशन पूरा मिलने की बात कही। किंतु ज्यादातर लोगों ने एसडीओ को बताया कि सभी लोगों को कम मात्रा में राशन दिया जाता है। किताबउद्दीन अंसारी ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य हैं, किंतु उन्हें 18 किलो राशन ही मिलता है। यही बात एक अन्य लाभुक सुदामा साव ने भी दोहराई। राधिका देवी बताया कि उनके घर में चार सदस्य हैं और उन्हें 17 किलो चावल मिलता है। उनका यह भी आरोप था कि उन्हें तीन चार बार दुकान दौड़ना पड़ता है। तब जाकर उनको राशन मिलता है। एक अन्य लाभुक रामसूरत यादव ने बताया कि उनके परिवार में पांच सदस्य हैं उन्हें 22.5 किलो चावल मिलता है, जबकि उन्हें 25 किलो राशन मिलना चाहिए। लगभग ऐसी ही प्रतिक्रियाएं अन्य लाभुकों द्वारा दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित डीलर को कड़ी चेतावनी दी की वह ससमय व पूरी मात्रा में राशन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच प्रतिवेदन संबंधित विभागीय वरीय पदाधिकारियों को कार्रवाई की अनुशंसा सहित अग्रेषित किया जा रहा है।

### अंचल निरीक्षक को दी गयी भावभीनी विदाई

**रमना।** शनिवार को रमना अंचल निरीक्षक को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह का संचालन प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल ने किया। अंचल निरीक्षक दिवाकर सिंह ने सेवानिवृत अंचल निरीक्षक राजकुमार सिंह को उनके कार्यकाल में मिले सहयोग की सराहना की और स्वस्थ्य जीवन की कामना की। प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल ने उनके कार्यकाल की सराहना की और सेवानिवृति के बाद भी अंचल कार्यालय को समय-समय पर अपना मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया। अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पाण्डेय ने इस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा की इस कार्य में विरले ही बेदाग सेवानिवृत होते हैं। उन्हें में से एक हैं अंचल निरीक्षक राजकुमार सिंह, जिन्होंने 34 वर्षो के कार्यकाल में किसी भी प्रकार का कोई शिकायत इनके विरुद्ध नहीं हुआ और आज बेदाग सेवानिवृत हो रहे हैं। अपने सेवा काल में हर काम को पूरी ऊर्जा के साथ किये। किसी भी अंचल से सम्बन्धित कार्य को करने में कोई कोताही नहीं किये। इस कर्तव्य को निभाने में अपने परिवार को पूरा समय नहीं दें पाते थे। चुकी सेवा के योगदान तिथि को ही सेवानिवृति की भी तिथि तय हो जाती हैं।

# इंटरमीडियट कॉमर्स में शतप्रतिशत व साइंस में रिजल्ट 88 प्रतिशत, राज्य में अव्वल रहा लातेहार

नवीन मेल संवाददाता

**क्षितिज सोनी कॉमर्स में व पियुष साइंस में जिला टॉपर**

झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी इंटरमीडिएट की परीक्षा में लातेहार का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। कॉमर्स व साइंस दो संकायों में लातेहार जिला ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है। कॉमर्स में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नावागढ़, लातेहार के क्षितिज सोनी ने सर्वाधिक 434 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने हैं। राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की लक्ष्मी कुमारी ने दूसरा और संत तेरेसा बालिका प्लस टू स्कूल महुआडांड़ की कुमकुम कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज बालुमाथ का सूरज कुमार, संत जोसेफ प्लस टू स्कूल महुआडांड़ का पंकज सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की ममता कुमारी, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कुमंडीह की निशा कुमारी, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा का निखिल कुमार, संत तेरेसा बालिका प्लस टू विद्यालय की रेणु केरकेट्टा व तनवी श्रेया ने क्रमश: चौथा से 10 वां स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान (साइंस) में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा का पियुष कुमार गुप्ता ने जिला टॉपर का स्थान प्राप्त किया है। राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ की रेशमी कुमारी व राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह की अर्शी अंजुम ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**लातेहार।** एक तरफ जहां लातेहार पुलिस बैक टू बैक नक्सलियों को झटका दे रही है, तो वहीं दूसरी तरफ हमारे जिले के बच्चे पूरे राज्य में लातेहार का गौरव बढ़ा रहे हैं और अपना लोहा मनवा रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटरमीडियट कॉमर्स और सांइस का रिजल्ट जारी में लातेहार जिला कॉमर्स और साइंस दोनो में पूरे झारखंड में अव्वल जिला रहा है। कॉमर्स में लातेहार का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा, जबकि साइंस में लातेहार जिला का रिजल्ट 88.2 प्रतिशत रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में कॉमर्स के कुल 171 छात्र व छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया था। इनमें 104 बालक और 67 बालिकायें शामिल थीं, जबकि 169 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इन छात्र व छात्राओं में 160 ने प्रथम श्रेणी व नौ ने द्वितीय श्रेणी से उर्तीण किया है। पिछले साल लातेहार का कॉमर्स में रिजल्ट 98 प्रतिशत हुआ था। इस प्रकार इंटरमीडिएट के साइंस में इस वर्ष लातेहार जिले से कुल 1050 छात्र व छात्राओं ने अपना निबंधन कराया था, जबकि 1044 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 819 प्रथम श्रेणी व 100 ने द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। पिछले साल इंटरमीडिएट साइंस में लातेहार का रिजल्ट 90 प्रतिशत था। जबकि संत जोसेफ प्लस टू स्कूल महुआडांड़ का हुजैफा अहमद व सिफ्ते रजा, आरके हाई स्कूल मनिका का रंजन कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज बालूमाथ का आनंद कुमार, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नावागढ़, लातेहार का मो रेहान अंसारी, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह का मो आदिल अंसारी व ज्ञान प्रकाश ने क्रमशः चौथा से दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## सफल विद्यार्थियों को विधायक प्रतिनिधि ने बधाई दी



**चंदवा।** झारखंड एकेडमिक कॉंसिल के द्वारा शनिवार को इंटर साइंस व कॉमर्स परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। आईएससी में सुरभि कुमारी 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरा व निधि कुमारी 84.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। कॉमर्स में अनिता कुमारी 81.4 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे व प्रदीप उरांव 77 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बच्चों की सफलता पर उनके अभिभावक गर्व महसूस कर रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा,पर्यटन विभाग) आदर्श रवि राज ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशुओं का वितरण

**बारियातू।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में 9 लाभुकों के बीच बकरा-बकरी व आठ लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में जिप सदस्य रमेश राम, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार, पंसस सोनी देवी, डाक्टर सुशील बागे ने वितरण किया। जिप सदस्य राम ने उपस्थित लाभुको को कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशीला बागे ने लाभुकों को जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजना के तहत 75 से 90 प्रतिशत अनुदान पर प्रत्येक लाभुक को एक बकरा, चार बकरियां व आठ लाभुकों के बीच 15-15 बत्तख चूजा दी गयी। साथ ही पशुओं और चूजों की देखरेख व रख-रखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी लाभुकों को दी। बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक दवाएं भी किसानों को प्रदान की गयी कार्यक्रम में विभाग के विनोद बैठा सहित लाभुक उपस्थित थे।

## सरयु व बालूमाथ में 100-100 बेड का आदिम जनजाति छात्रावास की मिली स्वीकृति

**लातेहार।** प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत जिला लातेहार के प्रखण्ड-सरयू व बालूमाथ में एक-एक यूनिट 100 बेड वाले आदिम जनजाति छात्रावास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। सरयू प्रखण्ड के +2 हाई स्कूल सरयू के कैम्पस में छात्रावास भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना निदेशक आईडीए प्रवीण कुमार गगराई के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के मार्गदर्शन में यह छात्रावास (पीएम-जनमन) योजना के तहत आदिम जनजाति के बच्चों को सुरक्षित और बेहतर रहने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आदिम जनजाति के बच्चों को सुरक्षित और उच्चस्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इन छात्रावास भवनों का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन और नक्शा के अनुसार किया जाएगा। जिला प्रशासन आदिम जनजाति के बच्चों के शिक्षा और उनके सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## जिला प्रशासन ने किया लाभुकों के बीच पर्चा का वितरण

**लातेहार।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर और झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के अथक प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विस्थापित ग्रामीणों के बीच पर्चा का वितरण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे। मौके पर जिला अध्यक्ष शाहदेव ने इसके लिए उपायुक्त लातेहार को साधुवाद दिया है। जिन्होंने विस्थापित ग्रामीणों के बीच जिला प्रशासन के उपस्थिति में पर्चा वितरण कराया गया। उन्होंने जिला प्रशासन के पूरे टीम को भी आभार जताया है। विस्थापित ग्रामीणों को भी बधाई दी है। कहा किउन्होंने भी संयम रखा जिसका नतीजा सभी के सामने है। बताते चले कि सदर प्रखंड के भुसुर पंचायत में बन रहे खेल स्टेडियम में जो ग्रामीण विस्थापित हुए हैं।

# विधायक की पहल पर पांच वर्षो बाद बिजली से जगमगाया दारी गांव

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के दारी गांव में विधायक जनार्दन पासवान के पहल पर पांच वर्षो के बाद गांव में पुनः बिजली आई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आने के महज कुछ महीनों में बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। ग्रामीणों ने कई बार विभाग से कई बार मांग किया, लेकिन किसी ने इसकी सुध नहीं लीं। इसकी जानकारी जब वर्तमान विधायक जनार्दन पासवान को हुई तो उन्होंने तुरंत उक्त गांव में 63केवी का ट्रांसफर लगाया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद विधायक ने उक्त गांव में बिजली ट्रांसफार्मर का विधिवत रूप से पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। गांव में बिजली बहाल होते ही ग्रामीण काफी हर्षित हुए व विधायक के प्रति अभार व्यक्त किया। विधायक ने ग्रामीणों के पेयजल की समस्या को दखते हुए उक्त गांव मे तीन डीप कराने का आश्वसन दिया। ग्रामीणों की मांग पर नवादा से जोरी तक सड़क बनाने की बात विधायक ने कही है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, नवादा मुखिया भरत यादव,योगीयरा पंचायत पूर्व मुखिया बसंत पासवान, चन्द्रिका यादव, निर्भय ठाकुर, जीतेन्द्र सौंडिक, प्रमोद गुप्ता, अजय यादव, प्रेम यादव,सुरेंद्र यादव, कामेश्वर यादव, मुकेश यादव, नविन यादव, रामवृक्ष भारती, सुनील यादव, मुरारी गंझु, गुलाब यादव, गुजेश भारती, महेश गंझू, रवि वर्मा समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए आमसभा का आयोजन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हेरहंज महतो टोला आंगनवाड़ी केंद्र भवन में आंगनवाड़ी सेविका चयन आयोजित किया गया। 13 आवेदन पत्र भरा गया, जिसमें कुछ लोगों के द्वारा पोषक क्षेत्र से बाहर बोलकर हंगामा भी हुआ। कुछ उम्मीदवार को बताया गया कि शैक्षणिक स्थान पर जॉब करती है, जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीणों ने विरोध किया। लेकिन सरकार की गाइडलाइन को देखते हुए सभी को फॉर्म भरने का अनुमति दिया गया। पदाधिकारी के द्वारा सरकार की गाइडलाइन को पालन करते हुए फॉर्म अभ्यर्थियों से भरवा कर कर अग्रेतर जिला को प्रेषित करने के लिए चले गए। मौके पर सीडीपीओ बालूमाथ सोमा उरांव, हेरहंज प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार, एवं सुपरवाइजर ममता मासूम, बड़ा बाबू, पंचायत समिति सदस्य निर्मला कश्यप, हेरहंज पंचायत के मुखिया प्रीति कुजूर, वार्ड सदस्य सह उप मुखिया राजबली यादव, आंगनवाड़ी प्रभार सेविका मीरा कुमारी, शिक्षक सतीश प्रसाद के देखरेख में आमसभा कराया गया। मौके पर सैकड़ो हेरहंज ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**लातेहार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को लातेहार जिले में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों,सहिया और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान और इससे बचने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि तंबाकू कई गंभीर बीमारियों की जड़ है, इसका त्याग करना स्वस्थ जीवन की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने उपस्थित लोगों को तंबाकू और इससे जुड़ी सभी चीजों से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ समाज की ओर प्रेरित करना था। मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर शोभा टोपनो, जिला एनटीसीपी नागेंद्र कुमार, बीसी आशीष डींग, एफएलसी परवेज अख्तर व आस्था गुप्ता साइकोलॉजिस्ट एनटीसीपी आदि मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सर्व ब्राह्मण समाज के पहल पर उडसु में प्रखंड प्रशासन व जिला परिवहन विभाग की ओर से सड़क में सुरक्षित परिचालन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन विभाग से पहुंचे सुरक्षा प्रबंधक अमित कंसल, सीओ विजय दास व थाना प्रभारी उमेश राम ने मौजूद दर्जनों वाहन चालकों को सुरक्षा मानक अनुपालन का शपथ दिलाया। अभियान के दौरान हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, ओवर टेक या ओवर स्पीड चलाने वालों को माला पहना कर कड़ा निर्देश दिया गया। नियम का अनुपालन करने वालों को गुलाब का फूल भेंटकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान परिवहन विभाग से पहुंचे सुरक्षा प्रबंधक ने जागरूकता अभियान की प्रासंगिकता को बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की। मौके पर डीटीओ ऑफिस से नीरज कुमार समेत ब्राह्मण समाज से उपेन्द्र पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, विजय गिरी, विकास पांडेय, दिलीप पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

# पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रखंड प्रमुख पर कार्रवाई होगी : एसडीओ

- अविश्वास प्रस्ताव का दिया आवेदन, जोड़-तोड़ राजनितिक हुई शुरु

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के विरूद्ध प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा बीडीओ संदीप कुमार को लिखित तौर पर अविश्वास प्रस्ताव दिये जाने के बाद से मनिका प्रखंड का राजनितिक तापमान बढ़ गया है। इसे लेकर राजनितिक दल के लोग भी अपनी रोटी सेंकने की जुकात करने लगे है। सूत्रो से मिल रही जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात लोहिया भवन मनिका में एक विशेष राजनितिक दल के नेताओं की बैठक भी चली। इस दौरान वैसे पंचायत समिति सदस्यों को लाकर मनाने का प्रयास भी किया जा रहा था जो प्रखंड प्रमुख के कार्यप्रणाली से नाराज है। मिली जानकारी के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी सहमति देने वाले पंचायत समिति के घरों में जा जाकर एक विशेष राजनितिक दल के नेताओं के द्वारा प्रखंड प्रमुख के बचाव में जबरन हस्ताक्षर कराने का दबाव भी बनाया जा रहा है, ताकि अविश्वास प्रस्ताव पर रोक लगाई जा सके। नाम न छापने के शर्त पर प्रखंड के दो पंचायत समिति सदस्यो ने कहा कि जबसे हमने प्रखंड प्रमुख के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव के पड़े आवेदन मे अपना सहमति दिया है। राजनितिक दल के कुछ नेताओं के द्वारा प्रखंड प्रमुख के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन दिये जाने के बाद से राजनितिक दलों के बीच पंचायत समिति सदस्यो को विश्वास में लेने हेतू खरीद फरोख्त का खेल भी शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि भाजपा समर्थित प्रखंड प्रमुख पर पंचायत समिति सदस्यों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्रमुख को दिये गये समर्थन को वापस लेते हुए जिला प्रशासन को अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए बैठक बुलाने का आग्रह किया है। इधर इस मामले को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर में पत्रकारो के द्वारा पूछे जाने पर बताया कि मनिका प्रखंड प्रमुख के विरूद्ध पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने का मामला संज्ञान में आया है। पंचायती राज अधिनियम तथा उसके गाइडलाइन और सरकार के सकंल्प के आधार पर कारवाई की जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिये गये उक्त बयान के बाद प्रखंड की राजनितिक में और गर्माहट आ गई है।


**कार्यालय:- जिला परिषद, लातेहार**

ज्ञापांक:– दिनांक:–

**द्वितीय सूचना**

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद की मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या 89 में जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गए निर्णयानुसार मॉडल डाक बंगला, महुआडांड एवं माको डाक बंगला, लातेहार हेतु निम्न सामग्री की क्रय किया जाना आवश्यक है। उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत दूकानदारों से दिनांक 09/06/2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक सभी कर सहित कोटेशन निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भेजेंगे/जमा करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक– 10/06/2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन् में उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी जिसमें कोटेशनदाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अवश्य उपस्थित रहेंगे।

1. किसी भी समय कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जायेगा।
2. सूचना प्रकाशन संबंधित जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

सामग्री का विवरणी

| क्र0 | सामग्री का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | हैण्डल युक्त जेनरेटर (Kirloskar Generator) 05 HP | 02 Pc | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद्, लातेहार

PR 353958 Rural Development(25-26).D


## संत जेवियर कॉलेज हॉस्टल अधीक्षिका को दी गई विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** सेंट जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ के मीटिंग हॉल में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व छात्रावास अधीक्षिका सिस्टर लिसा की विदाई और नई अधीक्षिका सिस्टर कैरोलिन, तसिस्टर रेजी थॉमस के स्वागत के लिए आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। कॉलेज के प्राचार्य फादर जोश ने सिस्टर लिसा के समर्पण व अनुशासन की सराहना करते हुए छात्राओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। फादर जोश ने उन्हें उनके 5 साल के अतुलनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद फादर जोश ने उनकी यहां तक की यात्रा के विषय में जानकारी साझा की। इसके बाद सिस्टर लिसा ने अनुभवों को सबके साथ साझा किया। कहा कि यह छात्रावास सिर्फ एक भवन नहीं, मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। यहां की छात्राएं मेरी बेटियों की तरह हैं। सिस्टर कैरोलिन और सिस्टर रेजी थॉमस का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। उनका स्वागत गुलदस्ता देकर फादर जोश ने किया। सिस्टर कैरोलिन ने कहा कि मैं इस नये दायित्व को एक ईश्वरीय सेवा मानती हूं और मैं हर छात्रा के समग्र विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। सिस्टर रेगी थॉमस ने भी छात्राओं को भरोसा दिलाया कि वह उनके जीवन में मार्गदर्शक और मित्र की भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में फादर समीर , सिस्टर चंद्रोदया, असिस्टेंट प्रोफेसर शालिनी बाड़ा, शशि शेखर ,अभय डुंगडुंग, मैक्सेंशियस कुजूर,जफर इकबाल,सभी शिक्षेकेत्तर एवं गैर शिक्षेकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोरोना से बचाव को लेकर स्वास्थ्य केंद्र में किया गया मॉक ड्रिल

**चंदवा।** कोरोना के बढ़ते प्रभाव व संभावित खतरे से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा ने सीएचसी में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील रखने,मरीजों के समुचित देखभाल की व्यवस्था करने,बाहर से आने वाले लोगो पर निगरानी रखने व कोविड जांच सुनिश्चित करने के साथ हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहने की बात कही। उन्होने लोगों से कोरोना से बचाव को लेकर मास्क,सैनिटाइजर का उपयोग सुनिश्चित करने व कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर डॉ.मनोज कुमार स्वास्थ्य कर्मी देवाशीष पंडा, एमपीडब्ल्यू सीताराम बीपीएम अमित सिंह,एमटीएस कृष्णकांत एएनएम उर्मिला कुमारी, बालगोविंद, प्रवीन कुमार भोला, मो हसीब, सौरभ मिश्रा समेत कई लोग मौजूद थे।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा**

**मछली पालन में रुचि रखने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा चतरा जिले के प्रवासी मजदूरों/कामगारों (Migrant workers) को सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 796 दिनांक 19.05.2025 के आलोक में प्रवासी मजदूरों/कामगारों (Migrant workers) को पलायन से रोकने एवं रोजगार से जोड़ने हेतु मत्स्य पालन कार्य से जोड़ा जाना है, तथा मत्स्य विभाग, द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाना है।

जिले के वैसे इच्छुक प्रवासी श्रमिक/कामगारों (Migrant workers) जिनके पास निजी अथवा लीज पर तालाब/जलकर हो वे रोजगार के उद्देश्य से मत्स्य पालन का कार्य कर सकते हैं। यह पहल श्रमिकों को स्थायी रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। मत्स्य पालन से संबंधित जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
चतरा

PR 353949 Fish (25-26)_D


# वीरता को मिला सम्मान: डीसी-एसपी ने नक्सलियों को मार गिराने वाले पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पिछले दिनों दो अलग-अलग मुठभेड़ में बड़े नवसलियों को मार गिराने वाले पुलिस तथा सुरक्षा बलों के अधिकारियों जवानों के लिए पुलिस लाइन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर डीसी उत्कर्ष गुप्ता और एसपी कुमार गौरव ने पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों व अधिकारियों को बधाई व शाबाशी दी और उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि लातेहार एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम के द्वारा जिस प्रकार जिले की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं, यह आने वाले पीढ़ियों के लिए काफी फायदे मंद होगा। उन्होंने काम कि इस सफलता के लिए अधिकारियों और जवानों ने जो मेहनत की है उसे आज सभी लोग सलाम कर रहे हैं। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि दो अलग-अलग मुठभेड़ में जिस प्रकार तीन बड़े नक्सलियों को मार गिराया गया और कुछ नक्सलियों की गिरफ्तारी भी हुई है, इस पूरे कार्य में शामिल पुलिस के अधिकारियों और जवानों की मेहनत काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में जो विकास के कार्य अवरुद्ध हो रहे थे उनमें अब तेजी आएगी। इससे लातेहार जिले का विकास भी तेज गति से होगा। उन्होंने कहा कि अभियान को प्लान करने में जितनी मेहनत की गई थी, उतनी ही मेहनत पुलिस के अधिकारियों, जवानों तथा सुरक्षा बलों ने भी करते हुए अभियान को पूरी तरह सफल बनाया। जिस प्रकार नक्सलियों के द्वारा सामने से गोली चलाई जा रही थी उस स्थिति में भी जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए न सिर्फ नक्सलियों को जबाव दिया, बल्कि उन्हें मार भी गिराया। इसी कारण लातेहार पुलिस की वीरता की बात राज्य से लेकर देश स्तर तक हो रही है इस मौके पर अभियान में शामिल तथा अभियान में अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने वाले पुलिस के अधिकारियों जवानों, सुरक्षा बलों जिला प्रशासन के अधिकारियों स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले मुख्य लोगों में सीआरपीएफ के टू आइसी सहायक कमांडेंट सोमनाथ यादव, लातेहार मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पद?धिकारी अरविंद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद सिन्हा, सप इंस्पेक्टर रविंद्र महली, मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, थाना प्रभारी पारसमणी समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हैं।


**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमा करने पर नगर परिषद, गढ़वा द्वारा करदाताओं को कर (वर्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है जो निम्न प्रकार है :–

➢ सभी करदाताओं को 15% की छूट ।

इसके अतिरिक्त

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 05% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 05% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 05% की छूट
- ट्रांस्जेण्डर होने पर 05% की छूट
- दिव्यांग होने पर 05% की छूट
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगा।

Online(https://udhd.Jharkhand.gov.in) जमा करने पर 05% की छूट

साथ ही वैसे लोग गढ़वा नगर परिषद, अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यवपारी वर्ग/गैर व्यवपारी वर्ग जिन्होंने अब तक अपने आवासीय /गैर आवासीय भवनों का होल्डिंग टैक्स जमा नही किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्शो से होल्डिंग टैक्स की बकाया राशि अबतक जमा नही किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को सुधार करा लें एवं Trade License /Holding Tax का बकाया नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय में स्वयं जमा कर दें अन्यथा उक्त तिथि बाद से होल्डिंगधारक पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली एवं झारखंड म्यूनिसिंपल एक्ट 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत नगर परिशद गढ़वा द्वारा कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए नए/पूराने/प्लॉट/व्यवपारी वर्ग/गैर व्यवपारी वर्ग/आवसीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वयं जिम्मेदार या दोशी माने जायेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 353957 Urban Development (25-26)_D

# 9वीं रैंक के साथ लोहरदगा टॉपर बनीं रोशनी भगत

- आईएएस अधिकारी बनना चाहती है जिला टॉपर रौशनी भगत
- सेल्फ स्टडी से रचा इतिहास, आदिवासी बेटी ने दिखाया हौसले का दम

**नवीन मेल संवाददाता**

## झारखंड बोर्ड इंटर साइंस परीक्षा परिणाम



### रोशनी बनीं व बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत

रोशनी भगत की कहानी उन हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो सीमित संसाधनों में भी बड़ा सपना देख रहे हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि संकल्प, परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है।

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड के प्लस 2 नंदलाल उच्च विद्यालय अरु की मेधावी छात्रा रोशनी भगत ने इंटर साइंस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 468 अंक प्राप्त किए हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आयोजित इस परीक्षा में रोशनी ने राज्य में 9वां स्थान प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम पूरे झारखंड में रोशन किया है। विद्यालय के इतिहास में पहला अवसर है जब किसी छात्रा ने राज्य स्तर पर टॉप 10 में स्थान पाया हो। रोशनी एक आदिवासी परिवार से ताल्लुक रखती हैं और लोहरदगा के दूरस्थ गांव तोरार पखन टोली की निवासी हैं। उनके पिता इंद्रपाल भगत मजदूरी कर परिवार चलाते हैं और माता शिला भगत गृहणी हैं, जो बेटी की शिक्षा में निरंतर सहयोग देती रही हैं।

रोशनी ने कोचिंग या ट्यूशन नहीं ली, बल्कि अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया। अपनी इस उपलब्धि के बाद रोशनी ने कहा मेरे शिक्षक, माता-पिता और स्कूल ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। अब मेरा लक्ष्य है कि मैं सिविल सेवा परीक्षा पास कर आईएएस अधिकारी बनूं और समाज के लिए कुछ कर सकूं। परीक्षा परिणाम आने के बाद रोशनी को जिले भर से बधाइयां मिल रही हैं। उनकी माँ की आंखों में खुशी के आँसू हैं और पूरा परिवार गर्व से भावुक है। वही लोहरदगा के उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने भी रोशनी को बधाई देते हुए कहा रोशनी जैसे विद्यार्थियों पर हमें गर्व है। जिला प्रशासन उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## उपायुक्त ने टॉप थ्री मैट्रिक टॉपर रहे विद्यार्थियों को किया सम्मानित



झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची की ओर से आयोजित इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा 2025 में लोहरदगा जिला की ओर से टॉप थ्री पॉजिशन पर रहने वाले क्रमश: अन्वेषा मुखर्जी (95%), ज्योति कुमारी (94.60%) और मनीष उरांव (94.40%) को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक व छात्रों के माता-पिता भी मौजूद रहे। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद जब आप उच्च शिक्षा प्राप्त करने जाएंगे तो ज्यादा चुनौतियां आपके समक्ष आएंगी जिसे आप सभी को अपने विवेक से सामना करना है। जो भी कॅरियर आप चुनें उसमें आप अपना पूरा सौ फीसदी प्रयास दें तभी आपको सफलता मिलेगी। उपायुक्त ने सभी को बेहतर कॅरियर की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## महिला कालेज की साइंस टॉपर श्रुति बनी सेकेंड जिला टॉपर



- आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं श्रुति, अटल बिहारी वाजपेयी से राष्ट्रप्रेम की मिली है प्रेरणा

**लोहरदगा।** एमएलए इंटर महिला कॉलेज लोहरदगा की छात्रा श्रुति कुमारी इंटर साइंस की परीक्षा में 455 अंक लाकर कालेज टापर और जिले में दूसरे स्थान पर रही हैं। कॉलेज का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। कॉलेज की 24 छात्राएं प्रथम और 21 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। श्रुति कुमारी भंडरा प्रखंड के आकाशी गांव निवासी एलआईसी एजेंट अमरदीप तिवारी और रेखा देवी की बेटी हैं। श्रुति आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। इनका कहना है कि मोटिवेशन से ज्यादा अनुशासन विद्यार्थी के लिए जरूरी है। अनुशासित रहकर पढ़ाई करने से ही यह सफलता मिली है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कथन- कि यह देश रहना चाहिए, इससे काफी प्रेरणा मिली है और देश के लिए समर्पित होकर कार्य करना है। वही साइमा रऊफ 397 अंक के साथ दूसरे, रिद्धिमा मिश्रा 356 अंक के साथ तीसरे, परी गोयल 355 अंक के साथ चौथे, कुमारी अमृता शर्मा 353 अंक के साथ पांचवें, विशाखा कुमारी 347 अंक के साथ छठे, साक्षी सुमन 346 अंक के साथ सातवें स्थान पर रही हैं। प्रिंसिपल स्नेह कुमार ने कहा कि जिले में टॉप टेन में कॉलेज की छात्राएं हमेशा से रही हैं। इस वर्ष भी यह रिकॉर्ड कायम रहा। सफलता पर छात्राओं को सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## 81.8 प्रतिशत अंक लाकर पलक कुमारी बनी कॉलेज टॉपर



- 80.6 प्रतिशत अंक के साथ रोशन कुमार बने महाविद्यालय के द्वितीय टॉपर

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय का इंटर विज्ञान का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इंटर विज्ञान की परीक्षा में पलक कुमारी 81.8%, रोशन कुमार 80.6%, कशिश कुमारी 77%, अपूर्वा कुमारी 76.2%, कनिका कुजूर 74.8%, अजय उरांव 73.4%, सुनील उरांव 72%, शोभा कुमारी 71.4%, आयुष आर्या 70.4% व कनक दीप 69.4% ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख श्रीमान अखिलेश कुमार, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रेणु कुमारी ने भैया बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के माननीय सचिव अजय प्रसाद महाविद्यालय में उपस्थित होकर सभी भैया बहनों का मुंह मीठा कराया एवं आचार्यगणों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। इस अवसर पर परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू, यशोदा कुमारी व कविता कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी भैया बहनों को शुभकामनाएं दी।

## आर्य समाज ने नए डीसी का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** आर्य समाज लोहरदगा द्वारा जिले के नव नियुक्त उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद का लोहरदगा के नव नियुक्त उपायुक्त बनाए जाने पर मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामना दी गई। साथ ही आर्य समाज लोहरदगा द्वारा प्रस्तावित एकदिवसीय 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ कार्यक्रम जो 01 जून दिन रविवार को मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय बरवाटोली में महायज्ञ कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया । आर्य समाज लोहरदगा के मंत्री डॉ आचार्य अशोक ने उपायुक्त महोदय को आर्य समाज लोहरदगा द्वारा जिले में शिक्षा और समाज निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उपायुक्त द्वारा सराहना की गई। अपना सहयोग का संकल्प दोहराया । उपायुक्त ने पूरे भारत में आर्य समाज के योगदान एवं कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर पट्टा पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज लोहरदगा के प्रधान नीरज प्रसाद आर्य, मंत्री डॉ अशोक आचार्य, मीडिया प्रभारी हिमांशु कुमार, संगठन मंत्री लोकेश भूषण, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार कर्मकार आदि मौजूद थे।

## डीसी डॉ. कुमार ताराचंद का स्वागत, डॉ. वाघमारे को दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला समाहरणालय सभाकक्ष में एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर नवनियुक्त डीसी डॉ. कुमार ताराचंद का स्वागत एवं पूर्व उपायुक्त डॉ. वाघमारे का भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जिले के वरीय पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में आपसी सौहार्द्र और सम्मान का दृश्य देखने को मिला। समारोह की शुरुआत डॉ. कुमार ताराचंद द्वारा डॉ. वाघमारे को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई। अपने संबोधन में डॉ. ताराचंद ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, पर कार्यशैली और मूल्यों की छाप हमेशा रहती है। उन्होंने पूर्व उपायुक्त की कार्यशैली, अनुशासन, ईमानदारी एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि वे जिले को विकास की उसी दिशा में आगे ले जाएंगे।

पूर्व डीसी डॉ. वाघमारे ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि लोहरदगा में सेवा देना उनके लिए गर्व का विषय रहा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद जिले में शांति व्यवस्था और विकास कार्यों को गति मिली। उन्होंने निर्वाचन कार्य का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए बताया कि यह अनुभव बेहद शिक्षाप्रद रहा। साथ ही, युवाओं में भाईचारे को बढ़ावा देने हेतु बनाए गए 'सद्भावना मंच' का उल्लेख करते हुए पूर्व पुलिस अधीक्षक राम कुमार के योगदान की सराहना की। वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने पूर्व डीसी की कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि डॉ. वाघमारे के साथ काम करना एक सीखने का अनुभव रहा, विशेषकर जीवन और कार्य में संतुलन के संदर्भ में। इस अवसर पर आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अंचल अधिकारी भंडरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी लोहरदगा समेत कई अन्य अधिकारियों ने अपने विचार रखे। समारोह में जिले के सभी वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 25वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड व 6 सिल्वर पदक जीते



**लोहरदगा।** धनबाद में आयोजित 25वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के 20 बालक और बालिका ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लिए थे। प्रतियोगिता के विभिन्न वेट ग्रुप में शामिल खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर 12 गोल्ड 6 सिल्वर मेडल निकाला। धनबाद से लौटे खिलाड़ियों का लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ ने रेलवे स्टेशन में जोरदार स्वागत किया। लोहरदगा जिला ताइक्वांडो टीम के साथ कोच मेतालि कुमारी देवाल उरांव मैनेजर और ऑफिशियल रेफरी जयमाला कुमारी शामिल हैं। वहीं जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के खिलाड़ियों में साधना सिन्हा गोल्ड, मनीषा कुमारी गोल्ड, रोशनी कुमारी गोल्ड, गौसिया प्रवीण गोल्ड, अंकित कुमार सिन्हा गोल्ड, बंदना कुमारी गोल्ड, अरबिना कुमारी गोल्ड, मनीता कुमारी गोल्ड, क्रिस्टीना मिंज गोल्ड, रानी उराव गोल्ड, सोनम कुमारी गोल्ड, अंशिका कुमारी गोल्ड, रोशनी कुमारी सिल्वर, रेखा कुमारी सिल्वर, मासि कच्छप सिल्वर, प्राची उरांव सिल्वर, राधिका कुमारी सिल्वर और पूजा कुमारी सिल्वर मेडल निकाला है। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन और उनके उज्वल भविष्य की के लिए जिला ताइक्वांडो संघ के लोगों ने बधाई दिया है।

## गायत्री परिवार ने चलाया नशामुक्ति अभियान



**लोहरदगा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार ने जिले तथा प्रखंडों में नशामुक्ति अभियान चलाया। इस अवसर पर लोहरदगा के रेलवे स्टेशन, बरवाटोली चौक, मैना बागीचा सहित सेन्हा, भण्डरा, कैरो प्रखंड क्षेत्र के गांवो में नशामुक्ति अभियान चलाए गए। आम जनमानस के बीच नशा के खतरनाक दुष्परिणामों को बतलाया गया और संबंधित साहित्य भी वितरण किए गए। मौके पर गायत्री परिवार के भाई बहन अपने पारंपरिक पोशाक में लोगों से नशा न करने का संकल्प भी करवाए। मौके पर पिंकी जयसवाल, सतीश चंद्र ठाकुर अनिल साहू, विजय सोनी, दिलीप साहू, रंजीत साहू, लवकुश अग्रवाल, देवेंद्र मंडल, रंजीत साहू, उर्मिला देवी, बुधराम उरांव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर न्यू पुलिस लाइन प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

- पुलिस कप्तान हुए शामिल, विश्व तम्बाकू दिवस पर दिलाया पुलिस कर्मियों को शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस कप्तान के उपस्थिति में लोहरदगा जिला पुलिस बल व पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदित हो की प्रखंड क्षेत्र के न्यू पुलिस लाइन बक्सीडीपा में शनिवार को तम्बाकू निषेध दिवस पर पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम में पुलिस जवान एवं पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और सभी ने भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने तथा लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक करने का संकल्प लिया। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि आज हम गर्व के साथ विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन कर रहे हैं। जिसे किसी भी प्रकार का नशीले पदार्थ का सेवन हमें नहीं करना है। इससे हमारे परिवार, समाज एवं देश का बहुत अधिक नुकसान होता है। उन्होने कहा नशीला पदार्थ सभ्य समाज के लिए घातक होता है। हमें इससे बचना बहुत ही आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कर तंबाकू या नशीला पदार्थ का सेवन से हो रहे गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है। वही एसपी सादिक अनवर रिजवी द्वारा बताते हुए तंबाकू और नशीला पदार्थ का उपयोग से बचने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तंबाकू और कोई नशीला पदार्थ का उपभोग एक बहुत बडी समस्या है। जो विश्वभर में लाखों लोगों को प्रभावित किये हुए है। जिसे इसका नकारात्मक प्रभाव बहुत से लोगों पर शारीरिक तथा मानसिक समस्याओं के रूप में दिखाई देता है। इसके अलावे तंबाकू और नशीला वस्तु का उपयोग से आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। वही तंबाकू उपयोग से नकारात्मक प्रभावों को समझते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू निषेध अभियान की शुरुआत की गई। जो प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया है। सभी नागरिकों को तंबाकू का उपयोग करने से दूर रहने का परामर्श दिया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी, किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर, डीएसपी समीर कुमार तिर्की, मेजर शेरू रंजन, इंस्पेक्टर सुधीर प्रसाद साहु, सार्जेंट विवेक और मुकेश कुमार के अलावे अन्य पुलिसकर्मी विश्व तंबाकू दिवस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल थे।

### उपायुक्त कुमार ताराचंद ने जिला के सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पदाधिकारियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने व सौ प्रतिशत देने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त कुमार ताराचंद ने सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की। इस मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा उपायुक्त को अपना परिचय दिया गया और विभाग की गतिविधियों/योजनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों, अपने यहां संचालित योजनाओं, लक्ष्य की समीक्षा कर उसमें अपना सौ प्रतिशत योगदान देना सुनिश्चित करें। अगर किसी प्रकार की समस्या है तो मिलकर समाधान निकाला जाएगा। पूर्व से संचालित योजनाओं में लाभुक चिन्हित करने की तैयारी पूर्व से ही कर लें तभी लक्ष्य को समय पर पूर्ण किया जा सकेगा। अपने योजनाओं की सतत् समीक्षा करते रहें। सभी योजनाओं में ग्रामसभा कराकर, प्रखण्ड स्तरीय समिति से योजनाओं का अप्रूवल लेकर उसे जिला स्तर पर भेजें ताकि राज्यादेश प्राप्त होते ही उसे अनुमोदित किया जा सके। किसी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए मैं सप्ताह में चौबीसों घंटे उपलब्ध रहूंगा। पूर्व के वर्षों में हुए कार्यों को नियमित रूप से आगे बढ़ाउंगा और नयी चीजों को भी उसमें जोड़ा जाएगा। बैठक में खनन, निर्वाचन, परिवहन, सहकारिता, खेल विभाग, शिक्षा, निबंधन, स्वास्थ्य, भूमि संरक्षण, उद्यान, उत्पाद, कृषि, पशुपालन, गव्य, मत्स्य, कृषि, जलछाजन, नियोजन, पर्यटन, श्रम, पंचायतीराज, आपूर्ति, योजना, आईटीडीए, समाज कल्याण, भू अर्जन, राज्यकर, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, आरईओ, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, भवन प्रमण्डल समेत अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई और योजनाओं में सौ प्रतिशत अपना देने का निर्देश दिया गया। लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। खेल पदाधिकारी को मैराथन/दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व अन्य उपस्थित थे।

### विभिन्न विभागों को मिला निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने जिला में सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जिला में चिकित्सकों व विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, की समीक्षा की। साथ ही, प्रखण्डों से रक्त जांच के लिए प्राप्त होनेवाले सैंपल को जिला में जांच के लिए उसी दिन भेजा जाए जिस दिन प्रखण्डों में सैंपल प्राप्त किया जाता हो। डीपीएम स्वास्थ्य के डेटा की समीक्षा करें। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में सभी पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर की उपलब्ध व उनकी कनेक्टिविटी, संचालित हो रहे ज्ञान केंद्र की स्थिति की समीक्षा की और शेष ज्ञान केंद्रों को भी प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा की समीक्षा में पेंशन की योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही पूर्व से संचालित योजनाओं में लाभुक चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में आपूर्ति विभाग अंतर्गत विभिन्न तरह के कार्ड व उसके अंतर्गत लाभुक कार्डधारकों की समीक्षा की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा खाद्यान्न के उठाव व वितरण की भी जानकारी उपायुक्त को दी गई। जिला योजना विभाग द्वारा केंद्र से प्राप्त अवार्ड मनी, बीते बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों व उसके विरुद्ध खर्च होनेवाली राशि की जानकारी दी गई। योजना पदाधिकारी द्वारा एससीए योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**(चोरी की गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–202/2025 दिनांक–01.05.2025 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0–JH03U5814 इंजन नं0–HA10AGJH011695 एवं चेचिस नं0– MBLHAR075JH061045 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 354006 Police
(25-26)D

झारखण्ड सरकार
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छत्तरपुर, पलामू**
Email Id-itichhattarpur@gmail.com

**ITI (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) छत्तरपुर, पलामू में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण,श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक–639,एवं पत्रांक–640 दिनांक–07.05.2025 के आलोक में NCVT द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI), छत्तरपुर में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते है, और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, वो ऑनलाईन आवेदन पत्र () पोर्टल पर दिनांक–20 मई 2025 से 13 जून 2025 संध्या 5 बजे तक आंमत्रित किये जायेगें।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:– सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं/दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू, में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटें:–

| क्र0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | उम्र सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Electrician | 02 वर्ष | 40 | 10th | 14 to 40 वर्ष |
| 2 | Fitter | 02 वर्ष | 40 | 10th | 14 to 40 वर्ष |
| 3 | Mechanic Diesel | 01 वर्ष | 48 | 10th | 14 to 40 वर्ष |
| 4 | Welder | 01 वर्ष | 40 | 8th/10th | 14 to 40 वर्ष |

02. ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि:–

| क्र0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत,कोटि एवं अन्य प्रविष्टयों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

03. **Time Schedule for 1st Round of online Counselling**

| SL No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s)/or ITI(s) | 24-06-2025 | 01-07-2025 |
| 2 | Seat Allotment and downloading Provisional seat Allotment Letter | 04-07-2025 | 21-07-2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 04-07-2025 | 21-07-2025 |

04. **Time Schedule for 2nd Round of online Counselling**

| SL No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s)/or ITI(s) | 24-07-2025 | 30-07-2025 |
| 2 | Seat Allotment and downloading Provisional seat Allotment Letter | 04-08-2025 | 14-08-2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 04-08-2025 | 14-08-2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा /Download किया जा सकता है।

नोट:– ऑनलाईन आवेदन करने से संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू से सम्पर्क कर सकते है। मो0 न0 –8210477752, 9065807810

1. आनलाईन आवेदन करने की सुविधा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर के कार्यालय में भी उपलब्ध है।
2. राज्य सरकार के कल्याण विभाग के नियमानुसार **ST/SC/OBC** छात्र/छात्राओ को छात्रवृति दी जाती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू।
मो0–8674862427

नामांकन प्रभारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू।
मो0–9955986573

PR 354000 District (25-26)_D

# इंटर साइंस टॉपर बना अभिनव कुमार

## पम्पापुर इंटर कॉलेज के छात्रों ने विज्ञान व वाणिज्य संकाय में लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 के परिणाम में पम्पापुर इंटर कॉलेज, पालकोट के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में कॉलेज के छात्र अभिनव कुमार ने 460 अंक (92%) प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने न सिर्फ अपने कॉलेज बल्कि पूरे गुमला जिले का नाम ऊंचा किया है।

विज्ञान संकाय के अन्य सफल छात्रों में हिमांशु कुमार साहू ने 82.2%, प्रिंस कुमार ने 77%, सीता कुमारी ने 74%, नितेश उरांव ने 73%, मधुसूदन साहू, विवेक उरांव, खुशबू कुमारी (349 अंक), सरस्वती कुमारी (67.4%) और कालेश्वरी कुमारी (67%) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।

वहीं वाणिज्य संकाय में शिला एक्का ने 379 अंक (75.8%), अमित करकेट्टा ने 74.8% और दिलभजन मुंडा ने 367 अंक (73.4%) प्राप्त कर कॉलेज एवं जिले का नाम रौशन किया। दिलभजन का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा क्योंकि वे एक वित्त रहित महाविद्यालय के छात्र हैं।

पम्पापुर इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार जायसवाल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



### इंटर कॉमर्स परीक्षा में भरनो प्लस टू हाई स्कूल के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**भरनो।** भरनो प्रखंड स्थित प्लस टू हाई स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। इंटरमीडिएट कॉमर्स की परीक्षा में शामिल हुए सभी छह विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। सफल छात्रों में अंजली धान, अस्तमा कुमारी, नाज परवीन, आरती कुमारी, अमृता बारला और समशाद पंवरिया शामिल हैं। विद्यालय की प्रचार्या वरदानी टोप्पो ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### चपका निवासी अमन कुमार साहू ने विज्ञान विषय में 90.06% लाकर नाम किया रौशन



**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के चपका गांव के निवासी कैलाश साहू एवं सुनीता देवी के सुपुत्र अमन कुमार साहू ने संत पत्रिक इंटर कॉलेज गुमला से विज्ञान विषय में 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। घाघरा के चपका जैसे क्षेत्र में रहकर इतने अंक लाकर विज्ञान विषय में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करना अपने आप में गौरव का विषय है। इस विषय पर जब अमन साहू से बात की गई तो उन्होंने इसके लिए अपने कॉलेज के शिक्षकों माता-पिता और अपनी कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया। उनके माता-पिता से जब इस विषय पर बात किया गया तो उन्होंने सब बच्चे के मेहनत और ईश्वर के आशीर्वाद तथा शिक्षकों के लगन को इसका श्रेय दिया। आगे अमन से भविष्य के विषय पर उनकी इच्छा पूछे जाने पर उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देश सेवा की इच्छा जताई। बधाई के लिए उनके घर में लोगों का ताता लगा रहा सभी ने बधाई के साथ-साथ अमन के उज्जवल भविष्य की कामना भी किया है।

### आज गुमला समेत 5 प्रखंडों में 4 घंटे बिजली बाधित रहेगी

**गुमला।** आज गुमला जिले के 132/33 केवीए गुमला ग्रिड में आवश्यक तकनीकी कार्य किए जाएंगे। इस कारण गुमला, राईडीह, चैनपुर, डुमरी और जारी प्रखंडों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव ने जानकारी दी कि निर्धारित तकनीकी मरम्मत के चलते इन क्षेत्रों में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 05/2025-26/EE/NREP/LATEHAR जिसका PR No. –353465 NREP (25-26)D में प्रकाशित निविदा में को अपरिहार्यकारण से स्थगित किया जाता है।

PR 353985 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

आवश्यक सूचना

(लापता लड़की प्रज्ञा राज, उम्र– 15 वर्ष)



गढ़वा थाना कांड सं0–196/25 दिनांक–27.04.2025, धारा–137(2), 87, बी0एन0एस0 में लापता लड़की प्रज्ञा राज उम्र–15 वर्ष, पिता–दिवाकर प्रसाद, पता–टंडवा चमरटोली नियर पुरनचंद चौक, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त कांड के वादी दिवाकर प्रसाद के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दि0–26.04.2025 को सुबह 04 बजे उठे तो देखे कि वादी की बेटी प्रज्ञा राज अपने कमरे में नहीं है। उक्त लापता लड़की प्रज्ञा राज का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया :–** लम्बाई–05 फीट 02 इंच रंग–गोरा,
पहनावा–काला रंग का टॉप, ब्लू रंग का जिंस एवं
हवाई चप्पल, भाषा–हिन्दी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 354010 Police(25-26).D


## न्यूज बॉक्स

### गुमला चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद प्रशासक से की मुलाकात



**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुमला नगर परिषद के प्रशासक सारजेन मरांडी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर की प्रमुख समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। मांग पत्र में प्रमुख रूप से डीएसपी रोड में हो रहे जलजमाव और नालियों के ऊपर स्लैब नहीं होने से हो रही परेशानियों का उल्लेख किया गया। इसके साथ ही शहर के हृदयस्थल टावर चौक के सौंदर्यीकरण, बरसात शुरू होने से पहले सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और वार्डों की नालियों की साफ-सफाई की मांग की गई। नगर परिषद के प्रशासक ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए बताया कि डीएसपी रोड की जलजमाव की समस्या एक सप्ताह के भीतर दूर की जाएगी। टावर चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर वरीय अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा, वहीं स्ट्रीट लाइट और नालियों की सफाई का कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य बृज फोगला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चैनपुर के बुकमा में जंगली हाथी का आतंक घर और स्कूल क्षतिग्रस्त, ग्रामीण सहमे

**चैनपुर।** चैनपुर अंचल के बुकमा गाँव में एक जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। हाथी ने जहाँ राजकुमार उरांव के घर में भारी तोड़फोड़ कर अनाज और सामान नष्ट कर दिया, वहीं राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुकमा को भी नहीं बख्शा। ग्रामीण लगातार वन विभाग से सुरक्षा और हाथी भगाने के उपाय किए जाने की गुहार लगा रहे हैं। राजकुमार उरांव ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि शुक्रवार रात लगभग 11 बजे हाथी उनके घर की ओर आया। पहले उसने घर के एस्बेस्टस शीट को खींचना शुरू किया, जिससे वे और उनका परिवार सहम कर घर से बाहर भागे। बाहर आकर उन्होंने देखा कि हाथी उनके घर को तोड़ रहा था। हाथी ने घर की दीवार गिरा दी, जिससे घर में रखा सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया और अनाज पूरी तरह नष्ट हो गया।राजकुमार के घर को तोड़ने के बाद, हाथी ने पास ही स्थित राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुकमा को भी अपना निशाना बनाया। हाथी ने स्कूल की खिड़कियों को तोड़ दिया और स्कूल में रखे पाँच बोरी चावल में से दो बोरी चावल खा गया। इसके अलावा, हाथी ने स्कूली पुस्तकों, अलमारी और टेबल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और महत्वपूर्ण स्कूल के कागजातों को रौंद दिया। इस घटना के बाद से बुकमा गाँव में भय का माहौल है।

### भरनो में बदहाल बिजली व्यवस्था से ग्रामीण बेहाल, अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

**भरनो।** भरनो प्रखंड में इन दिनों बिजली की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ग्रामीणों को प्रतिदिन घंटों तक बिजली की आंख मिचौली झेलनी पड़ रही है, जिससे भीषण गर्मी में उनका जीना दुश्वार हो गया है। लोग बिजली विभाग की लचर व्यवस्था और अधिकारियों की उदासीनता को लेकर बेहद नाराज़ हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब तो चार से पांच घंटे तक बिजली का गायब रहना रोजमर्रा की बात हो गई है, और जब आती है, तो वोल्टेज की समस्या या बार-बार ट्रिपिंग से कोई राहत नहीं मिलती। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आंधी-बारिश में बिजली जाना समझ में आता है, लेकिन बिना किसी मौसमीय कारण के घंटों तक बिजली गुल रहना गंभीर लापरवाही का संकेत है। उनका यह भी कहना है कि गुमला जिले की तुलना में अन्य जिलों में बिजली व्यवस्था बेहतर है। वहां आंधी-तूफान के बाद भी बिजली आपूर्ति शीघ्र बहाल हो जाती है, लेकिन गुमला में स्थिति बिल्कुल उलट है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी शिकायतों के बावजूद समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए, नहीं तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### 20 वर्षीय युवक ने मूनगा के पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** जिले के महुआ टांड़ थाना क्षेत्र के साले गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। गांव निवासी 20 वर्षीय रॉबिन एक्का, पिता निर्मल एक्का, ने शुक्रवार की मध्य रात्रि अपने घर के सामने मूनगा के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब उसे फंदे से उतारकर महुआ टांड़ अस्पताल ले गए, तो चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पिता निर्मल एक्का ने बताया कि गुरुवार की रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। रॉबिन को उन्होंने बगल में सुलाया था। लेकिन रात करीब 12 बजे वह चुपके से उठकर घर से बाहर निकल गया और पेड़ में फांसी लगा ली।

### चैनपुर अंचल में राजस्व उप निरीक्षक माधुरी टोप्पो को दी गई भावभीनी विदाई

**चैनपुर।** शनिवार को चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में राजस्व उप निरीक्षक माधुरी टोप्पो के सम्मान में एक हृदयस्पर्शी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी।माधुरी टोप्पो, जिन्होंने चैनपुर अंचल में अपनी समर्पित सेवाएँ दीं, को अंचल और प्रखंड के सभी सहकर्मियों द्वारा गर्मजोशी और हार्दिक शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने माधुरी टोप्पो के कार्यकाल के दौरान उनके महत्वपूर्ण योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। उपस्थित सभी कर्मचारियों ने माधुरी टोप्पो के साथ बिताए अनुभवों को साझा किया और उनके आगामी जीवन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं। यह विदाई समारोह माधुरी टोप्पो के प्रति उनके सहकर्मियों के गहरे स्नेह और सम्मान का प्रतीक बन गया।कार्यक्रम में अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता के साथ-साथ रोजगार सेवक, पंचायत सेवक और अंचल के अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पुलिस ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, एसपी ने दिलाई शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को गुमला जिले में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश देने के उद्देश्य से विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, गुमला के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, चंदाली परिसर में पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों को तंबाकू एवं तंबाकूजन्य उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह समाज में अनेक बीमारियों और समस्याओं को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए ताकि आम जनता भी इससे प्रेरणा लेकर तंबाकू छोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाए।

इस अवसर पर जिले के सभी थाना, ओपी, कैंप एवं पुलिस प्रतिष्ठानों में भी एक साथ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। संबंधित थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल को तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस आयोजन के माध्यम से पुलिस विभाग ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ पुलिस बल ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू के दुष्परिणामों से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले रोगों, जैसे कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारियों आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के उपायों एवं परामर्श सेवाओं की भी जानकारी दी गई। इस पहल को लेकर जनमानस में सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस विभाग की इस पहल को सामाजिक संगठनों और स्वास्थ्य विभाग ने भी सराहा है।

### गुमला में चला जागरूकता का अभियान, युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

**गुमला।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गुमला जिले में स्वास्थ्य विभाग, जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न प्रखंडों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सर्जन, एसीएमओ, डीएस और एफएसओ द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस दौरान किशोरों, युवाओं और ग्रामीणों के बीच तंबाकू निषेध सत्र, जागरूकता रैली और हस्ताक्षर युक्त शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के स्वास्थ्य उपकेंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स और आंगनबाड़ी केंद्रों पर युवा मैत्री केंद्र के सलाहकारों, एएनएम, सहिया, सेविका, साथिया एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज की टीम ने तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू सेवन से फेफड़ों का कैंसर, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशा मुक्त रहें और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## गुमला बनेगा दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर

- विकसित कृषि संकल्प अभियान से किसानों को मिल रहा नया दिशा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गुमला जिले में "विकसित कृषि संकल्प अभियान" जोर-शोर से चलाया जा रहा है। भारत सरकार की पहल पर चल रहे इस अभियान के अंतर्गत किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक उपकरण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई और पोषक अनाज की खेती के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र, विकास भारती बिशुनपुर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती, समेकित कृषि प्रणाली, और उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। डॉ. कुमार ने यह भी कहा कि जिले में दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदर्शन (डेमोन्स्ट्रेशन) कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे किसान नई तकनीकों को जमीन पर लागू कर सकें। इस अभियान में डिजिटल कृषि, पीएम-किसान योजना, फसल बीमा योजना, और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। जिला प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि किसानों को हरसंभव सहायता दी जाएगी। विशेष बात यह रही कि अभियान में महिला किसानों की भागीदारी को भी प्राथमिकता दी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार, मूल्यवर्धन और कृषि आधारित उद्यमिता की जानकारी देकर उन्हें भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है।

### डुमरी प्रखंड में जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

## 21 मामलों का हुआ निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी (गुमला)।** आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी ने की। शिकायत निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में जाति और आवासीय प्रमाण पत्र से जुड़े 07, राशन कार्ड में नाम संशोधन का 01, बैंक से जुड़ा 01, लगान अपडेट के 04, केसीसी से जुड़े 02, पंजी-2 में सुधार का 01 तथा पेंशन से संबंधित 05 मामले शामिल थे।

बीडीओ श्री स्वांसी ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय कर्मियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। गुमला उपायुक्त के निर्देश पर अब सभी प्रखंडों में नियमित रूप से जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल सके।

### साप्ताहिक ई-जन शिकायत निवारण दिवस में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ ऑनलाईन समाधान

**गुमला।** जिला मुख्यालय गुमला में आज साप्ताहिक ई-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने की। इस दौरान पालकोट और बसिया प्रखंड के ग्रामीणों ने अपने-अपने प्रखंड कार्यालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याएं रखीं, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। पालकोट से एक ग्रामीण ने पंजी-2 से संबंधित भूमि विवाद को उठाया, जिस पर अपर समाहर्ता ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एक अन्य शिकायतकर्ता ने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं होने की समस्या साझा की, जिस पर उन्होंने संबंधित ऑपरेटर को त्वरित समाधान का निर्देश दिया।

### प्राइवेट पार्ट में बोतल डालकर युवक को किया जख्मी, रिम्स रेफर

**गुमला (डुमरी।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगर टोली (सिरसी गांव) में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां तीन अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने एक युवक के प्राइवेट पार्ट में जबरन बोतल घुसा दी। युवक को गंभीर हालत में रिम्स, रांची रेफर किया गया है। घटना के बारे में पीड़ित रुडोल एक्का ने बताया कि वह अपने ससुराल टांगर टोली में अकेले रह रहा था। उसकी पत्नी अपने बच्चे के साथ चाईबासा में एक शादी समारोह में गई हुई थी। रात को खाना खाकर जब वह सो रहा था, तभी कुछ लोगों ने दरवाजा खटखटाया। पूछने पर उन्होंने खैनी मांगा और जैसे ही दरवाजा खोला, तीन नकाबपोश युवक जबरन घर में घुस आए। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उसे शराब पीने के लिए चलने को कहा। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसके प्राइवेट पार्ट में जबरन बोतल डाल दी गई। दर्द और आघात से तड़पते हुए वह किसी तरह गुमला सदर अस्पताल पहुंचा, लेकिन डॉक्टर बोतल नहीं निकाल सके और गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### भरनो थाना का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

## अपराधमुक्त समाज निर्माण के लिए दिए सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने शनिवार को भरनो थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में संधारित विभिन्न पंजी का अवलोकन किया और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीपीओ ने महिला अत्याचार, बाल संरक्षण एवं ट्रैफिकिंग जैसे संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने, नियमित रूप से एंटी क्राइम वाहन जांच करने और ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भरनो थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने और समाज में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण कायम रखने के लिए पुलिस की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दिशा में थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान एसआई अर्जुन यादव, एएसआई सुमन झा सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।


**मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू का कार्यालय**

(NIT)

**ई0–निविदा संख्या– 01/2025–26**

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2025–26 में पुस्तक **एवं जर्नल** क्रय हेतु प्रकाशक/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान,एजेंसियों से ई0 निविदा दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तक का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट (www.jharkhandtenders.gov.in) पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 03.06..2025 |
| 2 | ई0–निविदा बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि | 03.06.2025 TIME- 5 P.M. |
| 3 | ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय | 28.06.2025, TIME- 6 P.M. |
| 4 | ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 01.07.2025 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 2. 30 P.M |
| 5 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | अग्रधन की राशि Online (www.jharkhandtenders.gov.in) के माध्यम से देय होगा। | 10000.00(दस हजार) |
| 7 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 8789186865 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः–क्रय किये जाने वाले पुस्तक **एवं जर्नल** ई0–निविदा की शर्ते आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

PR 353945 (District) 25-26 (D)



झारखण्ड सरकार

**कारा निरीक्षणालय**

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लोहरदगा। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चिनी एवं अन्य विविध सामग्री के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक निविदा–2025 (दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी | रु 5,000.00(पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–11.06.2025 से 18.06.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | तिथि–11.06.2025 से 18.06.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–19.06.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन की रा[illegible] (EMD) (रु2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–19.06.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–20.06.2025 को पूर्वाहन्–12:00 बजे उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में अध्यक्ष, कारा क्रय समिति–सह–उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकार का जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय/मंडल/उपकारा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No-9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

काराधीक्षक
मंडल कारा, लोहरदगा।

PR 353996 Lohardaga(25-26)D

# साहित्यिकी



## पिता आकांक्षाओं की उड़ान होता है



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

वह चिलचिलाती धूप सहता है,
वह मौसम की मार सहता है।
तूफानों का बिगड़ा रूप सहता है
वह बताश, बयार सहता है।
मजबूत अंगद का पाँव होता है।
पिता बरगद की छाँव होता है।
पिता नीली छतरी का वितान होता है।
पिता आकांक्षाओं की उड़ान होता है।
वह परिवार के लिए ही जीता है।
परिवार के लिए हर गम पीता है।
पिता सब फरमाइशें पूरी करता है।
सब कुछ करता, जो जरूरी होता है।
पिता न जाने कहाँ कहाँ होता है,
पिता हमारा सारा जहाँ होता है।
पिता परिवार का आसमान होता है।
पिता आकांक्षाओं की उड़ान होता है।
पिता को मैंने हंसते ही देखा है,
पिता कभी अधीर नहीं होता है।
पिता को मैने हुलसते ही देखा है।
पिता कभी गंभीर नहीं होता है।
वह आंसुओं को पलकों में रोक लेता है,
वह आँखें चुराकर कोने में सुबक लेता है।
वह खुशियों का मुकम्मल जहान होता है।
पिता आकांक्षाओं की उड़ान होता है।
जब पिता है, तो हमारा अस्तिव है,
जब पिता हैं, तो हमारा व्यक्तित्व है।
जब पिता है, तो हम विस्तार होते हैं।
जब पिता हैं, तो हम साकार होते हैं,
जब पिता है, तो हम सनाथ होते हैं।
जब पिता है, तो हम विश्वनाथ होते है।
वह हमारी उपलब्धियों का प्रतिमान होता है,
वह हमारी आकांक्षाओं की उड़ान होता हैं।

## गजल



गीता चौबे "गूँज"

शाम को जब चाँद निकला दिल दिवाना हो गया,
प्रीत की दुनिया में अपना भी ठिकाना हो गया।
नींद आती है कहाँ जब दिल में खुशियाँ हों भरी,
बन गयी खुद की सखी दिल आशिकाना हो गया।
है नहीं दरकार मुझको अब किसी के साथ की,
मस्त मैं खुद में रहूँ अच्छा बहाना हो गया।
इश्क में दिल टूटता है फिर तड़पता उम्र भर,
क्या कहूँ दिल की लगी को आजमाना हो गया।
रोशनी से चाँद की रोशन जमाना है अभी,
पाँव धरती पर नहीं हैं, नभ सुहाना हो गया।
मिल गयी मेरी खुशी जब चाँदनी मुझ पर पड़ी,
ख्वाब में ही मीत से वादा निभाना हो गया।
'गूँज ' गीता की सुनो अब दूर तक है जा रही,
देख लो खुद में खुदा का आना'जाना हो गया।

# यायावर भारत भाई

**संस्मरण**





अनिता रश्मि

वह 77-79 का समय। भारत यायावर भाई रांची विश्वविद्यालय से एम. ए. कर रहे थे। तभी कविता, निबंध, आलोचना, संपादन में आवाजाही बारंबार। उनका अद्भुत, श्रमसाध्य कार्य रेणु, द्विवेदी, नामवर, राधाकृष्ण पर है, सबको पता है। पर पूत के पाँव उसी समय पालने से झाँकने लगे थे।

पतले-दुबले, लंबे, धीर-गंभीर, गौरवर्णी, मोटे चश्मे के भीतर से झाँकतीं बुद्धिदीप्त आँखोंवाले भारत सिंह ने तभी से उपनाम यायावर रखा था। जिंस, लंबा कुर्ता, काँधे पर कपड़े का थैला। थैले में साहित्यिक किताबें, साहित्यिक सामग्री...उन दिनों के कवियों, साहित्यकारों, यायावरों की मुकम्मल तस्वीर। वे प्रायः सुबह की चाय बाबूजी, मेरे साथ पीते थे। मैं आनन-फानन में चाय की केतली चढ़ा देती। भरी दोपहर में भी आ जाते। सदा पाँव-पैदल ही राँची की गलियों को आबाद करते। राँची के सभी प्रमुख साहित्यकारों के घर जाते। पढ़ाई के बाद गृहनगर हजारीबाग चले गए। अपने नानी घर हजारीबाग जाने पर 'नवलेखन प्रकाशन' के बोर्ड ने आकर्षित किया। महत्वपूर्ण लघु पत्रिका 'नवतारा' का दफ्तर। दो-तीन हस्तलिखित काव्य लेकर पहुँची। आश्चर्य, वहाँ बैठे थे संपादक भारत भाई। नवतारा के अगले अंक में अपनी रचना थी -

तन्हां में ज़िंदगी के सवालात भी तन्हा हैं
शरीर तो भीड़ में है, ज़ज़्बात तन्हां हैं

प्रथम प्रकाशन की खुशी। ग़ज़ल का शौक चर्राया, भारत भाई ने रदीफ, काफ़िया, शेर, मात्राएँ सिखाने की श्रमसाध्य कोशिशें राँची आने पर कीं। संभव नहीं हो पाया तो मैंने तौबा कर ली। भारत भाई की कर्मठता, प्रतिबद्धता 'नवतारा' को बहुत ऊँचाई पर ले गई। ट्यूशन के पैसों से पोषित 'नवतारा' की बड़ी धाक। 'नवतारा' के संपादकीय-रचनाओं की उत्कृष्टता ने कमलेश्वर जी, राजेन्द्र यादव जी, संजीव जी आदि अनेक नामचीन लेखकों का ध्यान खींचा। उन दिनों लघु पत्रिकाओं की बाढ़। लघु पत्रिका आंदोलन चरम पर। यह तो एकदम नहीं, उन्होंने गढ़ा मुझे। यह जरूर, विभिन्न राह दिखाई-सुझाई। पत्रिकाओं का पता भेजकर रचना प्रेषण हेतु प्रेरित करते। उन्हीं दिनों उनके काव्य संग्रह छपे। साझा संकलनों का भी संपादन किया उन्होंने। उनकी प्रतिबद्धता, टेनासिटी, लगन, मेहनत अद्भुत। उनकी यात्रा अनवरत, कहीं-कभी नहीं रुकी। फिर पैतृक गाँव कदमा उन्होंने छोड़ दिया। पत्राचार बंद। मैं व्यस्त! वे भी। फोन था नहीं। भूले-भटके एक पोस्ट कार्ड आया। पता चला, आजकल 150 से लेकर 400 पृष्ठीय अनियतकालीन 'विपक्ष' निकाल रहे हैं। बहुत पहले साहित्यकार, एस.डी. ओ. सुभाष शर्मा के आमंत्रण पर नागार्जुन पुरस्कार लेने व काव्य पाठ करने मेरी ससुराल चतरा आए थे। सुखद मजेदार याद - मिलने की इच्छा जताने पर खोजकर पति ओम प्रकाश जी को खबर भेजी गई। बैंक से लौटकर इन्होंने बताया, "कल भारत यायावर घर आएँगे।" छौंक, "पूरे चतरा में शोर है कि अनिता रश्मि कौन हैं?... उनके पति कौन हैं?" उस वक्त वहाँ बहुएँ चाची, दादी, नानी, भाभी, पत्नी थीं, नाम नदारद। दूसरे दिन वे, रतन वर्मा जी आए थे। सालों बाद फेसबुक पर मिले। वक्त की धुंध छंट गई थी। 12 दिसंबर 2019 को पहली बार मो. के रिंगटोन के साथ भारत भाई का नाम फ्लैश। लंबी, सार्थक साहित्यिक बातों का पिटारा खुला। "तुम्हारे घर भोजन किया था।"अरे! मैं भूल गई, उन्हें कैसे याद रह गया। बताया, मेरी रचनाओं को पढ़ते रहे हैं। इतने दिन केवल एक-दूसरे की रचनाओं से जुड़े रहे। तीस-इक्कतीस साल बाद फेसबुकिया भेंट, बातचीत सुखद।

अक्सर मोबाइल बजता। एक बार, "रेणु जी की जीवनी का एक अंश फेसबुक पर है। बताना, कैसा है।" रोचक, भाषाई करिश्मा से युक्त, रेणु के नेपाल गमन का गजब संस्मरण। सीप से मोती निकाला था। हनुमानवाली स्थिति। रेणु अब भी उनके दिल की अतल गहराई में थे। कहते, "मैं पहले भी रेणु जी के लिए सामग्री जुटाते हुए बीमार पड़ गया था। फिर बीमार हूँ।""आराम जरूरी है भाई! स्वास्थ्य पहले।"

एक अवसर मिला था 2020 के जून-जुलाई में। महामारी के बाद छूट में हमारा हजारीबाग जाना आवश्यक। वे बीमार थे, किसी से भेंट नहीं कर पा रहे थे। अब फोन पर कभी उनका नाम फ्लैश नहीं होगा। 2021 में मृत्यु से कुछेक माह पूर्व कहा उनका कथन, "संपादित रेणु की पुस्तक में 'एक आदिम रात्रि की महक' पर तुम्हारी समीक्षा है। किताब खुद आकर दूँगा।"

अंतिम रात्रि का वाकया ------

दो-तीन बजे रात्रि में लगा, 'कितने दिन से बात नहीं हुई।' जब नींद खुले, उन्हीं का ध्यान, बेचैनी। नोट किया, 'कल एकदम नहीं भूलना है।' दोपहर में मोबाइल उठाया। फेसबुक पर स्तब्धकारी सूचना। शब्दातीत।

बाद में पता लगा, रात के दो बजे दिल का दौरा। इतनी जल्दी सब शेष। हम नहीं ही मिले। उस रात की मेरी बेचैनी इंट्यूशन तो नहीं थी?

## जननी



सत्या सिन्हा

आसान नहीं जननी बनना,
खुद को मिटा, निःस्वार्थ सृजन करना,
बचानी पड़ती है
अपनी बगिया,
हर खर-पतवार से,
बुरी नज़रों के वार से।
काढ़ कलेजा, ललना
कमरिया टेक,
मरन की विध ढेरों,
जनन का तरीका एक,
मुट्ठीभर फाँक के दू दिन भूखी रह जाये,
उसी तन से दूध काढ़ बबुआ के सुलाय।
महीनों से आईना देखा नहीं,
जब देखा तो खुद को चिन्हा नहीं,
लटों की चमक, सफेदी में खो जाये,
तबे जाकर बिटवा ढंग से पोसाए-पलाए ।
बिटवा पे उठे सवाल, जवाब लेकर माई आई।
अरमान की कूची से, रजवा ने दुनिया सजाई।
बटुए में तो सिक्के थे...... पर जज्बा नोटों की दिलाई।
बहुत खट चुकी माई, अब चश्मों की बारी आई।
के विधि माई ने, आपन सपनन के संसार बसाई,
खोई जवानी..
ओढ़निया में कितने पैबंद नज़र आई,
जग ने छोड़ा साथ, तो हाथ थामे तू ही नज़र आई,
धन्य-धन्य हो, बिटवा की माई..

## परिवार और त्योहार



सविता गुप्ता

अशोक कॉलोनी में अधिकतर बुद्धिजीवी व्यक्तियों की कोठियाँ थी। सभी अपने जड़ों को छोड़ अपने महत्वाकांक्षी सपनों को पूर्ण करने शहर आए और यहीं के होकर रह गए थे। नौकरी और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को निभाते -निभाते अब क़रीब क़रीब सभी चाहें शर्मा जी हों या गुप्ता, सिन्हा, चटर्जी जी हो या फिर रेड्डी सेवानिवृत्त हो चुके थे।उनके बच्चे अब साथ नहीं रहते थे।बच्चों के भी ऊँचे सपने थे इसलिए सभी भिन्न- भिन्न शहरों में या विदेशों में जा बसे थे।वर्ष में एक बार छुट्टियों में सभी परिवार सहित घर आते बिलकुल वैसे जैसे वे अपने बचपन में माता-पिता के साथ जाते थे अपने दादा या नाना के घर गर्मी की छुट्टियों में या तीज त्योहारों में। आज मिसेज़ सिन्हा रसोई में तन्मयता से तरह तरह के पकवान बना रहीं थी "क्या मेम साब आज ये होली वाले पकवान क्यों बना रही हो? आज तो कोई त्योहार भी नहीं है तो फिर ये सब?" हाँ मालती आज, बच्चे अपने बच्चों के संग आ रहे हैंमैंने सोच लिया है।जब परिवार तब त्योहार।

## देवी स्थान



सुरेश चन्द्र झा

अब लगे हाथों हमारे परेश भैया की बातें कर लें।

भैया बहुत खुशमिजाज, बेहद प्रसन्नचित्त रहते और अपने आस पास के लोगों को भी खुश रखते। मुझसे बहुत बड़े थे,पर थे बड़े बेबाक। और सच पूछिए तो उनका यह अंदाज मुझे बहुत भाता था। भगवान पर थी उनकी अटूट श्रद्धा और था विश्वास। एक छोटी सी घटना का जिक्र मुनासिब होगा। हमलोग एक बार रिश्ते में लगनेवाले भांजे के उपनयन संस्कार में भाग लेने खड़गपुर मुंगेर गए थे। भागलपुर से निकलने में ही देर हो गई थी बस से खडगपुर उतरे तो शाम का अंधेरा घिरने लगा था। बड़े प्रयासों के बाद एक तांगा वाला हम चारों को लेकर गांव जाने को राजी हुआ। नहर के साथ लगी सडक पर चलता जा रहा था हठात भैया ने तांगे वाले को रोकने को कहा और तांगा के रुकते ही उतर पड़े। हमलोगों ने सोचा शायद इन्हें पेशाब की तलब हुई हो। पर ये क्या! वो उतरकर एक पैर पर खड़े होकर एक ओर देखते हुए प्रणाम कर रहे हैं। उनकी देखादेखी हम भी उतर कर प्रणाम करने की मुद्रा में आ गए। फिर आकर चुपचाप तांगे में बैठ गए,हमसब भी पीछे पीछे आकर बैठे। तांगा फिर चल पड़ा। दस मिनट नहीं गुजरे थे कि भैया का हाथ फिर तांगेवाले की पीठ पर था, अरे,जरा रुको तो—भैया का आदेश। तांगेवाले ने घोड़े की रास खींची और ताँगा रुका। भैया फिर नीचे ,एक टांग पर खड़े हाथ जोड़े। हमलोग भी उतरकर उनके पास आकर खड़े हो जिस दिशा में उनके हाथ जुड़े थे उसी दिशा में हाथ जोड़कर खड़े। फिर प्रणाम करने के बाद तांगे में। ताँगा चलता रहा। अब जैसे ही तीसरी बार तांगे वाले को रुकने का इशारा मिला तांगेवाला बिफर गया पर गरीब आदमी था,झल्लाते हुए उसने ताँगा रोका। पर इस बार हम चुप नहीं रह सके,पूछ ही बैठे–भैया, ई अंधरिया में मंदिर त दिखाइयै नहीं देता है और आप तीन जगह टमटम रुकवा के परनाम करा चुके हैं। उन्होंने बहुत संजीदगी से कहा, तुम नई उम्र के लड़कों में यही तो कमी है। ये कमी आस्था और विश्वास की है। अरे ये गांवों का इलाका है,जगह जगह भगवती का स्थान होता है। कल दिन के समय जब इधर आओगे तो दिखाएंगे। तांगेवाला उसी क्षेत्र का निवासी, उससे रहा नहीं गया। वह बोल पड़ा -आपने भागलपुर से आवेछिये न? यहाँ कोनो देवी के स्थान नय छै। भैया चुप,पर थोड़ा आगे बढ़ते ही भैया ने फिर तांगेवाले की पीठ पर हाथ रखा, यानि रुकने का संकेत। उसने ताँगा रोका, और हम सब नीचे। भैया वही एक टांग पर प्रणाम की मुद्रा में। उसके बाद उन्होंने दिखाया सामने कुछ दूरी पर जलती पचासों चिंगारियां। वो बोले, देखे,ये सब अगरबत्तियां हैं जो दूर में जल रही हैं। ये भी भगवती का स्थान है,ई टमटम वाला क्या बोलेगा। आकर हमलोग बैठ गए तांगे में । तांगेवाले ने कहा- सर, ई सब दूर में चिनगारी रंग जलै वाला ईंटा भट्ठा छै, दूर से चिंगारी रंग लागेछै। अब भैया को काटो तो खून नहीं। लेकिन जो भी हो ईश्वर,खासकर मां काली और माँ दुर्गा के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण के प्रति हमारा आदर भाव अबतक कायम है। मन से सबों का भला चाहते,सरकार मेंआपूर्ति अधिकारी होते हुए जरा भी घमंड नहीं ।उनके चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद देने से हम बराबर कन्नी कटाते,क्योंकि वो आशीर्वाद देने के क्रम में झुके हुए सिर पर वो थुकथूकाते बहुत थे,सिर उठाने के क्रम में। चूंकि वह पान भी बहुत खाते थे सो बालों में पीक लगना लाजिमी था। वह मन से बड़े थे और थे बहुत मस्तमौला, सबों की मदद करने में नम्बर एक।

## अब बोलती नहीं



रश्मि सिंह

बचपन से यही सुनती आई
कि बहुत बोलती हो!
दादी कहतीं कि इतना बकबक करना
शोभा नहीं देता
लड़कियों को
बुआ कहती कि
नाक कटवाएगी
ससुराल में
पर वह कहाँ
मानने वाली थी
कुछ भी
अवांछित दिखता होते
तो बोली पड़ती थी वह
क्योंकि पिता ने सिखाया था बचपन से
कि घर से बाहर कभी भी कहीं भी
किसी का अन्याय और अत्याचार न सहना
बस यही घुट्टी में पी लिया था उसने
अन्याय के खिलाफ जागरूक करती रहती
जो सबको
एक दिन खामोश हो गयी सहसा
क्योंकि अपनों के खिलाफ कुछ बोलना
सीखा ही नहीं था उसने...
अब सब परेशान हैं
कि वह बोलती नहीं!

## कुछ ऐसा भी सोचो



रंजना वर्मा उन्मुक्त

निखिल ने सुबह ही ऐलान कर दिया था कि बहुत दिनों से सभी कहीं बाहर घूमने नहीं निकले हैं, इसलिए आज वह ऑफिस से जल्दी आ जाएगा। फिर सभी बाहर घूमने चलेंगे और उधर से ही रात का खाना खाकर घर आएँगे। बच्चे घूमने के नाम पर बड़े उत्साहित थे। बूढ़ी अम्मा का उत्साह भी कुछ कम न था। लेकिन वह बच्चों की तरह अपनी संवेदनाओं को प्रकट नहीं कर सकती थी। वह सबसे पहले अलमीरा से अपनी प्रिय साड़ी निकाल कर तैयार होकर बैठ गई थी। बार-बार बहाने से ही बाहर भी झांक आती थी। निखिल जब आया तो बाहर से ही गाड़ी का हार्न बजाकर सभी को गाड़ी में बैठने को कहा। पत्नी आकर उसके बगल में बैठ गई। अम्मा अपने पोते का हाथ पकड़े जल्दी चलने के प्रयास में डगमग करती हुई चली आ रही थी। "सब जगह अम्मा को लेकर जाने की क्या जरूरत है। हम लोग वापस आते तो उनके लिए कुछ पैक करवा कर ले आते। देखो कितना धीरे धीरे चल रही हैं।"....पत्नी बोली। "बहुत दिनों से अम्मा घर से बाहर नहीं निकली है। घूमने की इच्छा उनको भी होती होगी ।जहाँ तक धीरे चलने की बात है ,बचपन में मैं चल भी नहीं पाता था। फिर भी अम्मा मुझे कभी छोड़कर कहीं नहीं जाती थी।"... निखिल ने हंसते हुए कहा। " निखिल! अम्मा के हाथ कांपते हैं ।वह खाना कपड़ों पर गिरा देती है। टेबल भी गंदा हो जाता है।" " मैं बचपन में इससे ज्यादा गंदा करता था।"... वह मुस्कुराते हुए बोला। अम्मा गाड़ी तक पहुँची तो निखिल अपनी पत्नी से कहा ,"तुम बच्चों के साथ पीछे की सीट पर बैठ जाओ। अम्मा को आगे बैठने दो।" "यह क्या कह रहे हो...निखिल ,अम्मा पीछे बच्चों के साथ बैठ जाएँगी।"..... पत्नी गुस्से से बोली। "तुम तो हमेशा मेरे साथ बैठती हो। मेरा दिल रखने के लिए अभी तुम बच्चों के साथ पीछे बैठ जाओ।"..... निखिल ने बड़े प्यार से अपनी पत्नी को कहा ,"जानती हो बचपन में जब पिता जी जीवित थे तो मैं जिद करके आगे वाली सीट पर बैठ जाता था। अम्मा हमेशा पिछली सीट पर ही बैठती थी। कभी कभी हमें कुछ ऐसा भी सोचना चाहिए न।" पत्नी विस्मय से अपने पति का मुख विहार रही थी।

## सिलबट्टा



ऋषिका मिश्रा

पिस रहा मन मेरा,
खून कुचल कर,
आग बन गया ,
हाए रे मन मेरा
राख बन गया।
राख की उड़ान से
सिल हल्का हुआ
सिलबट्टा अब जाकर
सिलबट्टा हुआ।
पीसा है पत्थर -
पत्थर में कोई
नाजुक सा बदन
अब पत्थर है कोई।
आखें मिरच रक्त,
रात खट्टा हुआ,
सिलबट्टा अब जाकर
सिलबट्टा हुआ।
औरत की पहली
धरती है रसोई,
रसोई में बट्टे की
ठाम संजोई।
चूल्हा - चौकी,
काम - काज
यहीं कहीं अब
जीवन आगाज।
मुक्त एक मज़ाक,
उड़ान नयन का पट्टा
हुआ,
सिलबट्टा अब जाकर
सिलबट्टा हुआ।

## वो तेरे शर्ट का बटन



पूनम शर्मा स्नेहिल

तेरे शर्ट की बटन टाकते-टाकते
तेरी धड़कनों को सुना था।
सांसों की कड़ियां जो आकर मुझसे,
टकरा रही थी।।
उन हर एक सांसों को ,
धागों के संग गुना था।।
हाँ बड़ी व्यस्त से चल रही थी जिंदगी
फुर्सत ही नहीं थी दो पलों की इसमें।।
तूने भी क्या धागों को खोल ,
पास आने का खूबसूरत पल चुना था।।
उस अलमारी में और भी शर्ट थी
रखी हुई उस कतार में पर।।
वो शब्द जो तेरे अधरों से निकल कर,
मेरे कानों को छू गए थे।।
उफ़...कितनी हसरत से तूने कहा था
इसे टॉक दोगी क्या ?
मानो वह प्रश्न नहीं तेरे पास आने का
निमंत्रण था तुम्हारी तरफ से।।
लब कुछ कहते इससे पहले,
मौन ने मुस्कुराहट के रूप में
उत्तर तुझ तक भेज दिया था।।
सूई में धागा डाल बस सपनों को टाकने की
तैयारी कर ही रही थी कि।।
तेरे अधरों पर बिखरी मुस्कान ने
न जाने कितना कुछ कह दिया था।।
अधर तेरे भी मौन थे और मेरे भी
पर धड़कनों का संवाद निरंतर चलता जा रहा था।।
चुभती थी खामोशी एक पल मुझे ।
पर आज इस खामोशी में ,
चाहत की खुशबू सी बिखरी लग रही।।
एक एक फंदे से कसते ये बटन
मानों रिश्ते को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं।।
सांसे ने सांसों में घुल कर
दो हस्तियों को एक साथ कर दिया था।।
आखरी फंदे की गांठ लगाने से पहले,
जानबूझकर चुभाई थी सूई की नोख तुझे।।
उस पर तेरा वह मुस्कुरा कर आउच कहना...
मानों दिन भर के लिए स्फूर्ति दे गया था।।

### काव्य कोना

## नया कोपल

वह लम्बा पेड़ पहाड़ी पर
लीन तपस्या में हर पल
सहता-झेलता हर दर्द
न जाने किस की प्रतीक्षा है।
सोखता-समाता हर विष
शुद्धता-मधुरता देता
जल के निरंतर चक्र को प्रवाहित रखता
सदियों-सदियों का वह तपस्वी
वह लम्बा पेड़ पहाड़ी पर।
तक रही तटस्थता से
तपन झेलती , लपलपाती ज्वाला की पहले-
पहल धोखा हुआ
लगा ,कोई जीवन दीप है वीराने में
समयांतर ने दिखलाया विकराल रुप
तत्पर निगल जाने को
छूटे न कुछ आस-पास
धधक जानती है खुद भी
विलीन हो जायेगी शून्य में
छोड़ धुएं की एक लकीर
संतुष्टि , चलो इतिहास बन जायेगी ।
और वह लम्बा पेड़ मुस्कुरा रहा
लीन अपनी तपस्या में तपस्वी
झुलस कर भी , बरसात की राह देखेगा
भविष्य को नया कोपल चाहिए
वह लम्बा पेड़ पहाड़ी पर।

नाग मणि

## कविता की प्रासंगिकता



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

कविता की प्रासंगिकता को जानने के पूर्व कविता की परिभाषा को समझना आवश्यक है वैसे कविता को परिभाषित करना कठिन है। फिर भी कविता साहित्य की विविध विधाओं के बीच एक विशिष्ट स्थान रखती है। कविता कल्पना और सत्य का अद्भुत मिश्रण होती है। तभी कविता निर्जीव वस्तुओं में भी जीवन ढूँढने का कार्य करती है। कविता शाश्वत है और मन की भावनाओं की उन्मुक्त अभिव्यक्ति है। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि भावनाओं को शब्दों के द्वारा जब मूर्त रूप दिया जाता है तब कविता का जन्म होता है। कविता आत्मा द्वारा अनुभूत भावों एवं विचारों का प्रस्फुटन है। कविता साहित्य की विविध विधाओं के बीच एक विशिष्ट स्थान रखती है। छायावाद की स्तंभ कवयित्री महादेवी जी की नजरों में, कविता कवि विशेष की भावनाओं का चित्रण है। प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभुत्व वाले युग में कविता कलात्मक अभिव्यक्ति का एक अनूठा मार्ग है। डिजिटल क्रांति में कविता एक कैरियर के रूप में नई प्रासंगिकता पा रही है। संचालित उपकरण कविताओं को साझा करने का माध्यम बन रहा है। हालांकि कुछ लोग यह तर्क भी देते हैं कि तेज संचार के बीच कविता की प्रासंगिकता कम हो जाती है लेकिन यह अन्य माध्यमों से अभिव्यक्ति का एक विशिष्ट तरीका प्रदान भी करती है। कविता भावनाओं, विचारों और अनुभवों की गहन खोज की सुविधा प्रदान करती है। जैसे हीं डिजिटल युग की ओर हमारा झुकाव बढ़ता है वैसे हीं कविता भाषा की प्रेरणा और सार्थक रूप से चुनौती देने की क्षमता की मार्मिक याद दिलाती है।

इस प्रकार माध्यमों के विकास के बावजूद कविता का मूल सार- मानवीय अनुभव को कैद करना और व्यक्त करना लगातार प्रसंगिक बना हुआ है। आधुनिक जीवन की कर्कशता के प्रति संतुलन के रूप में और भी अधिक काव्यात्मक अभिव्यक्ति अपना महत्व बनाए रखती है। कविता अन्य आधुनिक और संचार माध्यमों से जुड़कर बेजोड़ अभिव्यक्ति का एक विशिष्ट तरीका प्रदान करती है।



वर्तमान समय में सोशल मीडिया की सहायता से अपनी बातें लिखते-लिखते सभी कवि बन गये हैं। कविता इतनी तेजी से थोक रूप में सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर छाई हुई है कि जब तक आप उसको पढ़ें, संकलित करें तब तक उससे भी कई गुना कविता की मूसलाधार बारिश हो जाती है। कविता के लिए यह सर्वाधिक उर्वर समय है। ऐसी उर्वरता किसी भी काल में देखने को नहीं मिली है। सोशल मीडिया के प्रसार ने कई लोगों को यह विश्वास दिलाया है कि कविता अधिक समावेशी और सुलभ है। इसके विपरीत कई स्थानों पर कविता कहे जाने वाले कंटेंट की एक बड़ी मात्रा में सार नहीं है जिसमें संक्षिप्त हैशटैग किये गये विचार शामिल है। पाठक संपर्क और सामग्री साझा करने के मामले में कविता समुदाय पर सोशल मीडिया का प्रभाव काफी हद तक सकारात्मक भी रहा है।

काव्य कार्यों के माध्यम से पर्याप्त आय अर्जित करना सभी कवि के लिए संभव नहीं है। कविता सिर्फ आजीविका का साधन नहीं है कविता के प्रति सच्ची लगन रखने वाले इसे पूरक आर्थिक व्यवहार्यता में अनिश्चितता को विकसित कर सकते हैं। अपने व्यावसायिक लक्ष्यों और रचनात्मक रुचियों को एक संतुलित संपन्न इकाई में मिला सकते हैं।

कई बाधाओं के बावजूद कविता समर्पित कलाकारों के लिए एक पूर्ण और सार्थक आजीविका के रूप में अपना मूल्य भावनाओं को जगाने की अपनी विशिष्ट क्षमता का उपयोग करती है। यह अंतर्निहित मूल्य कवियों को अपने शिल्प को निखारने के लिए प्रोत्साहित करती है। कलात्मक अभिव्यक्ति और व्यावसायिक दबावों के बीच भाषा, धारणा और अभिव्यक्ति के बीच एक अंतर्निहित असंतुलन मौजूद है। कविता इस अंतर को कम करती है स्पष्टता की झलक देती है। किसी के शिल्प और पर्यावरण के प्रति प्रमाणिकता प्रासंगिकता की चिंताओं को खत्म कर देती है। वर्तमान समय में सबसे बड़े उदाहरण हमारे युग कवि डॉक्टर कुमार विश्वास जी है जिन्होंने मंचों पर कविता को पूरे विश्व में सम्मान दिलाया है। कविता के महत्व को आर्थिक रूप से भी चरमोत्कर्ष पर पहुंचाया है। जब लेखन सिर्फ कलात्मक जुनून से प्रेरित होता है तो प्रासंगिकता एक गैर मुद्दा बन जाती है।

कविता की प्रासंगिकता बनी रहती है क्योंकि यह हमें खुद को और दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है या हमें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने, सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक होने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने की अनुमति देती है। उर्वर समय को कविता जी रही है। वर्तमान समय में भी कविता की प्रासंगिकता बनी हुई है।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

### आज का दोहा

माना संस्कृति ने लिया, थोड़ा बहुत उधार।
'रेप' आज भी कर रहे, सारे साहूकार।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बीजेपी का मिशन बंगाल, दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचेंगे अमित शाह

» 2026 विधानसभा चुनावों के लिए रोडमैप तय करना

**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार रात कोलकाता पहुंचेंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद यह राज्य का उनका पहला दौरा होगा। शाह रविवार को कई आधिकारिक और पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, गृह मंत्री अपने दिन की शुरुआत कोलकाता के बाहरी इलाके राजारहाट में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के उद्घाटन के साथ करेंगे। बाद में, शाह नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी सम्मेलन में भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि बैठक में



2026 के विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, "अमित शाह जी हमें राज्य में अगले विधानसभा चुनावों के लिए रोडमैप देंगे।" शाह उत्तरी कोलकाता के शिमला स्ट्रीट में स्वामी विवेकानंद के पैतृक घर का भी दौरा करेंगे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू की गई सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद श्री शाह की पश्चिम बंगाल की यह पहली यात्रा है। उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर बंगाल के तूफानी दौरे के दो दिन बाद हो रहा है, जो राज्य पर केंद्रीय नेतृत्व के निरंतर फोकस को रेखांकित करता है।

## पीएम की रैली से बंगाल सरकार के खिलाफ 'दुर्भावनापूर्ण' अभियान चलाया गया: ममता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि राजनीति से प्रेरित होकर उनकी सरकार के खिलाफ एक ''दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान'' चलाया गया। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में बृहस्पतिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मुर्शिदाबाद दंगों और शिक्षक भर्ती घोटाले का हवाला दिया तथा दावा किया कि राज्य के लोग ''निर्मम सरकार'' को हटाने के लिए बेताब हैं।

बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, ''कल उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में, राजनीति से प्रेरित होकर एक दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान चलाया गया। उन्होंने यह भी दावा किया, ''यह एक ऐसा अभियान था, जिसके तहत अलीपुरद्वार जिले के लोगों के लिए हमारी सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण विकास कार्यों को कमतर बताने और मिटाने का प्रयास किया गया।

## आजम खान की पत्नी-बेटे का शस्त्र लाइसेंस रद्द

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां के परिवार को एक और झटका देते हुए रामपुर के जिलाधिकारी ने उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम खां के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। पुलिस की विपरीत रिपोर्ट के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। शासकीय अधिवक्ता प्रेम किशोर पांडेय ने बताया कि डॉ. फात्मा और अब्दुल्ला के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट एक जनवरी 2022 को रामपुर के एसपी ने शस्त्र अधिनियम की धारा 17 के तहत जिलाधिकारी को दी थी।

# राहुल गांधी पाकिस्तान से चुनाव लड़ेंगे तो भारी मतों से जीतेंगे : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**गाजियाबाद (आईएएनएस)**



आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर शनिवार को जोरदार तंज कसते हुए कहा कि वह पाकिस्तान में काफी लोकप्रिय हैं। अगर वह पाकिस्तान से चुनाव लड़ेंगे तो यकीनन भारी मतों से जीतेंगे। आईएएनएस से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी को अपने नेताओं के बयान पर विश्वास नहीं है। उन्हें तो पाकिस्तान के नेता पर यकीन है। अगर भारत की सेना कह रही है कि हमने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है तो राहुल गांधी सबूत मांगते हैं। अगर पाकिस्तान का नेता कुछ कह दे, उस पर तुरंत यकीन कर लेते हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान की जनता राहुल गांधी से प्यार करती है और वे भी पाकिस्तान से बहुत प्यार करते हैं।

कांग्रेस सांसद सलमान खुर्शीद और शशि थरूर की ओर से पीएम मोदी के फैसलों की प्रशंसा करने से क्या कांग्रेस में बगावत के सुर देखने को मिलेंगे। इस पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता कि कांग्रेस में विद्रोह शुरू हो गया है या नहीं, लेकिन पीएम मोदी की प्रशंसा इसलिए नहीं हो रही है क्योंकि कांग्रेस नेता ऐसा कह रहे हैं, बल्कि इसलिए हो रही है क्योंकि सच्चाई सामने आ गई है। पीएम मोदी के कार्यकाल में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है।

### मोदी की वजह से विश्व में भारत की धाक

कांग्रेस नेताओं की इंदिरा गांधी से पीएम मोदी की तुलना करने पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि इंदिरा गांधी बहुत लोकप्रिय नेता थीं, उन्होंने पाकिस्तान को सबक सिखाया था। लेकिन, पीएम मोदी जैसा प्रधानमंत्री इस देश को अब तक नहीं मिला था। आज उनकी वजह से विश्व में भारत की धाक है। कांग्रेस के नेता अजय राय की ओर से पीएम मोदी की पारिवारिक तस्वीरें शेयर करने पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि वो तो एक मोहरा हैं, मास्टरमाइंड तो राहुल गांधी हैं। राहुल गांधी जब चुनाव हारते हैं तो उनके लिए लोकतंत्र मर जाता है। लेकिन, जब चुनाव जीतते हैं, तो लोकतंत्र उनके लिए जिंदा हो जाता है।

# बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

**मऊ (आईएएनएस)**



बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे और यूपी की मऊ सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हेट स्पीच मामले में मऊ की सीजेएम कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है और उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। यह फैसला मऊ के जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ. केपी सिंह ने यह फैसला सुनाया है। अब्बास अंसारी को कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया था। अब्बास अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने बताया कि हेट स्पीच मामले में आज एक फैसला आया है। 2022 में एक मामला कोतवाली नगर में कायम हुआ था। उस मामले में छह गवाह सामने आए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल की सजा सुनाई है। इस आदेश के खिलाफ हम लोग सेशन न्यायालय जाएंगे। अब्बास अंसारी की विधायकी पर असर सेशन न्यायालय के आदेश के आधार पर होगा। इस मामले के खिलाफ सेशन न्यायालय जाने की तैयारी की जा रही है।

ज्ञात हो कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान एक जनसभा में अब्बास अंसारी ने कथित तौर पर ऐसा बयान दिया था, जिसे भड़काऊ और अधिकारियों को धमकी देने वाला माना गया। उन्होंने कहा था कि सत्ता में आने के बाद 'सबका हिसाब लिया जाएगा।

# पाकिस्तान समर्थकों पर असम पुलिस की कार्रवाई, अब तक 79 गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हि.स.)**

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे माहौल के बीच सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में असम पुलिस बेहद कड़ा रूख अपनाए हुए है। इस कड़ी में पाकिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से कुल 79 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि शत्रु देश के प्रति सहानुभूति और समर्थन करने जैसे राजद्रोहियों के विरूद्ध असम पुलिस का अभियान जारी है। इस कड़ी में दरंग पुलिस ने जिला मुख्यालय शहर मंगलदोई से फरीजुल हक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। इस मामले में अब तक पुलिस ने कुल 79 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# 'सिंदूर' भारत के शौर्य का प्रतीक : पीएम

» 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल आतंकवाद-विरोधी अभियान बताया

**भोपाल (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है, रामभक्त हनुमान भी सिंदूर का ही धारण करते हैं। यह हमारे शौर्य का प्रतीक है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम के हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, "पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीय खून नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की। आतंकवादियों ने भारत की नारी की शक्ति को चुनौती दी है, यही चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है, हमारी सेना ने आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी मिला दिया, सैकड़ों किलोमीटर दूर घुसकर मिट्टी मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवाद के जरिए छद्म युद्ध, प्रॉक्सी वार नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंक की मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।" पीएम मोदी ने आगे कहा, "देश के 140 करोड़ लोग कह रहे हैं कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो गोला से जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के समर्थन का प्रतीक रहा है। भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है, रामभक्ति के रंग में रंगे हनुमान जी भी सिंदूर को ही धारण किए हुए हैं। शक्ति पूजा में हम सिंदूर का अर्पण करते हैं और यही सिंदूर अब भारत के शौर्य का प्रतीक बना है।" देवी अहिल्या बाई का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये मेरा सौभाग्य है कि जिस काशी में लोकमाता अहिल्याबाई ने विकास के इतने काम किए, उस काशी ने मुझे भी सेवा का अवसर दिया है। आज अगर आप काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन करने जाएंगे, तो वहां आपको देवी अहिल्याबाई की मूर्ति भी मिलेगी। देवी अहिल्याबाई भारत की विरासत की बहुत बड़ी संरक्षक थीं। जब देश की संस्कृति पर, हमारे मंदिरों, हमारे तीर्थ स्थलों पर हमले हो रहे थे, तब लोकमाता ने उन्हें संरक्षित करने का बीड़ा उठाया।

## हमें भी समाज और देश की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए : मोदी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्य प्रदेश के दतिया और सतना हवाई अड्डों सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्मजयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से मध्य प्रदेश में सुविधाएं बढ़ेंगी, विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "लोकमाता अहिल्याबाई भारत की सांस्कृतिक विरासत की महान संरक्षक थीं। 250-300 साल पहले, जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, तब उन्होंने काशी विश्वनाथ सहित देशभर के मंदिरों और तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण कराया। यह उनके दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ मंदिर में आज उनकी मूर्ति स्थापित है, जो उनकी विरासत को दर्शाता है।" उन्होंने कहा, "लोकमाता अहिल्याबाई ने प्रभु सेवा और जनसेवा को कभी अलग नहीं माना। वे हमेशा शिवलिंग अपने साथ रखती थीं और चुनौतीपूर्ण समय में भी अपने राज्य को समृद्धि को नई दिशा दी। उनकी सोच थी कि शासन का अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। आज शुरू की गई परियोजनाएं उनकी इस सोच को साकार करती हैं।" इन परियोजनाओं में इंदौर मेट्रो की शुरुआत और दतिया व सतना को हवाई सेवा से जोड़ना शामिल है। उन्होंने कहा कि ये कदम मध्य प्रदेश के विकास को नई गति देंगे। आज का दिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए प्रेरणा का अवसर है। लोकमाता की 300वीं जन्मजयंती हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।" प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा, "मैं मां भारती और देश की माताओं, बहनों और बेटियों को प्रणाम करता हूं। आज यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें-बेटियां हमें आशीर्वाद देने आई हैं।



## नेपाल में बारिश से बिहार की 3 नदियां उफान पर

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ**

नेपाल में बारिश से बिहार के किशनगंज जिले की नदियां उफान पर हैं। कनकई, बूढ़ी कनकई और मेची नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी के किनारे बसे निचले इलाकों में घुस गया है। इससे मक्का और सब्जी की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। मानसून नॉर्थ ईस्ट राज्यों में पहुंच चुका है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। असम में पिछले 24 घंटों में कामरूप जिले में लैंडस्लाइड के चलते 5 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ से 10 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। अरुणाचल में अचानक आई बाढ़-लैंडस्लाइड से 9 लोगों की मौत हुई है। पूर्वी कामेंग जिले में NH-13 के बाना-सेप्पा सेक्शन पर शुक्रवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें दो परिवारों के 7 लोगों की मौत हो गई। उनका वाहन खाई में गिरा। मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंडस्लाइड के कारण 5 घर और एक होटल ढह गया। सिक्किम में भारी बारिश के कारण थेंग और चुंगथांग इलाकों में भूस्खलन से कई घर मलबे में दब गए। हिमाचल प्रदेश में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। लोगों को एडवाइजरी जारी की गई है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।


**DISTRICT HEALTH SOCIETY ,PALAMAU**
**NATIONAL TUBERCULOSIS ELIMINATION PROGRAMME**
Regd. No. :-13/1999 -2000
SADAR HOSPITAL PALAMAU , JHARKHAND • E-mailu :- dtojhplm@rntcp.org

सदर अस्पताल कैम्पस, डालटनगंज

पत्रांक ................ **अतिअल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना** दिनांक ................

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, पलामू ( NTEP ) के अन्तर्गत 100 days TB Campaign के संचालन हेतु राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी,झारखण्ड,राँची से निर्देश प्राप्त है। उक्त Campaign के संचालन के दौरान टीबी संक्रमण की उच्च जोखिम वालें संभावित मरीजों का Chest X-Ray करने में Portable Hand Held X-Ray Machine की भूमिका महत्वमपूर्ण है।
इस संबंध में पलामू जिले में 100 Days TB Campaign के दौरान संभावित यक्ष्मा मरीजों को Portable Hand Held X-Ray Machine के द्वारा X-Ray सुविधा प्रदान किया जाना है। इसके लिए योग्य एवं सक्षम ऐजेंसी से निम्नांकित शर्तों के अन्तर्गत कोटेशन आमंत्रित किया जाता है जिसका विवरण निम्नांकित है।

| क्र0स0 | कार्य विवरणी | Specification of X-Ray Machine Should be as under |
|---|---|---|
| | पलामू जिले में 100 days TB Campaign के संचालन के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/टी0यू0 के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( AAM ) मरीजों को Hand Held X-Ray सुविधा उपलब्ध कराना। | (1) X-Ray Machine Remex KA-6<br>(2) Should be approved by AERB India |

कोटेशन की शर्तें
1. कोटेशन में सभी तरह का कर समाहित होगा।
2 कोटेशन में अंकित दर के अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क देय नहीं होगा।
3. किसी प्रकार के वाद–विवाद की स्थिति में न्यायाीक क्षेत्र मेदिनीनगर होगा।
4. इच्छुक फर्म/संस्थान अपना कोटेशन दिनांक 09.06.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपराहन् 2.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
5. बिना कारण बताए कोटेशन रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. प्राप्त कोटेशनों का निस्तारण दिनांक 12.06.2025 को अपराहन् 4.00 बजे सिविल सर्जन, पलामू के अध्यक्षता में किया जाएगा।
7. भुगतान निधि प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, पलामू। PR 353995 (District) 25-26 (D) असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू।



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :–05/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 31.05.2025

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR/6/ 2025-26 | प्रखंड–महुआडाँड़, पंचायत–महुआडाँड़, ग्राम–महुआडाँड़ झारखंड बलिका आवासीय विद्यालय, महुआडाँड़ में छात्राओं के लिए विभिन्न मूलभुत सुविधाओं का निर्माण / विकास कार्य। | 19,31,020.00 | उनीस लाख एक तीस हजार बीस | 03 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.06.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 09.06.2025 अपराह्न 12:30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 10.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 353953 (Rural Development) 25-26 (D) कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार



**कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 33/2024-25 (4th Call)

1.कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुआ (दरहा) में पुलिया निर्माण। | 69,50,986 | 1,39,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 04.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–10.06.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 12.06.2025 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 353961 Rural Development (25-26)D जिला अभियंता, लातेहार।



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक ................ दिनांक ................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 13/2025–26**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम सभी स्ट्रीट लाईट तथा हाईमास्ट लाईट को स्वतः ON तथा OFF कराने के लिए Timer Panel तथा अन्य सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा/कोटेशन दिनांक **06.06.2025** को 1.00 बजे अपराहन तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक **06.06.2025 को 2:00** बजे **अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SL NO | NAME OF ITEM | Quantity | SL NO | NAME OF ITEM | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Outdoor mounted feeder panel with 32 A TP&N , MCB incomer 45 A TP contactor Automatic Switching of luminaries ,power tool control incomer outgoing terminal etc as required | 01 | 6 | Digital Timer | 01 |
| 2 | Outdoor mounted feeder panel with 63 A TP&N, MCB incomer 63 A TP contactor Automatic Switching of luminaries, power tool control incomer outgoing terminal etc as required | 01 | 7 | RCCB | 01 |
| 3 | 4 pole MCB | 01 | 8 | RCBO | 01 |
| 4 | contactor 45 A | 01 | 9 | MCCB | 01 |
| 5 | Contactor 63 A | 01 | 10 | Earthing With GI Earth Pipe - 4.50 mtr. long ,40 mm dia including all accessories, complete work as req. | 01 |

ह0/– नगर आयुक्त –सह प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353997 (District) 25-26 (D)

# यूएस सुप्रीम कोर्ट ने किया ट्रंप सरकार का रास्ता साफ

## 5 लाख लोगों पर मंडराया निर्वासन का खतरा

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप सरकार का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश को हटा दिया है, जिसके तहत क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के चार देशों के पांच लाख से अधिक प्रवासियों के लिए मानवीय पैरोल सुरक्षा को बरकरार रखा गया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने ट्रंप प्रशासन को एक अन्य मामले में लगभग 350,000 वेनेजुएला के प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी स्थिति को रद्द करने की भी अनुमति दी है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस कदम ने ट्रंप प्रशासन के लिए हजारों प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी सुरक्षा को फिलहाल खत्म करने का रास्ता साफ कर दिया है और निर्वासन के दायरे में आने वाले लोगों की कुल संख्या को लगभग दस लाख तक पहुंचा दिया है। अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर आने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, बाइडेन प्रशासन ने 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत में क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के लोगों के लिए पैरोल कार्यक्रम बनाया, जिसके तहत उन्हें कुछ प्रोसेस से गुजरने के बाद दो साल तक अमेरिका में काम करने की इजाजत दी गई। इस प्रोग्राम ने लगभग 5,32,000 लोगों को निर्वासन से बचाया।

लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के तुरंत बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को सभी पैरोल प्रोगाम को टर्मिनेट करने का निर्देश देते हुए एक कार्यकारी आदेश जारी किया। कार्यकारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए नोएम ने मार्च में पैरोल प्रोग्राम को समाप्त करने की घोषणा की, जिसके तहत पैरोल के किसी भी अनुदान की वैधता 24 अप्रैल तक समाप्त हो जाएगी। मैसाचुसेट्स में एक फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज ने नोएम द्वारा प्रवासियों की अस्थायी कानूनी स्थिति को पूरी तरह से रद्द करने के फैसले को रोकने पर सहमति जताई।

### मैसाचुसेट्स प्रवासी मामला

- **फेडरल जज का फैसला :** मैसाचुसेट्स की एक फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज ने नोएम द्वारा प्रवासियों की अस्थायी कानूनी स्थिति रद्द करने के फैसले को फिलहाल रोक दिया।
- **23 व्यक्तियों की याचिका :** फैसले को चुनौती देने वालों में पैरोलियों और एक गैर-लाभकारी संस्था समेत कुल 23 लोग शामिल थे।
- **नोएम का कदम :** नोएम ने प्रवासी पैरोल प्रोग्राम को समाप्त करने का निर्णय लिया था, जिसे कोर्ट में चुनौती दी गई।
- **ट्रंप प्रशासन की प्रतिक्रिया :** ट्रंप प्रशासन ने इस निर्णय के खिलाफ यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स में अपील की।
- **अपीलीय अदालत का रुख :** कोर्ट ऑफ अपील्स ने यह कहकर जिला अदालत के आदेश को रोकने से इनकार कर दिया कि जब तक अपील लंबित है, आदेश लागू रहेगा।
- **सुप्रीम कोर्ट की ओर रुख :** इसके बाद प्रशासन ने सीधे सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की।

## यूक्रेन के खिलाफ पुतिन की नई चाल, युद्ध के बादल मंडराए



**रूस।** रूस काफी एग्रेसिव हो गया है और मॉस्को की तरफ से हमलों को बढ़ा दिया गया है। रूस की तरफ से यूक्रेन के सूफी में बहुत बड़े हमले को अंजाम दिया गया है। 31 मई की रात के दौरान, रूसी सेना ने 114 हवाई हमला प्रणालियों का उपयोग करके हमला किया। ये हमले मिलरोवो, शतालोवो, कुर्स्क और प्रिमोर्स्को-अख्तरस्क के साथ-साथ चौडा से किए गए हैं। हवाई हमले की मुख्य दिशाएँ खार्किव, सुमी और डोनेट्स्क क्षेत्र थीं। हवाई हमले का मुकाबला यूक्रेनी रक्षा बलों ने विमान, विमान-रोधी मिसाइल इकाइयों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और ड्रोन इकाइयों के साथ-साथ मोबाइल फायर टीमों का उपयोग करके किया। वायु रक्षा बलों ने देश के पूर्व, दक्षिण, उत्तर और मध्य क्षेत्रों में 69 शाहेड-प्रकार के यूएवी (और अन्य प्रकार के ड्रोन) के साथ-साथ 3 ख-59/69 निर्देशित मिसाइलों को बेअसर कर दिया था। खार्किव और डोनेट्स्क क्षेत्रों के साथ-साथ निकोलेव और विन्नित्सिया शहरों के क्षेत्र में भी रात भर विस्फोटों की सूचना मिली।


## चीनी दूतावास ने कहा- भारत-नेपाल बॉर्डर पर यात्रा से बचें भारत कर रहा गिरफ्तारी

**काठमांडू ।** नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए भारत-नेपाल बॉर्डर के पास ट्रैवल से बचने की चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी भारत की तरफ से पिछले कुछ महीने में अवैध बॉर्डर पार करने वालों पर कार्रवाई के बाद दी गई है। शुक्रवार को जारी एक बयान में चीनी दूतावास ने कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद कुछ चीनी ट्रैवलर्स बॉर्डर इलाके में जा रहे हैं, जिसकी वजह से उन्हें भारत में अवैध एंट्री के आरोप में हिरासत में लिया जा रहा है।

**अवैध रूप से भारत में एंट्री पर 2 से 8 साल जेल की सजा :** दूतावास ने बताया कि नेपाल और भारत के नागरिक अपने आइडेंटिटी कार्ड के साथ दोनों देशों की बॉर्डर में आ जा सकते सकते हैं, लेकिन यह नियम विदेशी नागरिकों पर लागू नहीं होता। विदेशियों को नेपाल के रास्ते भारत में एंट्री के लिए वीजा जरूरी है। दूतावास ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में अवैध तरीके से भारत में बॉर्डर पार करने पर गिरफ्तारी या मुकदमा हो सकता है। इसके लिए 2 से 8 साल जेल या जुर्माना हो सकता है, और जमानत का कोई विकल्प नहीं है।

## साली का सिर काटकर मंदिर पहुंचा, लगाया जयकारा रात को झगड़े में मर्डर किया था

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में एक व्यक्ति अपनी साली का कटा हुआ सिर



लेकर इलाके में घूमते दिखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में आरोपी के दाएं हाथ में एक धारदार हथियार और बाएं हाथ में कटा हुआ सिर दिख रहा है। वह एक मंदिर के सामने जयकारा भी लगता है। पुलिस के सीनियर अधिकारी ने बताया- घटना बसंती थाना क्षेत्र के भरतगढ़ गांव की है। आरोपी का शुक्रवार रात को साली से झगड़ा हुआ। गुस्से में आकर उसने धारदार दरांती से साली का सिर धड़ से अलग कर दिया।

**फोरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची :** पुलिस के कहा- हम घटना की जांच कर रहे हैं। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भेजी गई है। महिला का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या में इस्तेमाल हथियार भी आरोपी के पास से जब्त कर लिया गया है।

### पाकिस्तान-तालिबान में सीमा विवाद को लेकर भिड़ंत

## ढाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश, पाक का चेकपोस्ट उड़ाया

**काबुल/इस्लामाबाद । एजेंसी**

अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गया। इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही बिगड़े पाक-अफगान रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है।

### तालिबान ने आत्मघाती दस्ता और पाकिस्तान ने फ्रंटियर कोर तैनात की

अफगानिस्तान और तालिबान दोनों ने अब सैन्य तैयारियों को तेज कर दिया है। तालिबान ने कंधार की 205वीं कोर को तैनात किया है, जिसमें 50 आत्मघाती हमलावरों का दस्ता भी शामिल है। ये दस्ते पाकिस्तानी बलों पर हमले के लिए तैयार हैं, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई है। पाकिस्तान ने भी तालिबान के टक्कर देने के लिए अपनी सीमा पर फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान को मजबूत किया।

## ट्रंप ने मस्क को सौंपी व्हाइट हाउस की चाबी डीओजीई ऑफिस में लग जाएगा ताला?

**न्यूयॉर्क ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 मई को एलन मस्क को व्हाइट हाउस की औपचारिक चाबी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, ट्रंप ने मस्क को तथाकथित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के अंत को चिह्नित करने के लिए देश की ओर से एक प्रस्तुति के रूप में एक चाबी प्रदान की। उपहार प्राप्त करने के बाद मस्क ने कहा यह डीओजीईका अंत नहीं है, बल्कि वास्तव में शुरुआत है। एक विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा कार्यकाल अनिवार्य रूप से समाप्त होना ही था। उन्होंने कहा कि लेकिन डीओजीई टीम समय के साथ और मजबूत होती जाएगी।

## सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत



**खार्तूम (आईएएनएस)**

सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है।

मंत्रालय ने कहा, "शुक्रवार को मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।" मंत्रालय ने आगे कहा, "बुधवार को मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर गुरुवार को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है।

## सोनीपत कोर्ट में पेश नहीं हो सके केजरीवाल

- दिल्ली से वकील भी नहीं पहुंचे, अक्टूबर में होगी सुनवाई, यमुना के पानी को लेकर की थी टिप्पणी

**सोनीपत ।** यमुना नदी में जहर मिलाने के हरियाणा सरकार पर आरोप मामले में केजरीवाल की तरफ से दिल्ली का कोई भी वकील नहीं पहुंचा। हालांकि आम आदमी पार्टी की तरफ से स्थानीय वकील पेश हुआ।



हरियाणा सरकार स्टेट की तरफ से भुवेश मलिक द्वारा रिप्लाई फाइल करना था। आज रिप्लाई फाइल नहीं किया गया है और कोर्ट के सामने सरकारी वकील भुवेश द्वारा अगली तारीख की रिक्वेस्ट की गई। जिसके चलते अगली सुनवाई 9 अक्टूबर 2025 को होगी। वहीं, सीजीएम नेहा गोयल की कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की तरफ से पिछली तारीख पर दिल्ली से आए उनके वकील के द्वारा ऑब्जेक्शन एप्लिकेशन लगाई गई थी।

### ब्राजील में प्रवासियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफ की

## 'हमें भारतीय होने पर गर्व है'

- नेताओं के आने से भारत का आतंकवाद विरोधी रुख सामने आएगा
- प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में विश्वास बढ़ेगा



**ब्रासीलिया (आईएएनएस)**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ब्राजील की यात्रा पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसका उद्देश्य 'ऑपरेशन सिंदूर' के महत्व को समझाना और आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहिष्णुता के संदेश को मजबूत करना है। ब्राजील में रहने वाले भारतीय प्रवासी प्रतिनिधिमंडल की आगामी यात्रा का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। सांसदों का प्रतिनिधिमंडल फिलहाल कोलंबिया में है। इससे पहले वे न्यूयॉर्क, पनामा और गुयाना का दौरा कर चुके हैं। वे पहले ब्राजील और उसके बाद अगले सप्ताह अपना अभियान जारी रखते हुए वाशिंगटन जाएंगे।

ब्राजील में भारतीय समुदाय प्रतिनिधिमंडल के आने की प्रतीक्षा कर रहा है। उत्तराखंड के मूल निवासी राहुल घनसोला ने भारत की आतंकवाद विरोधी कड़ी प्रतिक्रिया पर गर्व व्यक्त किया। "हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। हमें खुद को भारतीय कहने पर गर्व है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है। हमारे सशस्त्र बल अधिक मजबूत और सुसज्जित हो गए हैं।

इस यात्रा के भावनात्मक और प्रतीकात्मक महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा, "सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा से हमें खुशी है। नेता आएंगे और भारत के आतंकवाद विरोधी रुख को लोगों के सामने रखेंगे। इससे हमें गर्व महसूस हो रहा है।

प्रवासी समुदाय के एक अन्य सदस्य अंकित रावत ने कहा, "हमें गर्व है कि हमारी सरकार ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पाकिस्तान हमेशा सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित और सुविधाजनक बनाता है।

## घोटालों पर शिकंजा! कर्नाटक में लोकायुक्त की ताबड़तोड़ छापेमारी

**बेंगलुरू (हि.स.)**

लोकायुक्त अधिकारियों ने शनिवार को कर्नाटक राज्य के विभिन्न जिलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापे मारे। ये छापे कलबुर्गी, धारवाड़, बागलकोट, गडग, हावेरी, बेल्लारी, उडुपी और दावणगेरे सहित कई जिलों में मारे गए और कई सरकारी अधिकारियों के घरों, कार्यालयों और रिश्तेदारों के यहां दस्तावेजों की जांच की गई। गडग जिले में लोकायुक्त एसपी हनमंथराय के नेतृत्व में निर्मिति केंद्र के परियोजना निदेशक गंगाधर शिरोल के घर और कार्यालय समेत छह स्थानों पर छापे मारे गए और परिवार के सदस्यों के घरों की भी जांच की गई। कलबुर्गी जिले में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अमीन मुख्तार के घर पर छापा मारा गया। इस दौरान कई दस्तावेज, 100 करोड़ रुपये की संपत्ति, 25 एकड़ जमीन के अभिलेख, पेट्रोल पंप, क्रशर मशीन के लाइसेंस आदि मिले।

## अभिनेता और दोनों रूप में सफल रहे परेश रावल...




परेश रावल कभी बाबू भैया बनकर दर्शकों को हंसाते हैं, तो कभी कांजी भाई बनकर सीरियस किरदार से दर्शकों का दिल जीतते हैं। परेश रावल का एक्टिंग करियर अलग-अलग किरदारों के मिजाज के रोल से भरा पड़ा है। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर अभिनेता परेश रावल के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

मुंबई में 30 मई 1955 को परेश रावल का जन्म हुआ था। फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले वह बैंक ऑफ बड़ौदा में नौकरी किया करते थे। फिर साल 1987 में उन्होंने स्वरुप संपत से शादी की थी, जोकि मिस इंडिया रह चुकी हैं। शादी से पहले परेश और स्वरुप ने एक-दूसरे को 12 साल तक डेट किया था। कपल के दो बेटे आदित्य और अनिरुद्ध हैं। वहीं, फिल्मों के अलावा परेश रावल ने छोटे परदे पर भी अपने शानदार काम की छाप छोड़ी है। अभिनेता ने 'लागी तुझसे लगन' और 'तीन बहू रानियां' जैसे टीवी शो में काम किया है।

**फिल्मी करियर**

अभिनेता ने साल 2014 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर अहमदाबाद पूर्व सीट से चुनाव जीता था। परेश रावल ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत गुजराती फिल्म 'नसीब नी बलिहारी' से की थी। जोकि साल 1982 में रिलीज हुई थी। साल 1984 में परेश रावल ने फिल्म 'होली' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हिंदी और गुजरात के अलावा परेश रावल ने मराठी और तेलुगू फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग का लोह मनवा चुके हैं। बता दें कि परेश रावल को शानदार और दमदार एक्टिंग के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं।




# इंटर साइंस में 58720 प्रथम व 19381 छात्र द्वितीय श्रेणी से पास

## रांची जिले में 5583 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के इंटर साइंस के रिजल्ट में राज्य के कुल 99 हजार 218 छात्र-छात्राओं में से 58720 प्रथम श्रेणी से और 19381 छात्र-छात्रा द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। रांची जिले से कुल 9429 छात्र-छात्रओं ने परीक्षा दी थी। इसमें से 5583 प्रथम श्रेणी से, जबकि 1550 द्वितीय श्रेणी से पास हुए।

अन्य जिलों में गुमला में कुल 1115 में से प्रथम 659 और द्वितीय 256, लोहरदगा कुल 648 में से प्रथम 336 और द्वितीय 126, सिमडेगा में 451 में से प्रथम 212 और द्वितीय 132, खूंटी में 447 में से 140 प्रथम और 130 द्वितीय, हजारीबाग में 9025 में से 6561 और 1059, गिरिडीह में 7982 में से 5595 और 981, धनबाद में 6770 में से 3673 और 1566, चतरा में 2826 में से 1664 और 558, बोकारो 5037 में से 3125 और 736, कोडरमा 2581 में से 1919 और 318, रामगढ 2649 में से 1569 और 503, पलामू 20325 में से 13118 और 4208, गढवा 4629 में से 1807 और 1427, लातेहार 1050 में से 819 और 100, दुमका 2776 में से 1227 और 553, देवघर 3686 में से 1914 और 1027, साहेबगंज 2439 में से 1258 और 442, पाकुड 1039 में से 534 और 245, गोडडा 4466 में से 2446 और 957, जामताडा 1258 में से 741 और 289, पूर्वी सिंहभूम 4852 में से 2123 और 1281, पश्चिमी सिंहभूम 1461 में से 723 और 390, सरायकेला-खरसावां 2269 में से 974 छात्र-छात्रा प्रथम तथा 549 छात्र-छात्रा द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं।

### कॉमर्स में रांची जिले में 3511 प्रथम व 1441 द्वितीय श्रेणी में पास हुए




रांची जिले में कुल 5389 छात्र-छात्राओं में से 3511 प्रथम और 1441 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। वहीं अन्य जिलों में गुमला में कुल 653 में से प्रथम 400 और द्वितीय 196, लोहरदगा में 306 में से 214 और 86, सिमडेगा में 565 में से 418 और 132, खूंटी में 405 में से 154 और 185, हजारीबाग में 1096 में से 773 और 240, गिरिडीह में 704 में से 434 और 217, धनबाद 2576 में से 1421 और 977, चतरा 167 में से 102 और 54, बोकारो में 1558 में से 962 और 487, कोडरमा में 433 में से 284 और 130, रामगढ 516 में से 317 और 148, पलामू में 552 में से 369 और 136, गढवा 207 में से 90 और 87, लातेहार 171 में से 160 और नौ, दुमका 286 में से 138 और 102, देवघर 458 में से 203 और 181, साहेबगंज 146 में से 76 और 52, पाकुड 136 में से 91 और 39, गोडडा 167 में से 83 और 54, जामताडा 44 में से 37 और पांच, पूर्वी हसंहभूम 3559 में से 1683 और 1432, पश्चिमी सिंहभूम 1234 में से 574 और 523 तथा सरायकेला-खरसावां के 776 छात्र-छात्राओं में से 335 प्रथम और 321 छात्र-छात्रा द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं।

# होमियोपैथिक चिकित्सकों की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

- **आजसू नेता संजय मेहता ने आयुष मंत्रालय से की थी शिकायत**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, परसपानी, गोड्डा के छात्रों का पंजीकरण नहीं किया जा रहा था। बीएचएमएस की डिग्री एवं इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद भी आयुष चिकित्सकों का पंजीकरण नहीं हो पा रहा था। चिकित्सक कॉलेज, विश्वविद्यालय और रजिस्ट्रार के कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान थे। चिकित्सकों ने इसकी शिकायत आजसू के नेता एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता से की। संजय मेहता ने पूरे विषय की जानकारी प्राप्त करते हुए समस्या से आयुष मंत्रालय भारत सरकार को अवगत कराया। छात्रों ने संजय मेहता को बताया कि वे पंजीकरण की सभी अर्हता को पूर्ण करते हैं। पंजीकरण नहीं होने से वे न तो वे प्रैक्टिस कर पा रहे हैं, और न ही नियुक्ति प्रक्रिया में आवेदन कर पा रहे हैं।



संजय मेहता द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखने के बाद मंत्रालय ने आवेदन को होमियोपैथिक आचार एवं पंजीकरण बोर्ड, राष्ट्रीय होमियोपैथिक आयोग को भेज दिया। आयोग ने कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकार को पत्र लिखा। संजय मेहता के इस शिकायत का व्यापक असर हुआ। राष्ट्रीय होमियोपैथिक आयोग ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर चिकित्सकों के समस्या के समाधान के लिए कहा है। इसके बाद स्वयं झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार ने चिकित्सकों को फोन कर कहा है कि आप सभी चिकित्सकों का पंजीकरण कर दिया जाएगा। संजय मेहता ने रजिस्ट्रार से वार्ता कर इस समस्या का समाधान जल्द करने को कहा। रजिस्ट्रार ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही चिकित्सकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। समस्या का समाधान होने पर चिकित्सकों ने संजय मेहता के प्रति आभार जताया है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड के हर विभाग में लेट लतीफी है। आसानी से किसी कार्यालय में काम नहीं किया जाता। सभी दस्तावेजों को पूर्ण करने के बाद भी लोगों का जायज काम नहीं हो पाता है। सरकार आकंठ करप्शन में डूबी है। इसके कारण आमलोगों को काफी परेशानी होती है। सरकार को गुड गवर्नेंस पर ध्यान देने की जरूरत है।

# मिक्सर मशीन वाहन ने स्कूटी में मारी टक्कर, दो घायल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र चौक के पास सीमेंट मिक्सर वहां ने स्कूटी चालक को रौंदा जिसमें की स्कूटी महिला चालक बुरी तरह से घायल हो गई। घटना के बाद मौके से मिक्सर वाहन चालक फरार हो गया। वहीं, खलासी को पकड़ा गया। मौके पर पुलिस ने पहुंच मामले की जांच की और मिक्सर वाहन को जप्त किया। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है। खबर लिखे जाने तक स्कूटी चालक महिला इलाजरत थी।

# विनय चौबे और गजेंद्र सिंह न्यायिक हिरासत में भेजे गए

- **रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में किए गए पेश, शराब घोटाले का है मामला**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में एसीबी कोर्ट पहुंची है। निलंबित वरीय आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और निलंबित उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को शनिवार को विशेष कोर्ट में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि दो दिनों की रिमांड अवधि में विनय चौबे से एक दिन, जबकि गजेंद्र सिंह से दो दिनों तक पूछताछ की गई। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान एसीबी ने रिमांड की मांग नहीं की। कोर्ट में पेशी के बाद विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह दोनों को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेजा गया। ज्ञात हो कि विनय चौबे और गजेंद्र सिंह ने एसीबी की गिरफ्तारी को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। क्रिमिनल रिट याचिका में गिरफ्तारी की प्रक्रिया को अवैध बताया है। विनय चौबे की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी से पहले तय कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ।



### 38 करोड़ से अधिक के नुकसान का है मामला

एसीबी ने 20 मई 2025 को विनय चौबे व तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। दोनों पर आरोप है कि दो निजी कंपनियों ने फर्जी बैंक गारंटी देकर सरकार को 38 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाया। इस मामले की शुरुआत छत्तीसगढ़ में दर्ज एफआईआर से हुई थी।

# सेवानिवृत्ति जीवन की एक नई शुरुआत है : सीएमडी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में शनिवार को एक भव्य 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इसमें मई, 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 85 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत सात कर्मियों को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त कर्मियों में सिविल विभाग से आलोक चंद्र महाराणा, महाप्रबंधक (सिविल), प्रणाली विभाग से सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (प्रणाली), गांधीनगर अस्पताल से डॉ कुमार अजय सिंह, सीएमओ, सतर्कता विभाग से सत्येंद्र कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), गांधीनगर अस्पताल से डॉ सुनीता सुमन, डिप्टी सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल से रेखा खलखो, मेट्रोन एवं चिकित्सा विभाग से जयमाला देवी, वरीय लिपिक शामिल हैं। समारोह में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) शंकर नागाचारी, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की। मुख्य अतिथि सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।




## एक नजर

### आज एक्वा वर्ल्ड में राजस्थानी संडे

**रांची।** राजधानी रांची के एक्वा वर्ल्ड (मछली घर) में रविवार (1 जून) को राजस्थान की कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम राजस्थानी संडे का आयोजन होगा। एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम पूरी शाम राजस्थानी थीम पर आयोजित की जाएगी। पारंपरिक राजस्थानी कपड़ों में फैशन शो का भी आयोजन होगा। बच्चे राजस्थानी पोशाक में फैंसी ड्रेस में भी हिस्सा ले सकते हैं। किसी भी प्रतियोगिता के लिए कोई शुल्क नहीं होगा। मुख्य कार्यक्रम शाम 5:30 बजे से शुरू होगा। इसके अतिरिक्त, राजस्थानी गीतों पर नृत्य भी पेश किया जाएगा। व्यंजन भी इस शाम को पूरे तरीके से राजस्थानी ही होंगे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन दीपांजलि ग्रुप के विपुल नायक और डीजे कर रहे हैं।

### डीटीओ ने किया राजधानी में चलने वाले सभी प्रकार के ऑटो की चेकिंग

**रांची।** रांची डीटीओ और पुलिस के द्वारा राजधानी में चलने वाले सभी प्रकार के ऑटो की जांच शनिवार को गई। डीटीओ अखिलेश ने बताया कि ये रूटीन चेकिंग है जिसमें सभी ऑटो चालकों के वाहनों के कागज चेक कर कमी पाने पर उन्हें हिदायत दी जाती है कर फाइन किया जाता है। वहीं शनिवार को चेकिंग के दौरान कई वाहनों पर फाइन किया गया और कागजी तौर पर उन्हें अपने वाहनों को फिट रखने की हिदायत दी गई।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर साधा निशाना, कहा

# सरकार आदिवासियों को खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है

- **बिना ग्रामसभा की सहमति के एक इंच भी जमीन नहीं देने देंगे**
- **सरकार चला रही है जमीन हथियाओ अभियान।**
- **खेती-बाड़ी की जमीन उजाड़कर विकास नहीं, विनाश हो रहा है**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को कांके के नगडी में आदिवासी किसान रैयतों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। यहां के आदिवासी रैयत और किसान अपनी उपजाऊ खेतिहर जमीन पर निर्माण परियोजनाओं का विरोध कर रहे है। बाबूलाल मरांडी ने इस निर्माण कार्य को झारखंड के विकास की आड़ में विनाश करार दिया है और कहा कि यहां जो लोग वर्षों से खेती-बाड़ी कर अपनी आजीविका चला रहे हैं, उन्हें आखिर क्यों उजाड़ा जा रहा है? इन किसानों ने कौन सा अपराध किया है, जो उनकी उपजाऊ जमीन छीनी जा रही है?

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यदि अस्पताल ही बनाना चाहती है, तो रांची के चारों ओर बंजर भूमि की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें नहीं मिल रही है, तो हम खोजने को तैयार हैं। इस क्षेत्र में एक ओर 202 एकड़, दूसरी ओर 25 एकड़ जमीन है। सरकार को सोचना चाहिए कि क्या ये सही निर्णय है? उपजाऊ जमीन को बर्बाद करके अस्पताल बनाएंगे, तो ये विकास नहीं, झारखंड का विनाश है। मुख्यमंत्री से मेरी अपील है कि वे एक बार यहां आकर देखें कि वास्तव में क्या हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि इससे पहले भी लॉ यूनिवर्सिटी के निर्माण के समय ऐसे ही खेती की ज़मीन ली गई थी और तब भी स्थानीय लोग विरोध में धरने पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी इस जमीन पर आ चुका हूं, लेकिन तब स्पष्ट नहीं था कि कौन सी जगह छोड़ी गई है। अब स्पष्ट दिख रहा है कि सरकार की वक्र दृष्टि फिर से इस ज़मीन पर पड़ गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सरकार को विकास के नाम पर आदिवासी किसानों की आजीविका नहीं छीननी चाहिए। झारखंड की आत्मा उसकी मिट्टी, खेत और किसान हैं और इनके विनाश से राज्य का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। मरांडी ने इस पूरे घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए इसे आदिवासी अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया है।

नेता प्रतिपक्ष ने नगड़ी के रैयतों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को न केवल सुना, बल्कि सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है, आदिवासी के पास जीविकोपार्जन चलाने के लिए अपनी खेती बाड़ी के अलावा और कोई साधन नहीं है। ग्रामसभा की अनुमति के बिना किसी की भी जमीन को अधिग्रहण करना गैरकानूनी है। संविधान के अनुसार आदिवासियों को उनकी जमीन पर अधिकार है और भाजपा उनके साथ खड़ी है। पुलिस बल लगाकर आदिवासियों की ज़मीन छीनने की इजाज़त किसी को नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि यह सरकार झारखंड को बेचने पर तुली हुई है।



### यह लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नगड़ी के रैयतों की ज़मीन पहले कभी एक्वायर नहीं हुई थी और न ही कोई कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई है। ग्रामीणों ने ज़मीन अधिग्रहण की पूरी फाइल दिखाई है। उसमें न कोई अधिसूचना, न मुआवज़ा, न ग्रामसभा की सहमति। ये सब लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। भाजपा यह अन्याय नहीं होने देगी। भाजपा पूरे मामले को विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएगी। हेमंत सरकार के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ जनांदोलन होगा। इस मौके पर अशोक बड़ाईक, बाल्कू उरांव, सहित गांव के सैकड़ो आदिवासी रैयत उपस्थित थे।

## 12वीं जैक बोर्ड का परिणाम

### साइंस

- लातेहार - 88.020 प्रतिशत
- कोडरमा - 86.970 प्रतिशत
- पलामू - 85.790 प्रतिशत
- हजारीबाग - 84.790 प्रतिशत
- गिरिडीह - 82.740 प्रतिशत
- गुमला - 82.650 प्रतिशत
- जामताड़ा - 80.530 प्रतिशत
- देवघर - 80.100 प्रतिशत
- चतरा - 78.800 प्रतिशत
- रामगढ़ - 78.600 प्रतिशत
- धनबाद - 77.990 प्रतिशत
- बोकारो - 77.650 प्रतिशत
- पश्चिमी सिंहभूम - 77.600 प्रतिशत
- गोडडा - 76.750 प्रतिशत
- सिमडेगा - 76.710 प्रतिशत
- रांची - 76.080 प्रतिशत
- पाकुड़ - 76.020 प्रतिशत
- लोहरदगा - 71.960 प्रतिशत
- पूर्वी सिंहभूम - 70.910 प्रतिशत
- साहेबगंज - 70.910 प्रतिशत
- गढ़वा - 70.150 प्रतिशत
- सरायकेला - 68.440 प्रतिशत
- दुमका - 65.020 प्रतिशत
- खूंटी - 60.810 प्रतिशत

### कॉमर्स

- लातेहार - 100 प्रतिशत
- लोहरदगा - 98.690 प्रतिशत
- सिमडेगा - 98.040 प्रतिशत
- जामताड़ा - 97.720 प्रतिशत
- पाकुड़ - 96.290 प्रतिशत
- कोडरमा - 95.610 प्रतिशत
- धनबाद - 94.340 प्रतिशत
- बोकारो - 94.030 प्रतिशत
- चतरा - 94.010 प्रतिशत
- गिरिडीह - 93.290 प्रतिशत
- हजारीबाग - 93.210 प्रतिशत
- रांची - 92.680 प्रतिशत
- पलामू - 92.670 प्रतिशत
- गुमला - 92.300 प्रतिशत
- पश्चिमी सिंहभूम - 91.400 प्रतिशत
- रामगढ़ - 90.660 प्रतिशत
- खूंटी - 90.290 प्रतिशत
- साहेबगंज - 89.580 प्रतिशत
- देवघर - 89.200 प्रतिशत
- पूर्वी सिंहभूम - 87.910 प्रतिशत
- सरायकेला - 87.000 प्रतिशत
- गढ़वा - 86.400 प्रतिशत
- दुमका - 84.910 प्रतिशत
- गोड्डा - 84.660 प्रतिशत

## न्यूज बॉक्स

### मोरहाबादी मंडा टांड़ में लोटन सेवा के साथ मंडा पूजा शुरू



**रांची।** मोरहाबादी के ग्राम मंडा टांड़ में दो दिवसीय सार्वजनिक मंडा पूजा की शुरुआत की गई। पूजा के पहले दिन सोक्ताइन और भोक्ताओं ने लोटन सेवा की। 350 सोक्ताइन और 525 भोक्ताओं ने जमीन पर लेटकर बाबा भोलेनाथ मंदिर की परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा को प्रकट किया। तत्पश्चात सोक्ताइन मोरहाबादी तालाब में जाकर कासा के लोटे में जल भरकर कतारबंद होकर मुख्य मंदिर पहुंची और भोलेनाथ को जल चढ़ाया इसके बाद भोक्ताओं ने लोटन सेवा एवं होड़न सेवा समेत कई अनुष्ठान किए। साथ ही मंदिर परिषद के चारों ओर भोक्ताओं ने लेट रविवार को पूजा के तहत शनिवार फुलखुंदी, पश्चिम बंगाल से आए खोड़हा दलों के द्वारा छवू नृत्य और रविवार को झूलन में सभी भोक्ता सज धज के 30 फीट ऊंचे झूले में से झूलकर आस्था के फूल बरसाएंगे। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी के ग्राम मंडा टांड़ में मंडा पूजा हर साल मई में किया जाता है। इसमें दो मौजा सात टोला के भोक्ता प्रवेश करते हैं। भोक्ता दो दिनों तक भगवान शिव की आराधना में लीन रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी गुरु बलराम दास गोस्वामी,पाठ भोक्ता क्रिस लोहरा अध्यक्ष निर्मल पहान, संदीप मिर्धा अन्य के साथ-साथ मोरहाबादी मौजा के सातों टोला के ग्राम वासियों का बहुमूल्य योगदान रहा।

### तंबाकू निषेध दिवस पर संतोष कॉलेज में हुआ नुक्कड़ नाटक



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई ने शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए तंबाकू से दूरी बनाने की भावना को प्रोत्साहित करना था।

## पृष्ठ एक के शेष

**लातेहार एसपी ने डीआईजी से की...**

डाला। इसके अलावा, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध, और जमीन विवादों से उपजे अपराध की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों से भी डीआईजी को अवगत कराया। डीआईजी ने एसपी की ओर से दी गई जानकारी की सराहना करते हुए लातेहार में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कुछ अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खुफिया नेटवर्क को और सशक्त बनाने, सामुदायिक संवाद बढ़ाने, और युवाओं को अपराध व नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाने की सलाह दी। इस शिष्टाचार भेंट को प्रशासनिक समन्वय और सुरक्षा रणनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**साइंस में अंकिता और कॉमर्स...**

पात्र हैं। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री ने कहा कि आज देश शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ चुका है। राज्य गठन के 25 साल हो गए, लेकिन जो शिक्षा व्यवस्था विरासत में मिली थी, वह अपेक्षाकृत कमजोर थी। अब समय आ गया है कि हम एक ऐसी सशक्त और समावेशी शिक्षा प्रणाली विकसित करें, जो राज्य के प्रत्येक छात्र तक पहुंचे। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले समय में झारखंड के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अन्य प्रदेशों में जाने की आवश्यकता न पड़े। राज्य में ही गुणवत्तापूर्ण, तकनीकी, व्यावसायिक, और उच्च शिक्षा की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जैक 12वीं बोर्ड के साइंस और कॉमर्स के रिजल्ट में राज्य भर में लातेहार जिला टॉप पर रहा। कॉमर्स में तो लातेहार का 100 प्रतिशत रिजल्ट रहा। वहीं, साइंस में 88.2 प्रतिशत रिजल्ट रहा। दूसरी ओर, रांची जिला फिसड्डी साबित हुआ। साइंस में रांची 16वें, जबकि कॉमर्स में रांची 12वें स्थान पर रहा। साइंस में रांची के 76.080 प्रतिशत बच्चे सफल रहे, जबकि कॉमर्स में 92.680 प्रतिशत बच्चे पास हुए। साइंस में दूसरे स्थान पर कोडरमा और तीसरे स्थान पर पलामू रहा। कोडरमा का रिजल्ट 86.970 प्रतिशत और पलामू का 85.970 प्रतिशत रहा। कॉमर्स में राज्य भर में दूसरे स्थान पर लोहरदगा जिला रहा। तीसरे स्थान पर सिमडेगा रहा। लोहरदगा का रिजल्ट 98.690 प्रतिशत और सिमडेगा का रिजल्ट 98.040 प्रतिशत रहा। साइंस रिजल्ट में 80.53 फीसदी लड़कियां सफल हुई हैं, जबकि 78.43 फीसदी लड़के सफल हुए हैं। इस वर्ष कुल 98,634 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। इनमें से 78,186 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। साइंस स्ट्रीम का कुल परिणाम 79.26 फीसदी रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.0 फीसदी अधिक है। इस परीक्षा परिणाम में फर्स्ट डिवीजन से 58,720 छात्र पास हुए हैं। सेकंड डिवीजन से 19,383 छात्र, थर्ड डिवीजन से 63 छात्र पास हुए हैं। कॉमर्स संकाय में 22,066 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रथम श्रेणी से 12,829, द्वितीय श्रेणी से 7,234 और तृतीय श्रेणी 222 छात्र पास हुए। ज्ञात हो कि इस बार इंटर की परीक्षा में कुल तीन लाख 50 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। पिछली बार साइंस का रिजल्ट 71.70 प्रतिशत और कॉमर्स का रिजल्टर 90.60 प्रतिशत हुआ था। जिन विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड में विज्ञान और वाणिज्य की परीक्षा दी है, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं।

**कॉमर्स में चाईबासा जेवियर गर्ल्स कॉलेज की रेशमी झारखंड टॉपर**

**चाईबासा (पश्चिम सिंहभूम)।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के 12वीं बोर्ड में कॉमर्स स्ट्रीम में चाईबासा के संत जेवियर गर्ल्स इंटर कॉलेज की रेशमी कुमारी ने राज्य में टॉप किया है। रेशमी ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जैक 12वीं बोर्ड के साइंस और कॉमर्स का परीक्षा परिणाम शनिवार को आया है। रेशमी आगे चलकर बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) करना चाहती हैं, ताकि वह अपने करियर को और भी ऊंचाई पर ले जा सकें रेशमी की इस सफलता से उसके परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। रेशमी के परिवार में एक बहन और दो भाई हैं। उसकी बहन बीसीए कर रही है, जबकि एक भाई मैट्रिक का छात्र है और छोटा भाई 10वीं में पढ़ाई कर रहा है। रेशमी के पिता राजेश प्रसाद कपड़े की दुकान चलाते हैं और उसी से पूरे परिवार का खर्च चलता है। रेशमी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। रेशमी की इस उपलब्धि पर पूरे इलाके में गर्व का माहौल है।

**साइंस में गोबिंदपुर राजकीय प्लस टू हाई स्कूल की अंकिता झारखंड टॉपर**

**धनबाद।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में धनबाद के गोबिंदपुर राजकीय प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा अंकिता दत्ता ने 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे झारखंड में विज्ञान विषय में पहला स्थान प्राप्त किया है। अंकिता एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं, और मां गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद, अंकिता ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय से यह उपलब्धि हासिल की। अंकिता का सपना एक सफल इंजीनियर बनने का है। उनका कहना है कि वह अपने परिवार को एक बेहतर जीवन देना चाहती हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने परीक्षा की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया का सही उपयोग करते हुए अपनी पढ़ाई में फोकस बनाए रखा। अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा, मेरे शिक्षक हमेशा मेरा उत्साह बढ़ाते रहे, जिससे मैं इस मुकाम तक पहुंच पाई। मेरे माता-पिता ने भी मुझे हमेशा प्रेरित किया।

### रक्षा राज्य मंत्री ने किया जगन्नाथ मंदिर परिसर के सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास


**रांची।** राजधानी रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य 2 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड से किया जाएगा। इसकी जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को दी। मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास करने के बाद उन्होंने कहा कि पुरी के जगन्नाथ कॉरिडोर की तर्ज पर इस मंदिर परिसर का भी विकास हो, यह मेरा प्रयास है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह क्षेत्र जल्द ही विकसित होगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। यह मंदिर रांची ही नहीं, बल्कि झारखंड का ऐतिहासिक धरोहर है। इसका आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। परिसर का सौंदर्यीकरण इसके महात्म्य को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि जगन्नाथपुर मंदिर के बगल में स्थित तालाब का सुंदरीकरण का कार्य भी डेढ़ करोड़ की लागत से करवाया जाएगा।

## एक ही आईपीएल सीजन में 759 रन, टॉप-5 में पहुंचे साईं सुदर्शन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइंटस के बीच शुक्रवार को चंडीगढ़ में एलिमिनेटर मैच खेला गया, जिसमें मुंबई ने 20 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ मुंबई ने क्वालीफायर-2 में अपनी जगह बना ली है। खिताबी मैच का टिकट हासिल करने के लिए मुंबई 1 जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। जीटी भले ही ये नॉकआउट मैच नहीं जीत सकी, लेकिन उसके सलामी बल्लेबाज साईं सुदर्शन ने दमदार पारी खेलते हुए अपनी चमक बिखेरी। साईं सुदर्शन ने 49 बॉल में 1 छक्के और 10 चौकों की मदद से 80 रन की पारी खेली, जिसके साथ वह किसी एक आईपीएल सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। सुदर्शन आईपीएल-2025 में अब तक 15 मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 54.21 की औसत के साथ 759 रन बनाए हैं। इस दौरान साईं सुदर्शन 1 शतक और 6 अर्धशतक जड़ चुके हैं। आईपीएल के किसी एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज है, जिन्होंने साल 2016 में कुल 16 मैच खेलते हुए 973 रन अपने नाम किए थे।

## कोहली का टेस्ट संन्यास सही फैसला : एबी डिविलियर्स



**मुंबई (आईएएनएस)।** साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स शनिवार को मुंबई स्थित इस्लाम जिमखाना पहुंचे, जहां उन्होंने व्हीलचेयर खिलाड़ी के साथ प्रैक्टिस करने के अलावा उनके साथ मैच भी खेला। इसके साथ ही एबी डिविलियर्स ने खिलाड़ियों को टिप्स भी दिए। 'मिस्टर 360' को अपने बीच पाकर खिलाड़ी काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर एबी डिविलियर्स ने कहा, "व्हीलचेयर पर इन खिलाड़ियों को मुस्कान के साथ क्रिकेट खेलते देखना खूबसूरत है। आशा है कि इन्हें भविष्य में अधिक मौके, बेहतर सुविधाएं और उपकरणों के लिए स्पॉन्सरशिप मिलेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना चुकी है। इस टीम ने 9 साल बाद खिताबी मुकाबले की टिकट कटाई है। आरसीबी ने 29 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-1 में 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी। अब टीम के पास अपना पहला खिताब जीतने का 'गोल्डन चांस' है। एबी डिविलियर्स ने आरसीबी के फाइनल में पहुंचने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा, "मुझे बहुत खुशी है कि आरसीबी फाइनल में है।

### क्वालिफायर-2 के लिए नियम

# बारिश के कारण रद्द हुआ मैच तो कौन सी टीम फाइनल में पहुंचेगी

**एजेंसी । नई दिल्ली**




इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का दूसरा क्वालिफायर मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला 1 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इस मैच में जीतने वाली टीम 3 जून को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। आरसीबी की टीम ने पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की थी। वहीं मुंबई ने एलिमिनेटर में गुजरात को टाइटंस को हराया है। दूसरे क्वालीफायर मैच में बारिश के नियम को समझने से पहले आइए जानते हैं आईपीएल प्लेऑफ के बारे में। बता दें कि लीग स्टेज में टॉप-4 में रहने वाली टीम प्लेऑफ में पहुंचती है। पॉइंट्स टेबल में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम क्वालिफायर-1 में भिड़ती है। इसमें जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाती है जबकि हारने वाली टीम को दूसरा मौका मिलता है। वहीं तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर होता है। इस मैच में जीतने वाली टीम की टक्कर क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम से होती है। वहीं एलिमिनेटर में हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाता है जबकि क्वालिफायर-2 में जो टीम जीत हासिल करती है वह दूसरी फाइनलिस्ट टीम बनती है।

**क्वालिफायर-2 के लिए क्या है बारिश का नियम :** आईपीएल 2025 के क्वालिफायर और एलिमिनेटर के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है। ऐसे में बारिश के कारण अगर मैच बाधित होता है तो एक बड़ी समस्या हो जाएगी। बारिश के कारण लीग स्टेज में अगर कोई मैच बारिश की वजह से रद्द होती थी तो टीमों के बीच अंकों का बंटवारा किया जाता था, लेकिन नॉकआउट स्टेज के लिए नियम कुछ अलग हैं। ऐसे में मुंबई और पंजाब किंग्स के बीच अगर बारिश के कारण मैच रद्द होता है कि कौन सी टीम फाइनल में पहुंचेगी यह जानना जरूरी है।

बता दें कि आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की टीम ने अपने 14 में से 9 मैचों में जीत हासिल कर 19 अंक हासिल किए हैं। वहीं उसका रन रेट भी काफी बेहतर है, जबकि मुंबई इंडियंस इस टीम जैसे-तैसे 16 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंची है। ऐसे में अगर बारिश के कारण मैच रद्द होता है तो ऐसी स्थिति में ज्यादा अंक और बेहतर रन रेट के कारण पंजाब किंग्स की टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। हालांकि, इसकी पूरी कोशिश की जाएगी कि किसी भी हाल में मैच का नतीजा निकले।

### फाइनल के लिए मुश्किल भरी पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस दोनों की राह

आईपीएल 2025 का दूसरा क्वालीफायर मैच मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच होगा। एक ओर जहां पंजाब किंग्स की टीम पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हारकर यहां पहुंची है, वहीं मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर मैच में गुजरात टाइटंस को हराया है। अब दोनों टीमों का लक्ष्य इस मुकाबले को जीतकर फाइनल में पहुंचना होगा, जहां मंगलवार को उनका सामना फाइनल मुकाबले में आरसीबी से होगा।

## रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज

### कोहली के बाद 7 हजार रन बनाने वाले दूसरे बैटर



मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को खेले गए आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जायंट्स को हरा दिया। अब मुंबई की टीम 1 जून को पंजाब के साथ क्वालिफायर-2 खेलेगी। इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी। मुंबई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 81 रनों की पारी खेली। रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बने। वे कोहली के बाद 7 हजार रन बनाने वाले लीग के दूसरे बैटर भी बने।


## बायर लीवरकुसेन स्टार जेरेमी फ्रिम्पोंग लिवरपूल में शामिल



**लिवरपूल (आईएएनएस)।** लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 वर्षीय राइट-विंग-बैक ने शुक्रवार को एएक्सए ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। क्लब के आधिकारिक चैनल से बात करते हुए फ्रिम्पोंग ने कहा, "यह काफी आसान रहा। लिवरपूल के प्रशंसकों को मैं अपना सब देने जा रहा हूं, और उम्मीद है कि हम एक साथ जीतेंगे, एक साथ जश्न मनाएंगे, सब कुछ एक साथ करेंगे। फ्रिम्पोंग ने बेयर लीवरकुसेन के 2023-24 के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने साढ़े चार साल के साथ के दौरान 190 मैचों में 30 गोल किए थे और 44 गोलों में सहायता दी थी। जाबी अलोंसो के नेतृत्व में, फ्रिम्पोंग ने क्लब को एक अपराजित बुंडेसलीगा खिताब और डीएफबी-पोकल हासिल करने में मदद की, और उनके उल्लेखनीय 51-गेम अपराजित लकीर ने आखिरकार यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल के साथ अपना समापन किया।


## बंगाल प्रो टी20 में सिलीगुड़ी के साथ आकाश दीप बरकरार

**कोलकाता (आईएएनएस)।** सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने आगामी बंगाल प्रो टी20 लीग सीजन-2 के लिए पुरुष टीम का ऐलान किया है। ये सीजन जून में खेला जाएगा। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप, जिन्होंने सात टेस्ट मैच खेले हैं, उन्हें ड्राफ्ट के बाद सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने मेंस टीम के मार्की खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा है। हाल ही में सर्वोटेक स्पोर्ट्स में मेंटर के रूप में शामिल हुए रिद्धिमान साहा ने कहा, "हमने अनुभवी खिलाड़ियों और होनहार प्रतिभाओं को मिलाकर एक शानदार पुरुष टीम बनाई है। अनुभव और युवाओं का यह मिश्रण हमें एक संतुलित टीम बनाता है, जो किसी भी स्थिति में ढल सकती है और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकती है। उत्तर बंगाल के गौरव और क्रिकेट की भावना को आगे बढ़ाते हुए सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग जिलों का प्रतिनिधित्व करेगी। सीजन 1 में मजबूत नींव रखने के बाद अब फ्रेंचाइजी का टारगेट अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना और इस साल एक कदम आगे बढ़ना है।



# फ्रेंच ओपन: मुसेट्टी ने नए जोश के साथ चौथे दौर में प्रवेश किया, रूण ने पांच सेट में जीत हासिल की

**पेरिस (आईएएनएस)**



इतालवी स्टार लोरेंजो मुसेट्टी ने शुक्रवार को फ्रेंच ओपन में इस साल अपना पहला टेस्ट पास किया, जब उन्होंने एक सेट और ब्रेक डाउन से उबरते हुए मारियानो नवोन को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया और क्ले-कोर्ट मेजर में अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल किया।

मुसेट्टी ने नवोन को 4-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी नवोन से 4-6, 0-2 से पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी को हराया, जो रियो डी जेनेरियो और बुखारेस्ट में क्ले पर टूर-लेवल फाइनल में पहुंच चुके हैं। हालांकि, इस सीजन में 23 वर्षीय मुसेट्टी नए जोश और लचीलेपन के साथ खेल रहे हैं। 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने बैकहैंड विंग से अपनी रेंज ढूंढनी शुरू की और अपने स्लाइस और फोरहैंड का इस्तेमाल करके नवोन को उसके कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला और गर्म परिस्थितियों में पासा पलट दिया। पहले सेट में 19 अनफोर्स्ड एरर करने के बाद, मुसेट्टी ने कमर कसी और अगले तीन सेटों में 31 विनर्स के साथ कोर्ट सुजैन-लेंगलेन पर तीन घंटे और 28 मिनट के बाद चौथे राउंड में प्रवेश किया।

## फ्रेंच ओपन: डामिर जुमहुर को हराकर चौथे दौर पर पहुंचे कार्लोस अल्काराज



**पेरिस, 31 मई (आईएएनएस)।** कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को रौलां गैरो में अपने टाइटल को डिफेंड करने के लिए कड़ी चुनौती का सामना किया। स्पेन के इस खिलाड़ी ने डामिर जुमहुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। 22 वर्षीय टेनिस स्टार ने इस उतार-चढ़ाव भरे मैच को तीन घंटे और 14 मिनट में समाप्त किया। हालांकि 5-4 पर मैच के लिए सर्विस करते समय अल्काराज की सर्विस टूट गई थी, लेकिन उन्होंने तुरंत ही ब्रेक के साथ जवाब दिया और जीत सुनिश्चित करते हुए चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज ने मजबूत शुरुआत की। आक्रामक फोरहैंड के साथ कंट्रोल बनाए रखा। जुमहुर के पास हर सेट में ब्रेक पॉइंट थे और आखिरकार उन्होंने सात मिस के बाद अपना पहला ब्रेक अंक भुनाया। बोस्नियाई खिलाड़ी ने बेसलाइन पर ज्यादा अटैकिंग पोजिशन अपनाई। अल्काराज कई बार निराश दिखे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# करदाताओं की सेवा करना अधिकारियों का कर्तव्य : वित्त मंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि करदाताओं की सेवा करना कर विभाग के अधिकारियों का कर्तव्य है और उन्हें यह कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा, "करदाताओं को सेवा प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। करदाताओं की सेवा करते समय, उनका विश्वास और भरोसा जीतने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बेहद जरूरी है। मुझे विश्वास है कि बोर्ड और क्षेत्रीय संरचनाएं संवेदनशील और उत्तरदायी बनी रहेंगी। उनका यह बयान जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने वाली एक व्यावसायिक इकाई के मामले में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के दिए विस्तृत स्पष्टीकरण के जवाब में दिया गया था।



आवेदक ने आवेदन की प्रक्रिया में देरी की शिकायत की थी। सीबीआईसी ने जवाब के तौर पर मामले के पेंडिंग होने के पीछे विस्तृत स्पष्टीकरण पेश किया। सीबीआईसी ने कारण बताया कि करदाता कंपनी की ओर से साइन करने वाले व्यक्ति के पद को लेकर पूछे गए विशेष सवाल का जवाब न मिलने की वजह से यह देरी हो रही है। लिंक्डइन पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन मुद्दे के बारे में लिखने वाले विनोद गुप्ता के मामले के तथ्य का हवाला देते हुए सीबीआईसी ने एक्स पर कहा, "आवेदन इस सप्ताह 26 मई (सोमवार) को दायर किया गया था।

### जीएसटी रजिस्ट्रेशन विवाद और सीबीआईसी की प्रतिक्रिया

1. **पारदर्शिता और ईमानदारी पर जोर:** सीबीआईसी ने कहा कि करदाताओं का विश्वास जीतने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बेहद जरूरी है।
2. **संवेदनशील और उत्तरदायी बने रहने की उम्मीद:** बोर्ड ने उम्मीद जताई कि क्षेत्रीय जीएसटी संरचनाएं संवेदनशील और उत्तरदायी बनी रहेंगी।
3. **आवेदन में देरी की शिकायत**: एक व्यावसायिक इकाई ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन में देरी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।
4. **सीबीआईसी का विस्तृत स्पष्टीकरण:** सीबीआईसी ने कहा कि आवेदन इस सप्ताह 26 मई (सोमवार) को फाइल किया गया था और यह दिल्ली राज्य जीएसटी के पास भेजा गया था, न कि केंद्रीय जीएसटी के पास।
5. **देरी का कारण:** आवेदन की प्रक्रिया में देरी रेंट एग्रीमेंट पर साइन करने वाले व्यक्ति के पद (designation) की जानकारी न मिलने के कारण हुई।

## भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह का अंत सतर्कता के साथ किया लगातार दिखा कंसोलिडेशन



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह का अंत सतर्कता के साथ किया, जो कंसोलिडेशन का लगातार दूसरा सप्ताह था। विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि वैश्विक व्यापार तनाव और घरेलू नीति विकास को लेकर आशंकाओं के बीच बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा। अमेरिकी टैरिफ को लेकर अनिश्चितताओं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति निर्णय के इंतजार में निवेशकों की प्रतिक्रिया के साथ बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, में पूरे सप्ताह उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जो अंततः लाल निशान में बंद हुए। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार (30 मई) को निफ्टी 24,750.70 और सेंसेक्स 81,451.01 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा, "घरेलू संकेतों के बावजूद वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।


शुरुआत में आरबीआई के रिकॉर्ड लाभांश भुगतान और मानसून के बारे में सकारात्मक अपडेट के बाद आशावाद कायम रहा। ओवरऑल मार्केट कंसोलिडेशन के अनुरूप सेक्टोरल परफॉर्मेंस मिश्रित रहा। रियलिटी सूचकांक ने लगातार तीसरे सप्ताह अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा, जबकि बैंकिंग और एनर्जी सेक्टर भी हरे निशान में बंद हुए। इसके विपरीत, एफएमसीजी, ऑटो और मेटल शेयरों ने खराब प्रदर्शन किया और शीर्ष पिछड़े हुए शेयरों के रूप में उभरे। ब्रॉडर मार्केट में उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी माहौल के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों सूचकांक लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करने में सफल रहे।

## गौतम अदाणी ने पहले महिला एनडीए कैडेट्स के पासआउट बैच की सराहना की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने शनिवार को भारतीय सशस्त्र बलों के इतिहास में पहले 17 महिला एनडीए कैडेट्स के पासआउट बैच की सराहना की। 17 महिला कैडेट्स के पहले बैच ने शुक्रवार को एनडीए के 148वें कोर्स से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। पुणे में पासिंग आउट परेड के दौरान, उन्होंने 300 से अधिक पुरुष कैडेट्स के साथ मार्च किया। इस पहल की सराहना करते हुए, अदाणी समूह के चेयरमैन ने इसे एक राष्ट्र का संकल्प माना और कहा कि वे जो संदेश साझा करते हैं, वह समय से परे सदाबहार है। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "संकल्प, सिद्धांत, संभावना। सभी पहली महिला एनडीए कैडेट्स को बधाई, क्योंकि वे आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, "वे न केवल अपने सपने लेकर आगे बढ़ रही हैं, बल्कि देश का संकल्प भी साथ लेकर चल रही हैं।

रास्ता नया है। संदेश की प्रासंगिकता और महत्व समय के साथ नहीं बदलते हैं। जय हिंद। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद महिला कैडेट्स 2022 में एनडीए में शामिल हुईं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में महिलाओं को त्रि-सेवा अकादमी में प्रवेश लेने की अनुमति दी गई थी।



## 2025 के पहले 5 महीनों में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से राजस्व में 17% का उछाल

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 2025 के पहले पांच महीनों में बजट कैटेगरी के तहत प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह जानकारी शनिवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। महाराष्ट्र राज्य राजस्व विभाग के अनुसार, इस वर्ष जनवरी-मई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन और मुंबई में कुल रजिस्ट्रेशन से एकत्रित राजस्व रिकॉर्ड हाई रहा। एनारॉक ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (आईजीआर), महाराष्ट्र के डेटा एनालिसिस से पता चलता है कि 2025 के पहले पांच महीनों में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से एकत्र कुल राजस्व लगभग 5,695 करोड़ रुपए था। यह पिछले साल की इसी अवधि जनवरी-मई 2024 की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है, जब एकत्र राजस्व लगभग 4,860 करोड़ रुपए रिकॉर्ड किया गया था। 2025 के पांच महीनों में शहर में 64,461 प्रॉपर्टी रजिस्टर की गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 60,818 प्रॉपर्टी रजिस्टर हुई थीं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि है।

## मजबूत जीडीपी वृद्धि के बीच एफआईआई भारत में अपना निवेश जारी रखेंगे : विश्लेषक

**मुंबई (आईएएनएस)।** विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में उम्मीद से बेहतर जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रही, जो इस बात का संकेत है कि विकास में तेजी आ रही है। इससे वित्त वर्ष 2026 में कॉर्पोरेट आय में सुधार हो सकता है और विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारत में अपना निवेश जारी रख सकते हैं। भारत में अप्रैल में शुरू हुआ एफआईआई की रणनीति में बदलाव मई में भी जारी रहा। इस साल के पहले तीन महीनों में एफआईआई भारत में लगातार बिकवाली कर रहे थे। जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए के साथ बड़ी बिकवाली शुरू हुई, जब जनवरी के मध्य में डॉलर इंडेक्स 111 पर पहुंच गया। इसके बाद बिकवाली की तीव्रता में कमी आई। अप्रैल में एफआईआई ने 4,243 करोड़ रुपए की खरीद के साथ खरीदारी का रुख अपनाया।

## एशिया प्रशांत 'सोलर फोटोवोल्टिक' के लिए सबसे बड़ा बाजार, भारत एक उज्ज्वल स्थान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एशिया प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र 2024 में सोलर फोटोवोल्टिक (पीवी) के लिए 1.18 टेरावाट और विंड इंस्टॉल्ड कैपेसिटी के लिए 0.67 टेरावाट के साथ सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरा है। सोलर पीवी सिस्टम नए निवेशों की अगुआई करने के लिए तैयार हैं, जो ऑनशोर और ऑफशोर दोनों विंड सेक्टर से आगे निकल रहे हैं। एक प्रमुख डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडाटा के अनुसार, सोलर पीवी ने 2024 में 329.1 बिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त किया। इसके विपरीत, ऑनशोर विंड इंवेस्टमेंट 151.2 बिलियन डॉलर था, जबकि ऑफशोर विंड इंवेस्टमेंट 2024 के अंत तक 69.6 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। ग्लोबलडाटा के पावर एनालिस्ट रेहान शिलेदार ने कहा, "2030 तक ऑनशोर विंड सेक्टर के 186.9 बिलियन डॉलर और ऑफशोर विंड सेक्टर के 150.4 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।